जबलपुर
गुरूवार, 17 अप्रैल 2025
■ वैशाख मास कृष्ण पक्ष-5
■ वर्ष : 19, अंक : 340
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00*

मौसम
अधि. 37
न्यून. 23

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

और बढ़ सकते हैं दाम

## सोने ने लगाई तूफानी छलांग पहली बार 94 हजार रु. के पार



**नई दिल्ली।** सोने के दाम ने 16 अप्रैल को नया ऑल टाइम हाई बनाया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,477 बढ़कर 94,579 पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 93,102 थी।

यह प्रयोग महाराष्ट्र की मनमाड-सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12110) में किया गया

# एटीएम ऑन व्हील्स... भारत में 'पहली बार' ट्रायल के तौर पर ट्रेन में लगाई गई एटीएम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अच्छी खबर

भारतीय रेलवे ने ट्रेनों में ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) लगाकर सफल परीक्षण किया है। जो अपने आप में सबसे बड़ी पहल है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका वीडियो भी साझा किया है। जिसमें एटीएम को ट्रेन में कहां लगाया गया है, इसे समझाया गया है। इस खास पहल का मकसद जनता को ट्रेन के सफर के दौरान भी पैसे निकालने की सुविधा देना है। इस तरह का पहला प्रयोग महाराष्ट्र की मनमाड-सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12110) में किया गया है। इस पहल को – एटीएम ऑन व्हील्स - नाम दिया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस एटीएम की वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर शेयर की है, जो खूब चर्चा में है। यह पहल रेलवे बोर्ड के उस निर्देश का हिस्सा है जिसमें कहा गया था कि यानि किराए के अलावा कमाई बढ़ाने के लिए नई और नई सोच के तरीके अपनाए जाएं। इसी के तहत 25 मार्च 2025 को रेलवे ने सभी संभावित वेंडरों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में चलती ट्रेनों में मोबाइल एटीएम लगाने का विचार रखा गया, जिसे बाद में मंजूरी भी मिल गई।

**25 मार्च 2025 को रेलवे ने सभी संभावित वेंडरों के साथ एक बैठक की। इसमें चलती ट्रेनों में मोबाइल एटीएम लगाने का विचार रखा गया, जिसे बाद में मंजूरी भी मिल गई**

रबर पैड और बोल्ट्स की मदद से एटीएम को ट्रेन में झटकों और कंपन से बचाया गया





### कैसे हुआ ट्रायल?

ट्रेन में एटीएम का का पहला ट्रायल 10 अप्रैल 2025 को मनमाड-सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस में किया गया। ट्रेन के मिनी पैंट्री (छोटे किचन) वाले हिस्से को एटीएम लगाने के लिए तैयार किया गया। रेलवे की मैकेनिकल टीम ने यह काम किया और एटीएम को सुरक्षित रूप से फिट किया। रबर पैड और बोल्ट्स की मदद से एटीएम को ट्रेन के चलने के दौरान लगने वाले झटकों और कंपन से बचाया गया। दो अग्निशमन यंत्र भी उस जगह पर लगाए गए हैं, ताकि सुरक्षा बनी रहे।

### इस पहल का उद्देश्य क्या है?

*ट्रेन में एटीएम लगाने से यात्रियों को कहीं भी आते-जाते पैसे निकालने की सुविधा देना है। इसके अलावा किराए के अलावा रेलवे को अतिरिक्त कमाई का जरिया मिलना और साथ ही रेलवे को और आधुनिक और स्मार्ट बनाना है।*

10 Layer PLASTO GOLD
पीने का पानी रखे सुरक्षित
Call: 9130076922 8956001282

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
मुंबई हैदराबाद
शाम 7.30 बजे से

वक्फ पर 70 याचिकाओं की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, आज दोपहर 2 बजे सुनवाई के बाद आ सकता है कोई अंतरिम आदेश

*सीजेआई खन्ना ने कहा कि 14वीं और 16वीं शताब्दी की मस्जिदें हैं, उनके पास रजिस्ट्रेशन सेल डीड नहीं होगी, ऐसी संपत्तियों को कैसे पंजीकृत करेंगे। उनके पास क्या दस्तावेज होंगे?*

# केंद्र से पूछा क्या वह मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति देने को तैयार ?

सीजेआई ने कहा कि सभी पुराने स्मारक, जामा मस्जिद भी संरक्षित ही रहेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वक्फ संशोधित कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सीजेआई संजीव खन्ना जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने इस मामले में दायर 70 याचिकाओं पर सुनवाई की।

पीठ ने पक्षों से दो बिंदुओं पर विचार करने को कहा। पहला- क्या उसे मामले की सुनवाई करनी चाहिए या इसे हाईकोर्ट को सौंप देना चाहिए और दूसरा- वकील किन बिंदुओं पर बहस करना चाहते हैं? इसके बाद याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट के सामने कानून की खामियां गिनाईं। सरकार ने कानून के पक्ष में दलीलें दीं। कोर्ट ने 'वक्फ बाय यूजर' को लेकर भी सरकार से कठिन सवाल किए। इसके बाद केंद्र ने कोर्ट से मामले की सुनवाई गुरुवार को करने का निवेदन किया। कोर्ट ने दोपहर दो बजे का समय किया।



***वक्फ बाय यूजर को आप रद्द कर देंगे तो समस्या होगी, विवाद ज्यादा लंबा चलेगा***

देशभर में करीब आठ लाख वक्फ संपत्तियां हैं, जिनमें से चार लाख से अधिक संपत्तियां 'वक्फ बाई यूजर' के तौर पर दर्ज




1 केंद्र से पूछा और कहा कि कोई उदाहरण बताएं? क्या तिरुमाला तिरुपति बालाजी मंदिर में गैर-हिंदू हैं?

2 सीजेआई ने वक्फ बोर्ड के सदस्यों को लेकर किए गए बदलावों पर सवाल किया

### कितनी याचिकाएं?

गौरतलब है कि एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी, आप नेता अमानतुल्ला खान, धर्म गुरु मौलाना अरशद मदनी, राजद नेता मनोज झा एवं ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड व जमीयत-ए-उलमा-ए-हिंद समेत कई मुस्लिम संगठनों ने शीर्ष कोर्ट में दो दर्जन याचिकाएं दायर की हैं। कोर्ट में 70 से ज्यादा याचिकाओं के जरिए वक्फ संशोधन कानून को चुनौती दी गई है।

**भाजपा शासित राज्य भी कोर्ट पहुंचे**
केंद्र और भाजपा शासित राज्य- राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व असम सरकारों की ओर से भी याचिकाएं दायर की गई हैं। केंद्र ने शीर्ष अदालत से कोई भी फैसला सुनाने से पहले उनके पक्ष को सुनने का आग्रह किया गया है।

### कोर्ट रूम में क्या हुआ?

⏩ **सिब्बल** : राज्य को यह कैसे तय करना चाहिए कि वह व्यक्ति मुसलमान है या नहीं?

इससे पहले याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर कोई वक्फ स्थापित करना चाहता है तो उसे यह दिखाना होगा कि वह पांच साल से इस्लाम का पालन कर रहा है। राज्य को यह कैसे तय करना चाहिए कि वह व्यक्ति मुसलमान है या नहीं? पहले केवल मुसलमान ही वक्फ परिषद और बोर्ड का हिस्सा होते थे, लेकिन संशोधन के बाद अब हिंदू भी इसका हिस्सा हो सकते हैं। यह संसदीय अधिनियम द्वारा मौलिक अधिकारों का सीधा हनन है।

⏩ **सीजेआई** : वक्फ को पंजीकृत कराएंगे तो ये आपकी मदद करेगा।

⏩ **जस्टिस विश्वनाथन** : कानून में झूठे दावों से बचने के लिए वक्फ डीड का प्रावधान है।

⏩ **सीजेआई** : उच्च न्यायालय को याचिकाओं से निपटने के लिए कहा जा सकता है। जब वे दिल्ली उच्च न्यायालय में थे, तो हमें बताया गया कि यह भूमि वक्फ भूमि है।

⏩ **सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता** : एक संयुक्त संसदीय समिति थी, जिसने 38 बैठकें कीं। इसने कई क्षेत्रों और शहरों का दौरा किया, परामर्श किया और लाखों सुझावों की जांच की। फिर यह दोनों सदनों में गया और फिर कानून पारित किया गया।

### संसद ने मुसलमानों के लिए भी कानून बनाया



**सिब्बल**

⏩ धारा 3(सी) के तहत वक्फ के रूप में पहचानी गई या घोषित की गई सरकारी संपत्ति को अधिनियम के लागू होने के बाद वक्फ नहीं माना जाएगा।


⏩ धारा 3(ए)(2)- वक्फ-अल-औलाद के गठन से महिलाओं को विरासत से वंचित नहीं किया जा सकता। धारा 9 पर नजर डालिए। इसमें कुल 22 सदस्य है जिसमें 10 मुसलमान होंगे।

**सीजेआई**

⏩ अनुच्छेद 26 जो कि धर्मनिरपेक्ष का हवाला देता है जो सभी समुदायों पर लागू होता है। संसद ने मुसलमानों के लिए भी कानून बनाया है। दूसरे प्रावधान को देखिए। क्या इसका मतलब यह है कि पूर्व अधिकारी को छोड़कर केवल दो सदस्य ही मुस्लिम होंगे।


### खबर संक्षेप

#### नीट यूजी: पुराने फॉर्मेट पर होगा नीट एग्जाम




**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2025 परीक्षा में बड़े बदलाव हो सकते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) फिर से पुराने पैटर्न पर नीट यूजी कराने की तैयारी कर रही है। उम्मीदवारों को 180 मिनट के भीतर 180 अनिवार्य प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। नीट यूजी एग्जाम 4 मई 2025 को निर्धारित है और यह 13 क्षेत्रीय भाषाओं में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।

#### संगीत में एआई के दुरुपयोग पर जताई चिंता



**मुंबई।** संगीतकार एआर रहमान का कहना है कि संगीत में एआई के इस्तेमाल के अच्छे और बुरे दोनों पहलू हैं, लेकिन अगर इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो अराजकता फैल जाएगी। वे संगीत में नई तकनीक के इस्तेमाल के खिलाफ नहीं हैं और फिल्म लाल सलाम के एक गीत 'थिमिरी येझुदा' के लिए दिवंगत गायकों की आवाज के लिए एक एआई सॉफ्टवेयर इस्तेमाल किया।

#### 12 भारतीयों को ले जा रहे विमान की आपात लैंडिंग



**काठमांडू।** एक विमान को उसकी 'हाइड्रोलिक' प्रणाली में खराबी आने के बाद आपात स्थिति में काठमांडू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना पड़ा, जिसमें 12 भारतीय भी सवार थे। एयरलाइन के एक अधिकारी ने बताया कि माउंट एवरेस्ट क्षेत्र के प्रवेशद्वार लुक्ला से रामेछाप जा रहे निजी कंपनी 'सीता एयर' के विमान में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद उसे त्रिभुवन हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया।

उज्जैन 'सिंहस्थ-2028' की तारीखों की घोषणा



फाइल फोटो

# 9 अप्रैल से 8 मई के बीच 3 शाही व 7 पर्व स्नान होंगे

सिंहस्थ कुंभ 27 मार्च से 27 मई 2028 तक चलेगा

करीब 14 करोड़ लोगों के आने की संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उज्जैन में शिप्रा नदी के तट पर हर 12 साल बाद एक सिंहस्थ यानी कुंभ मेले का आयोजन होता है। इसका अगला आयोजन साल 2028 में होगा, जहां प्रदेश की मोहन सरकार ने इसकी तैयरियां भी शुरू कर दी हैं।

उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ 2028 की अवधि और मुख्य पर्व की तारीखों का निर्धारण कर लिया गया है।

#### 500 अस्थाई अस्पताल 50 हजार बायो टॉयलेट

कुंभ मेले के दौरान मेला क्षेत्र में प्रतिदिन 16 हजार से ज्यादा सफाईकर्मी स्वच्छता की व्यवस्था संभालेंगे। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 50 हजार बायो टॉयलेट का निर्माण भी किया जाएगा। आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 500 अस्थाई अस्पताल और कैंप लगाने का भी निर्णय लिया गया है। उज्जैन में सड़क और अन्य क्षेत्रों को मिलाकर 11 हजार 220 सफाईकर्मियों की आवश्यकता होगी। कचरा संग्रहण के लिए लगभग 5 हजार सफाईकर्मियों की जरूरत पड़ेगी। कुल मिलाकर 16 हजार 220 सफाई कर्मियों की आवश्यकता सिंहस्थ में होगी।

#### मेला क्षेत्र 6 जोन में बांटा जाएगा

स्वास्थ्य सुविधाओं को सिंहस्थ मेला क्षेत्र के अनुसार 6 जोन में बांटा जाएगा। वहीं, स्वास्थ्य सेवाओं का डिजीटल रिकॉर्ड मेंटेन किया जाएगा। डॉक्टर और पेरामेडिकल स्टॉफ की ट्रेनिंग होगी। इसके साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षाबलों को तैनात किया जाएगा।

पशु प्रेमियों की शिकायत पर एफआईआर

## मुरैना में डॉग व चार पपीज को मार डाला, भिंड में दांत उखाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरैना

मुरैना में मां-बेटे ने फीमेल डॉग और उसके चार पपीज की जान ले ली। वहीं, भिंड में कुछ लोगों ने स्ट्रीट डॉग को बेरहमी से पीटा। प्लास से उसके दांत उखाड़े। दोनों ही घटनाओं के वीडियो भी सामने आए हैं। मुरैना में दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। भिंड में तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर की गई है। वीडियो के आधार पर बाकी लोगों की पहचान की जा रही है। पहली घटना मुरैना के महावीरपुरा में मंगलवार की है। यहां रहने वाली सलमा और उसके बेटे अरमान खान ने तीन पपीज की पीट-पीटकर जान ले ली। मां ने उन्हें डंडे से मारा जबकि बेटे ने पैर से किक मारते हुए धकेला। कोतवाली एसआई शिवम चौहान ने बताया कि पशु की शिकायत पर आरोपी अरमान खान और उसकी मां सलमा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

■ रीवा में एक डायल 100 कुत्ते को रौंदते हुए निकल गई



उधर, 'कुत्ते' को बचाने के फेर में हादसा

## श्योपुर से भोपाल आ रहे नायब तहसीलदार की कार 'पलट' गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भोपाल जा रहे श्योपुर के नायब तहसीलदार शैलेंद्र देव सेंगर की कार बुधवार की सुबह नेशनल हाइवे पर शिवपुरी जिले के बदरवास थाना क्षेत्र में सड़क हादसे का शिकार हो गई। कुत्ते को बचाने के फेर में यह कार असंतुलित होकर पलट गई। इस हादसे में नायब तहसीलदार और पटवारी समेत तीन लोग घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए शिवपुरी जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां से नायब तहसीलदार और पटवारी को रेफर कर दिया गया है। दरअसल, श्योपुर का एक मामला लोकायुक्त भोपाल में चल रहा है। इस मामले में तारीख पेशी करने के लिए नायब तहसीलदार शैलेंद्र सेंगर बुधवार की अल सुबह श्योपुर से भोपाल के लिए रवाना हो गए।

■ नायब तहसीलदार और पटवारी समेत तीन लोग घायल



लोगों की अब तक आंखें नहीं खुली : मध्य प्रदेश का अब तक का 'सबसे बड़ा साइबर फ्रॉड'

मनी लांड्रिंग केस में फंसाने की धमकी दी थी

## रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव रहे 26 दिन तक डिजिटल अरेस्ट, 2 करोड़ 52 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

अलर्ट न्यूज

प्रदेश में ऑनलाइन ठगी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ज्यादातर मामले अब भी डिजिटल अरेस्ट के होते हैं। 26 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रहने के बाद पुलिस अधीक्षक के पास पहुचे ग्वालियर के रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी सुप्रदीप्तानंद ने भी ढाई करोड़ रुपए ठगे जाने की शिकायत की है।

उनके साथ यह ठगी नरेश गोयल मनी लांड्रिंग केस में शामिल पाए जाने के नाम पर की गई। स्वामी सुप्रदीप्तानंद ने पुलिस को बताया कि उन्हें 17 मार्च 2025 को दो अलग-अलग नंबर से कॉल किया गया। वीडियो कॉल में ठग नासिक पुलिस का अफ़सर बनकर बात कर रहा था। पीछे पुलिस का बोर्ड भी लगा हुआ था। आश्रम सचिव को ठगों ने नरेश गोयल मनी लांड्रिंग मामले में शामिल होना बताया। उन्हें डिजिटल अरेस्ट करने की बात कहते हुए उनके बैंक खाते सीज करने की धमकी दी गई। इस प्रकार 26 दिन में करीब ढाई करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए।



ये डिजिटल अरेस्ट नहीं, ऑनलाइन फ्रॉड

एडिशनल एसपी निरंजन शर्मा ने इस मामले में कहा ये ऑनलाइन फ्रॉड है। पुलिस जल्द ही कार्रवाई कर ठगों को दबोच लेगी।

#### कई खातों में ट्रांसफर कराई मोटी रकम

*स्वामी सुप्रदीप्तानंद के मुताबिक़ ठगों द्वारा उन्हें बताया गया था कि उनके नाम से कैनरा बैंक में एक अकाउंट है, जिसके ज़रिए हवाला का 20 करोड़ का लेन-देन हुआ है। जिससे जुड़ी एक पीडीएफ भी उन्हें भेजी गई। साइबर ठगों ने उन्हें पूरी तरह डरा-धमकाकर झांसे में ले लिया। इसके बाद 26 दिन तक अलग अलग बैंक खातों में करीब 2 करोड़ 52 लाख रुपए जमा कराए गए। हालांकि उन्हें आश्वासन दिया गया था कि ये रकम उन्हें 15 अप्रैल तक रिटर्न कर दी जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ तब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ।*

देश की शीर्ष अदालत ने की ऐतिहासिक टिप्पणी, भाषा कोई धर्म नहीं होती, यह संवाद का एक माध्यम

# सुप्रीम कोर्ट का सवाल, साइनबोर्ड पर उर्दू से चिढ़ क्यों? यह तो गंगा जमुनी तहजीब की आधार, इसे 'विदेशी' करार देना सरासर गलत

## अकोला जिले में पातुर नगर परिषद भवन पर उर्दू साइनबोर्ड को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक टिप्पणी में कहा कि उर्दू भाषा भारतीय संस्कृति की आत्मा का हिस्सा है और इसे किसी भी रूप में विदेशी करार देना सरासर गलत है। महाराष्ट्र के अकोला जिले में पातुर नगर परिषद भवन पर उर्दू साइनबोर्ड को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने इसे हिंदुस्तानी तहज़ीब का बेहतरीन नमूना बताया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि भाषा कोई धर्म नहीं होती, न ही वह किसी मज़हब की बपौती है। भाषा तो संस्कृति की वाहक है, संवाद का माध्यम है। अदालत ने कहा कि उर्दू भी भारत की ही उपज है, और यह गंगा-जमुनी तहज़ीब की जीवंत मिसाल है।

**उर्दू की ऐतिहासिक भूमिका रही**

*न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने यह फैसला सुनाया*

अदालत ने कहा कि उर्दू भी भारत की ही उपज है, और यह गंगा-जमुनी तहज़ीब की जीवंत मिसाल है।



### यह था मामला?

पूर्व पार्षद की याचिका में पातुर नगर परिषद भवन के उर्दू साइनबोर्ड को गैरकानूनी बताया गया था। याचिकाकर्ता का तर्क था कि महाराष्ट्र स्थानीय प्राधिकरण (राजभाषा) अधिनियम, 2022 के तहत उर्दू का प्रयोग वर्जित है। लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस दलील को खारिज कर दिया था, और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा है।

### उर्दू कोई विदेशी भाषा नहीं

अदालत ने इस धारणा को बिलकुल गलत बताया कि उर्दू भारत के लिए विदेशी है। उर्दू एक इंडो-आर्यन भाषा है, जो भारत में ही जन्मी और विकसित हुई। यह संवाद की जरूरतों से निकली और फ़ारसी, संस्कृत, हिंदी जैसी भाषाओं से घुलती-मिलती रही। फैसले में यह भी कहा गया कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय 'हिंदुस्तानी' को राष्ट्रीय भाषा बनाने की दिशा में प्रयास हो रहे थे।

### न्यायपालिका की भाषा भी उर्दू से अछूती नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हलफ़नामा, पेशी, वकालतनामा जैसे कई शब्द भारतीय न्याय व्यवस्था में आज भी उर्दू के रूप में जीवित हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर हम उर्दू को नकारते हैं, तो हम हिंदी को भी कमज़ोर करते हैं, क्योंकि दोनों में बहुत गहरा रिश्ता है। कोर्ट ने अपने फैसले में दो टूक कहा कि नगर परिषद के लिए उर्दू का प्रयोग संचार का माध्यम है, न कि कोई राजनीतिक या धार्मिक एजेंडा। हमें अपनी सभी भाषाओं से प्रेम करना चाहिए।

**भाषा से डरो मत उसे गले लगाओ**

अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने बेहद साहित्यिक भाषा में कहा कि भाषा धर्म का प्रतिनिधित्व नहीं करती। वह किसी समुदाय की विरासत होती है, उसकी आत्मा होती है। अदालत ने यह भी कहा कि हमें अपनी विविधता में सौंदर्य देखना चाहिए, क्योंकि भारत की असली पहचान उसकी भाषाई विविधता में ही छिपी है।

## खबर संक्षेप

### बर्क का न्यायिक जांच आयोग में बयान दर्ज



**लखनऊ।** संभल में 24 नवंबर को हुए बवाल के मामले में आरोपी सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क बुधवार को न्यायिक जांच आयोग के सामने बयान दर्ज कराने के लिए लखनऊ पहुंचे। आयोग ने उन्हें और एक विधायक के बेटे को आयोग के लखनऊ स्थित कार्यालय में पेश होने के लिए समन भेजा था। बर्क ने कहा, जवाब देना मेरा कर्तव्य है।

### मणिकर्णिका में रील के चक्कर में बही महिला



**मणिकर्णिका।** उत्तरकाशी के मणिकर्णिका में रील बनाते वक्त एक महिला भागीरथी नदी में बह गई। हादसे के वक्त महिला की मासूम बच्ची 'मम्मी-मम्मी... चिल्लाती रही। अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।14 अप्रैल को मणिकर्णिका में महिला नदी में डूब गई। नेपाली मूल की विशेषता घाट पर गई थी। रील के चक्कर में नदी में डूब गई।

### घर गिराने के बाद नगर निगम ने मांगी माफी



**नागपुर।** सांप्रदायिक हिंसा के आरोपियों की संपत्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हिदायत दी थी कि कोई भी कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया अपनाए बगैर नहीं की जा सकती। मगर नागपुर नगर निगम ने दंगा आरोपी फहीम खान का दो-मंजिला मकान गिरा दिया। नगर निगम ने बॉम्बे हाई कोर्ट की बेंच के सामने माफी मांग ली है।

### त्रिनेत्र गणेश मंदिर में बच्चे को ले गया बाघ



**सवाई माधोपुर।** राजस्थान के सवाई माधोपुर के प्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश मंदिर से एक दर्दनाक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दोपहर 3 बजे दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के बीच हड़कंप मच गया, जब एक बाघ जंगल से निकलकर आया और 6 साल के मासूम को उठाकर ले गया।

जमीन खरीद मामले में दूसरे दिन ईडी के सामने पहुंचे वाड्रा, बोले

# राजनीतिक 'प्रतिशोध' के तहत की जा रही कार्रवाई, सब वक्त का खेल, समय बदलेगा

## उनके और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ साजिश रची जा रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुरुग्राम भूमि सौदे के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को भी रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ की। लगातार दूसरे दिन पूछताछ से पहले जानेमाने कारोबारी ने बुधवार को कहा कि वह इन सबके लिए बहुत मजबूत हैं। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए एक सियासी कार्टून भी पोस्ट किया।इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उनके और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ साजिश रची जा रही है। हमारे खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के तहत कार्रवाई की जा रही है। सब वक्त का खेल है, समय बदलेगा। उन लोगों को भी झेलना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं देश छोड़कर भागने वाला नहीं हूं। मैं सभी सवालों का जवाब दूंगा। मुझे कोई दिक्कत नहीं है, आप जितनी चाहें उतनी एजेंसियों का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जब इसकी जांच हुई तो प्रशासन ने पाया कि कुछ भी गलत नहीं हुआ। खट्टर जी ने मुझे उसी मामले में क्लीन चिट दे दी। मुझे समझ नहीं आ रहा कि 7 साल बाद फिर मुझसे पूछताछ क्यों हो रही है?

गुरुग्राम भूमि सौदे के मामले में बयान दर्ज



**मैं देश छोड़कर भागने वाला नहीं**

### मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं

वाड्रा ने आरोप लगाया कि संघीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैंने पहले जिन सवालों के जवाब दिए हैं, उन सभी के जवाब फिर से देने पड़ रहे हैं। कोई मुद्दा ही नहीं है।

### मैं निर्दोष ,सत्य की जीत होगी

वाड्रा ने कहा कि वह निर्दोष हैं और सत्य की जीत होगी। वाड्रा ने फेसबुक पर पोस्ट किया कि मेरे जन्मदिन के सप्ताह के दौरान की जा रही सेवाएं कुछ दिनों के लिए रोक दी गई है। मैंने बुजुर्गों को भोजन कराने और बच्चों को उपहार देने की जो योजनाएं बनाई हैं, उन्हें मैं तब तक जारी रखूंगा, जब तक कि सरकार मुझे अच्छे काम करने और अल्पसंख्यकों के प्रति उनके अन्यायपूर्ण व्यवहार के बारे में बोलने से नहीं रोकतीष।

### कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजपा का पलटवार

### नेहरू खानदान की जागीर नहीं था नेशनल हेराल्ड, प्रदर्शन क्यों?



कांग्रेस ने देशभर में ईडी के खिलाफ प्रदर्शन किया तो इस पर भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कांग्रेस को धरना देने का अधिकार है, लेकिन जमीन और फंड लूटने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर शेयर हेराफेरी, भ्रष्टाचार और हजारों करोड़ की संपत्ति हथियाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड 1937 में शुरू किया गया था। इसमें 5000 शेयर होल्डर्स थे। इसके शेयर नेहरू खानदान की जागीर कभी नहीं रहे। 2008 में नेशनल हेराल्ड का पब्लिकेशन बंद हो गया। कांग्रेस ने उसे 90 करोड़ रुपए दिए थे। कांग्रेस के पॉलिटिकल पार्टी है। किसी प्राइवेट बॉडी को फंड नहीं दे सकते हैं।

**कांग्रेस ने देशभर में किया प्रदर्शन**

### एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा विरोधियों को दबाया जा रहा




ईडी ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड से जुड़े केस में चार्जशीट दाखिल की है। इसके खिलाफ कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन किया। पार्टी का आरोप है किसरकार राजनीतिक विरोधियों को दबाने ईडी का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस राज्य मुख्यालयों में ईडी कार्यालयों के सामने,राज्यों में जिला स्तर पर केंद्र के कार्यालयों के सामने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसके बाद स्थिति को देखते हुए पुलिस भी वहां पहुंच गई है और कई लोगों को हिरासत में ले लिया है।

**ये बोले कांग्रेस नेता**

### एजेंडा सिर्फ विपक्ष को परेशान करनाः प्रतापगढ़ी

केंद्र के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में अब पार्टी सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि जिस एजेंसी के जरिए लड़ाई को कोर्ट तक ले जाया गया है, उसकी मंशा सिर्फ विपक्ष को परेशान करने की है। गुजरात में सत्र होता है, राहुल गांधी मोडासा पहुंचते हैं और यहां चार्जशीट दाखिल हो जाती है। आप क्रोनोलॉजी समझिए।

**यह राजनीति से प्रेरित मामलाः पायलट**

केंद्र के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेता सचिन पायलट का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि यह राजनीति से प्रेरित मामला है। हमें न्याय व्यवस्था पर भरोसा है। हम कानूनी रूप से इसका मुकाबला करेंगे।

नासिक में धार्मिक स्थल पर बुलडोजर चला

# भीड़ और पुलिस में भिड़ंत 21 घायल, 15 लोग अरेस्ट



एजेंसी ▶▶ नासिक

महाराष्ट्र के नासिक में धार्मिक स्थल पर बुलडोजर कार्रवाई पर बवाल हो गया। धार्मिक स्थल को गिराने पर गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया। इसमें 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए। भीड़ ने तीन पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। आंसू गैस के गोले छोड़े और स्थिति को नियंत्रण में किया। 15 लोगों को हिरासत में लिया है। अन्य की तलाश जारी है।पुलिस ने बताया कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने शहर के काठे गली इलाके में स्थित अनधिकृत सतपीर बाबा दरगाह को हटाने का आदेश दिया था। नासिक के पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक सतपीर दरगाह के ट्रस्टियों ने मंगलवार रात को ढांचे को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। उस्मानिया चौक पर भीड़ जमा हो गई।

### उपद्रवियों के पथराव में कई वाहन क्षतिग्रस्त

पुलिस अधिकारियों ने भी उन्हें शांत करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने उनकी बात भी नहीं मानी। उपद्रवियों ने पथराव किया और कुछ वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। हमले में तीन पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। दरगाह को सुबह ध्वस्त कर दिया गया। संदिग्धों की 57 मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है।

### 50 एनएमसी कर्मियों ने की कार्रवाई

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह नगर निगम ने अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान लगभग 50 एनएमसी कर्मियों ने 4 मिट्टी खोदने वाली मशीनों, 6 ट्रकों और 2 डंपरों से मलबा हटाया। इससे पहले फरवरी में नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी टीम ने दरगाह के निकट कई अनधिकृत संरचनाओं को हटा दिया था। नासिक सेंट्रल की विधायक देवयानी फरांडे ने भी कहा था कि पूरे स्थल को साफ किया जाना चाहिए।

दिल्ली रेल आईजी ने दिया इस्तीफा

# बिहार पहुंचे, मुकेश सहनी की पार्टी से चुनाव लड़ेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे और आनंद मिश्रा के बाद एक और अधिकारी की बिहार की राजनीति पारी में एंट्री हो चुकी है। सीतामढ़ी के मेहसौल आजाद चौक निवासी नूरुल होदा आज सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी की पार्टी में शामिल हुए। सियासी पारी की शुरुआत करने से पहले वह दिल्ली रेलवे के आईजी पद पर थे। कुछ दिन पहले ही उनका इस्तीफा सरकार ने स्वीकार किया है। बुधवार को पटना मौर्या लोक होटल के सभागार में अपने समर्थकों के साथ मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी में शामिल हुए। मुकेश सहनी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। नूरुल होदा सीतामढ़ी जिले के किसी विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। मुकेश सहनी ने कहा कि नूरुल होदा दो माह पहले हमसे मिले थे।



## पंजर वोकवा मेला



**पटना।** बुधवार को पटना में 'पंजर वोकवा' मेले के तहत निकाले गए धार्मिक जुलूस में भाग लेते लोग।

मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ बैठक में बोलीं ममता

# भाजपा समाज को बांट रही, हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे, यहां हिंसा पूर्व नियोजित थी

## वक्फ पर बंगाल के कई शहरों में हिंसा, प्रदर्शन और हमले

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने मौलवियों और मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ बैठक की। यह बैठक वक्फ संशोधन अधिनियम के संबंध में थी। बैठक कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में हुई। ममता ने कहा कि उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति में सभी धर्मों के लोगों ने भूमिका निभाई है, लेकिन भाजपा समाज को बांट रही है।

### भाजपा ने रामनवमी पर हिंसा की योजना बनाई थी



ममता ने कहा कि भाजपा ने रामनवमी के दौरान दंगे कराने की योजना बनाई थी, लेकिन वह विफल रही। मैं लोगों को विभाजित नहीं होने दूंगी। हम भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल करने के बाद उसके लाए गए सभी जनविरोधी विधेयकों को वापस लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी धर्मगुरु लोगों के पास जाएं, एकता का संदेश दें।

**योगी पर की अभद्र टिप्पणी**

बेनर्जी ने वक्फ एक्ट को लेकर इमामों के साथ एक बैठक में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि योगी सबसे बड़ा 'भोगी' है। योगी ने मंगलवार को ममता पर तीखा हमला बोला था।

सैनिटरी कचरा का निपटान देशभर में एक बड़ी चुनौती

# महाराष्ट्र का कराड एक रोल मॉडल के रूप में उभरा और उसने मानक स्थापित किया

## यहां प्रतिदिन लगभग 350 किलोग्राम जमा हो रहा

एजेंसी ▶▶ कराड

महाराष्ट्र के कराड में अस्पतालों, क्लीनिकों, घरों और अन्य स्थानों से प्रतिदिन लगभग 350 किलोग्राम सैनिटरी कचरा जमा किया जाता है। भारत में सैनिटरी कचरे का प्रबंधन बड़ी चुनौती है, इसका अनुचित तरीके से निपटान होने से पर्यावरण और स्वास्थ्य संबंधी खतरे पैदा होते हैं। सतारा जिले का एक छोटा शहर कराड इस मुद्दे से निपटने में एक रोल मॉडल के रूप में उभरा है। सैनिटरी और बायोमेडिकल कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण, संग्रह और प्रसंस्करण के साथ, कराड ने प्रभावी और टिकाऊ कचरा प्रबंधन के लिए एक मानक स्थापित किया है।

### महिलाओं ने भी सहयोग किया



आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर इसके बारे में बताया है। कराड नगर परिषद (केएमसी) ने महिलाओं के साथ मिलकर काम किया, जिससे महिला समूहों का गठन हुआ, जिन्होंने आवासीय क्षेत्रों में उचित सैनिटरी अपशिष्ट निपटान और पृथक्करण के बारे में जागरुकता बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई। स्कूलों को सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन और निपटान प्रणाली स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

होनासा एड कैंपेन को हटाने या बदलाव के लिए हाईकोर्ट पहुंची

# सनस्क्रीन एड पर आपस में ही भिड़ गए 2 बड़े ब्रांड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सनस्क्रीन विज्ञापन को लेकर दो बड़े ब्रांड आमने-सामने हैं। दरअसल, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के सनस्क्रीन एड यानी विज्ञापन में बदलाव के लिए होनासा कंज्यूमर ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले से जुड़े लोगों ने ईटी को बताया कि होनासा ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि एचयूएल का एड कैपेंन अपमानजनक है। इसके साथ ही होनासा ने एड कैंपने को हटाने या बदलाव करने के लिए कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की है। बता दें कि होनासा कंज्यूमर, ब्यूटी एंड पर्सनल केयर ब्रांड मामाअर्थ की पैरेंट कंपनी है।

### हिंदुस्तान यूनिलीवर के एड पर दूसरी कंपनी का एतराज



**'ऑनलाइन बेस्टसेलर' एसपीएफ के बारे में झूठ बोल रहा**

हिंदुस्तान यूनिलीवर के प्रोडक्ट लैक्मे के विज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सनस्क्रीन का एक 'ऑनलाइन बेस्टसेलर' अपने एसपीएफ के बारे में झूठ बोल रहा है और इससे त्वचा पर दाग-धब्बे हो सकते हैं। एसपीएफ से मतलब होता है सन प्रोटेक्शन फैक्टर। होनासा के अधिवक्ता अमित सिब्बल ने हाईकोर्ट में दलीलें पेश कीं और अपमानजनक और झूठे विज्ञापनों से राहत मांगी।

**विज्ञापन प्रकृति में अपमानजनक**

न्यायमूर्ति अमित बंसल की एकल न्यायाधीश पीठ ने कहा कि पहली नजर में विज्ञापन प्रकृति में अपमानजनक थे। हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर को अपनी दलीलें पेश करने की अनुमति दी गई है। होनासा कंज्यूमर ने अगली सुनवाई तक यूनिलीवर को अखबारों, होर्डिंग या सोशल मीडिया में ऐसे विज्ञापन चलाने से रोकने के लिए अदालत से हस्तक्षेप करने की मांग की।

**दिल्ली के कोर्टरूम में विवाद**

### वीडियो वायरल.. जमकर लड़ाई, चले लात-घूंसे

दिल्ली के कोर्टरूम में हुई लड़ाई का एक वीडियो इन दिनों वायरल हो रहा है। दरअसल यह पूरा मामला एसईएम नॉर्थ ईस्ट जिला कोर्ट का है। यहां कोर्टरूम में दो लोगों के बीच झगड़ा हो गया और विवाद इतना बढ़ गया कि हंगामा शुरू हो गया। यह कोर्ट व्यक्तिगत विवादों से जुड़े मामलों की सुनवाई करता है, जैसे साधारण झगड़े से जुड़े केस। सुनवाई के दौरान ही दो लोग आपस में भिड़ गए और नौबत मारपीट तक आ गई। यह पूरा मामला कब का है और किन दो लोगों के बीच लड़ाई हुई है, यह अब तक साफ नहीं हो पाया है। हालांकि संभवतः ऐसा लग रहा है जैसे दो वकीलों के बीच यह लड़ाई हुई है।




13 मई को रिटायर हो रहे सीजेआई खन्ना ने की सिफारिश

# जस्टिस बीआर गवई होंगे 'अगले' मुख्य न्यायाधीश

**जस्टिस गवई का कार्यकाल 6 महीने का ही होगा क्योंकि वे नवंबर 2025 में रिटायर हो रहे हैं**

## जस्टिस गवई को 24 मई 2019 में सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त किया गया था

वे देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश होंगे | 14 मई को सीजेआई पद की शपथ संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के लिए न्यायमूर्ति भूषण आर गवई के नाम की सिफारिश की गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह सिफारिश विधि मंत्रालय को भेज दी है। प्रस्ताव वर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से भेजा गया है। वे 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। परंपरा के अनुसार, वर्तमान सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के रूप में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की सिफारिश करते हैं। जस्टिस गवई वरिष्ठता के क्रम में सबसे आगे हैं, जिसके चलते उनके नाम की सिफारिश की गई है। इससे पहले कानून मंत्रालय ने सीजेआई जस्टिस खन्ना से उनके उत्तराधिकारी का नाम देने की आधिकारिक अपील की थी। जस्टिस गवई के नाम पर अगर मुहर लगती है तो वे देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे 14 मई को सीजेआई पद की शपथ ले सकते हैं। जस्टिस गवई का कार्यकाल हालांकि छह महीने का ही होगा क्योंकि वे नवंबर 2025 में रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस गवई को 24 मई 2019 में सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त किया गया था।




### नोटबंदी, बुलडोजर एक्शन व चुनावी बांड के फैसले के हिस्से रहे

*जस्टिस गवई का जन्म 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ था। जस्टिस गवई के पिता दिवंगत आरएस गवई भी एक मशहूर सामाजिक कार्यकर्ता और बिहार और केरल के पूर्व राज्यपाल रहे। जस्टिस गवई ने अपने वकालत करियर की शुरुआत साल 2003 में बॉम्बे उच्च न्यायालय में बतौर एडिश्नल जज की थी। इसके बाद साल 2005 में वे स्थायी जज नियुक्त हुए। जस्टिस गवई ने 15 वर्षों तक मुंबई, नागपुर, औरंगाबाद और पणजी की पीठ में अपनी सेवाएं दीं। जस्टिस गवई के नाम पर अगर मुहर लगती है तो वे देश के दूसरे अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले मुख्य न्यायाधीश होंगे। उनसे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन साल 2010 में यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। जस्टिस बीआर गवई साल 2016 में नोटबंदी को लेकर दिए गए फैसले का हिस्सा रहे। जिसमें कहा गया था कि सरकार को करेंसी को अवैध घोषित करने का अधिकार है। इसके अलावा जस्टिस गवई बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ दिए आदेश का भी हिस्सा रहे और इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर फैसला देने वाली पीठ का भी हिस्सा रहे।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री के गेट पर गिरे श्रमिक की मौत



**इंदौर।** बाणगंगा इलाके की एक फैक्ट्री में मजदूर की मौत हो गई। परिवार ने इस मामले में लापरवाही का आरोप लगाया है। मंगलवार को पुलिस ने फैक्ट्री से सीसीटीवी जब्त किए। जिसमें फैक्ट्री गेट पर मजदूर खुद गिरता हुआ नजर आ रहा है। पुलिस ने परिवार को फुटेज दिखाने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक का नाम कैलाश पुत्र लच्छू लोधी है।

### तेज रफ्तार कार पलटी पति-पत्नी की मौत



**जबलपुर।** जबलपुर-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार दोपहर सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। एएसपी के मुताबिक मृतक का नाम मनोज कुमार (64) निवासी कटनी, सराफा बजार है। वह पत्नी डाली सिंह के साथ जबलपुर गया था। शवों को पीएम के लिए सिहोरा स्वास्थ केंद्र भिजवा गया और जांच शुरू कर दी है।

### खेत से लौट रही महिला पर तेंदुए का हमला



**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से भटके आदमखोर तेंदुए का आतंक विजयपुर क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है। देर शाम तेंदुए ने खेत में काम कर रही एक महिला पर हमला बोल दिया। धामिनी गांव की निवासी महिला सुनीता पत्नी सुरेंद्र धाकड़ खेत पर ट्रैक्टर-ट्राली का में गेहूं की कटाई के बाद निकला भूसा भर रहे थे। देर शाम महिला पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला से 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को राशि अंतरित कर कहा

# दहेज-मृत्युभोज से बचें, अपने बच्चों को पढ़ाएं-लिखाएं, उन्हें समर्थ बनाएं

**सिंगल क्लिक से 1552.38 करोड़ रुपए किए अंतरित**

**सीएम ने कहा कि राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास में आधी आबादी की पूरी भूमिका हो**

लाड़ली बहना सहित अन्य योजनाओं में मिली 2.5 हजार करोड़ रुपए से अधिक सहायता राशि की सौगात | 56.68 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 340 करोड़, 25 लाख बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 57 करोड़ अंतरित



**मंडला जिले में 232 करोड़ रुपए की लागत वाले 66 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार प्रदेश की 1.27 करोड़ बहनों को 1250 रुपए की लाड़ली बहना योजना की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की। उन्होंने लाड़ली बहनों सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के जरिए 2500 करोड़ से अधिक की सम्मान एवं सहायता राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की राजनीति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े, इसके लिए आने वाले वर्षों में लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का लाभ मिलेगा। निकाय चुनावों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू कर चुकी है।

**भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयनित होने के लिए सुश्री शुचि उपाध्याय का मंच से अभिनंदन**



### मंडला को मिली 232 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की 1.27 करोड़ बहनों को 1552.38 करोड़ रुपए, 56.68 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 340 करोड़ रुपए, उज्ज्वला योजना में पात्र 25 लाख बहनों को 450 रुपए में सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 57 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। सरकार ने अब तक लाड़ली बहनों को 36 हजार 500 करोड़ रुपए से अधिक की सम्मान राशि प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने मंडला के विकास को गति देने के लिए 232 करोड़ रुपए की लागत वाले 66 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया।



### हर ब्लॉक में एक वृंदावन ग्राम बनाया जाएगा

*डॉ. यादव ने मां नर्मदा और रानी दुर्गावती को नमन करते हुए कहा कि मां नर्मदा ने महाकौशल से मालवा और गुजरात तक लोगों को जीवन दिया है। बुंदेलखंड में सिंचाई व्यवस्था के लिए केंद्र सरकार ने एक लाख करोड़ की राशि प्रदान की है। बुंदेलखंड की धरती वीरों की धरती है। केंद्र सरकार के सहयोग से केन-बेतवा, पार्वती-काली सिंध नदी जोड़ो परियोजनाओं का लाभ मध्यप्रदेश के कई जिलों को मिलेगा। हमारी सरकार ने प्रदेश के हर ब्लॉक में एक गांव को वृंदावन ग्राम के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।*

### परिणय सूत्र में बंधे 1100 नवविवाहित दंपतियों को दिया आशीर्वाद

*डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह में परिणय-सूत्र में बंधे 1100 से अधिक नवविवाहित दंपतियों पर पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि नवविवाहित दंपतियों को 49-49 हजार की राशि प्रदान की गई है।*




फर्जी डॉक्टर ने ले ली थी 7 मरीजों की जान

# दमोह के मिशन अस्पताल का लाइसेंस निलंबित, अब 'ताला'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह में सात मरीजों की मौत का आरोप झेल रहे मिशन अस्पताल का लाइसेंस सीएमएचओ ने निलंबित कर दिया। बुधवार को एक पत्र जारी कर मिशन अस्पताल प्रबंधन को इसकी जानकारी दी गई। साथ ही स्पष्ट किया गया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। हालांकि, मिशन अस्पताल की प्रबंधक पुष्पा खरे ने कहा कि अभी तक उन्हें सीएमएचओ कार्यालय से इस प्रकार का कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। सीएमएचओ डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि मिशन अस्पताल द्वारा लाइसेंस नवीनीकरण के लिए आवेदन किया गया था। लेकिन, जो दस्तावेजों मांगे गए थे उन्हें पूरा नहीं किया गया। ऐसे अस्पताल प्रबंधन को एक सप्ताह का समय भी दिया गया था। लेकिन, इसके बाद भी दस्तावेज सबमिट नहीं किए गए। इसके अलावा, मिशन अस्पताल में न तो लैब टेक्नीशियन है और न ही कार्डियोलॉजिस्ट। इन सभी कमियों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल का लाइसेंस निलंबित किया गया है। अब अस्पताल में मरीजों का इलाज नहीं किया जा सकेगा। सीएमएचओ जैन ने बताया कि अस्पताल के पंजीयन की वैधता 31 मार्च 2025 तक थी।

■ प्रबंधक बोलीं-हमें नहीं मिला सीएमएचओ का पत्र

**प्रबंधक बोलीं- लाइसेंस रिन्यू हो चुका:** मिशन अस्पताल की प्रबंधक पुष्पा खरे ने बताया कि अस्पताल का लाइसेंस 14 अप्रैल को रिन्यू हो चुका है। अधिकारियों को अस्पताल का निरीक्षण करना है, इस दौरान टीम जो कमियां बताएगी, उन्हें दूर किया जाएगा। पुष्पा खरे ने कहा कि पैथोलॉजिस्ट ने समय से पहले ही इस्तीफा दे दिया था, इसलिए पैथोलॉजी और डायलिसिस यूनिट को बंद कर दिया गया है।

ड्यूटी के दौरान भोजपुरी गानों पर डांस

# 'रील' बनाने पर होगी दो महिला पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा



शहर में कुछ महिला पुलिसकर्मियों का ड्यूटी के दौरान भोजपुरी गानों पर रील बनाई। रील वायरल हुई तो विवाद खड़ा हो गया। इस वीडियो को इंस्टाग्राम अकाउंट संध्या वर्मा 790 से पोस्ट किया गया था, और जैसे ही यह वायरल हुआ, इस पर सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया होने लगी। बाद में महिला पुलिसकर्मी ने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट कर दिया। रीवा एसपी विवेक सिंह ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच के आदेश दिए हैं। एसपी ने कहा कि जांच के बाद यदि कोई पुलिसकर्मी दोषी पाया जाता है, तो उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

■ आलोचना के बाद अकाउंट डिलीट कर दिया

इंदौर में पराली जलाने पर एक्शन

# किसानों पर लाखों रुपए का जुर्माना कृषक संगठनों ने ऐतराज जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



जिले में प्रशासन ने खेतों में पराली (फसल अवशेष) जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए किसानों पर तगड़ा जुर्माना लगाना शुरू कर दिया है और प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किया है। प्रशासन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिले में खेतों में पराली जलाने को लेकर अब तक 668 प्रकरण दर्ज किए गए हैं और संबंधित किसानों पर कुल 13.68 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अधिकारी के मुताबिक प्रशासन ने पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किया है।

■ अब तक 668 प्रकरण दर्ज किए गए

# सफेद पीठ-लंबी चोंच वाले 6 गिद्ध छोड़े



### जीपीएस ट्रैकर से होगी निगरानी

*भोपाल। हलाली जंगल से बुधवार को सफेद पीठ और लंबी चोंच वाले 6 गिद्ध छोड़े गए। पिंजरे से बाहर आते ही वे अपने प्राकृतिक रहवास के लिए उड़ गए। जीपीएस ट्रैकर से उनके हर मूवमेंट पर एक्सपर्ट नजर रखेंगे। गिद्ध संवर्धन एवं प्रजनन केंद्र केरवा, भोपाल से 6 गिद्ध को उनके प्राकृतिक रहवास हलाली डेम के वनक्षेत्र में रामकली गोशाला के पास से सुबह छोड़ा गया। इन गिद्धों का प्रजनन गिद्ध संवर्धन एवं प्रजनन केंद्र केरवा में हुआ है।*

उपसरपंच ने आदिवासी युवती से रचाई शादी

# 10 गांवों के सरपंचों का फरमान 1.30 लाख रुपए का भरिए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



इसे प्यार कहें या सामाजिक विद्रोह, हर्रई ब्लॉक के सालढाना गांव के उपसरपंच उरदलाल यादव ने आदिवासी युवती पंचवती उईके से कोर्ट मैरिज की है। इसके बाद पूरे इलाके में हलचल मच गई है। समाज के ठेकेदारों को यह रिश्ता इतना नागवार गुजरा कि दस गांवों के सरपंचों ने मिलकर पंचायत बुलाई। एक जनादेश जारी कर दिया कि 1.30 लाख का हर्जाना दो, वरना समाज से बहिष्कार झेलो! घटना सितंबर 2024 की है। सालढाना, चुड़ी बाजवा, काराघाट, करेली, मुरकाखेड़ा, चौरासी और आंचलकुंड समेत 10 गांवों के सरपंचों ने एक संयुक्त पंचायत में फैसला सुनाया। शादी को एक साल हो चुका है, लेकिन हर्जाने की राशि अभी तक नहीं मिली। इस पर पीड़ित बताकर खुद को पेश कर रहे बिरजू जनसुनवाई में पहुंचे और प्रशासन से जुर्माना वसूलने की मांग करने लगे।

■ चेतावनी- जुर्माना भरो या समाज से बहिष्कार झेलो!

कांग्रेस ने आरोपपत्र को 'राजनीतिक षड्यंत्र' बताया

भोपाल-इंदौर सहित देश भर में 'नेशनल हेराल्ड' केस में कांग्रेस का प्रदर्शन

# भोपाल के दफ्तर में तोता लेकर पहुंचे तो इंदौर में ईडी दफ्तर कहां है, ये ही भूल गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/इंदौर




**हाथ में पिंजरे में बंद तोता लेकर ईडी दफ्तर के लिए निकले कांग्रेसी**

कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के शीर्ष नेताओं ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जाने को लेकर बुधवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर करारा हमला बोला और इसे गांधी परिवार की छवि खराब करने का 'राजनीतिक षडयंत्र' करार दिया। पार्टी नेताओं ने इसे राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित कदम बताया और दावा किया कि 'नेशनल हेराल्ड' मामले में एक पैसा भी नेहरू-गांधी परिवार ने अपने ऊपर खर्च नहीं किया। हालांकि, भाजपा ने कहा कि यह पूरी तरह से कानूनी मामला है और पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। बाद में पटवारी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस ने ईडी के फैसले के खिलाफ बुधवार को भोपाल में ईडी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर वीके बाथम और महेंद्र सिंह चौहान समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। पटवारी हाथ में पिंजरे में बंद तोता (ईडी) लेकर चल रहे थे और आरोप लगा रहे थे कि केंद्रीय एजेंसी इस मुद्दे पर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की ओर से काम कर रही है।

### भाजपा ने पूछा-गांधी परिवार का एटीएम कैसे बन गई देश की गाढ़ी कमाई?

भाजपा की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष और सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि 'नेशनल हेराल्ड' मामले में ईडी द्वारा आरोपपत्र में सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम शामिल किया जाना पूरी तरह से तकनीकी व कानूनी मामला है। उन्होंने कहा कि देश की जनता भली-भांति जानती है कि 'नेशनल हेराल्ड' की शुरुआत वर्ष 2012 में हुई थी और पहला मामला 2013 में दर्ज हुआ था।

## चीन में 'भारतीय मित्रों' का स्वागत

# अमेरिका के साथ टैरिफ युद्ध में उलझे बीजिंग ने जारी किए 85,000 वीजा, आवदेन शुल्क किया कम, ऑनलाइन अपॉइंटमेंट भी जरूरी नहीं

*चीन ने 180 दिनों से कम अवधि के लिए अल्पकालिक, एकल या दोहरे प्रवेश वाले वीजा के लिए आवेदन करने वाले लोगों को फिंगरप्रिंट जैसे बायोमीट्रिक डेटा प्रदान करने से छूट दी गई। इन परिवर्तनों के साथ-साथ, चीनी दूतावास ने वीजा आवेदन शुल्क भी कम कर दिया है।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत स्थित चीनी दूतावास ने 1 जनवरी से 9 अप्रैल, 2025 के बीच भारतीय नागरिकों को 85,000 वीजा जारी किए। दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के एक बड़े प्रयास के तहत यह कदम उठाया गया। चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने एक्स पर लिखा कि 9 अप्रैल, 2025 तक, भारत में चीनी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों ने इस वर्ष चीन की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों को 85,000 से अधिक वीजा जारी किए हैं। चीन आने के लिए अधिक से अधिक भारतीय मित्रों का स्वागत है, ताकि वे एक खुले, सुरक्षित, जीवंत, ईमानदार और मैत्रीपूर्ण चीन का अनुभव कर सकें। चीन ने यह कदम ऐसे समय में जारी कि है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगभग हर देश पर संभावित व्यापार शुल्क लगाने की चेतावनी दी है। उनके निशाने पर विशेष तौर पर चीन है, जो वाशिंगटन का प्रमुख व्यापारिक साझेदार और आर्थिक प्रतिद्वंद्वी है।

फिंगरप्रिंट जैसे बायोमीट्रिक डेटा प्रदान करने से भी छूट दी

2023 तक चीन ने 1,80,000 वीजा जारी किए

### वीजा आवेदन शर्तों को अपडेट किया




*चीन की ओर से जारी वीजा की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। साल 2025 के पहले चार महीनों में ही 85,000 वीजा जारी किए गए हैं। जबकि साल 2023 तक 1,80,000 वीजा जारी किए गए थे। पिछले वर्ष, चीनी दूतावास ने अपने वीजा आवेदन शर्तों को अपडेट किया था और कई प्रमुख छूटें प्रदान की थीं।*

### सीधे वीजा केंद्रों पर दे सकेंगे आवेदन

भारतीय आवेदकों को अब अपने वीजा आवेदन जमा करने से पहले ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करने की जरूरत नहीं है। इसके बजाय वे सीधे कार्य दिवसों के दौरान वीजा केंद्रों पर आवेदन जमा कर सकते हैं। वहीं 180 दिनों से कम अवधि के लिए अल्पकालिक, एकल या दोहरे प्रवेश वाले वीजा के लिए आवेदन करने वाले लोगों को फिंगरप्रिंट जैसे बायोमीट्रिक डेटा प्रदान करने से छूट दी गई। इन परिवर्तनों के साथ-साथ, चीनी दूतावास ने वीजा आवेदन शुल्क भी कम कर दिया है। आवेदकों के लिए नए, कम शुल्क लागू किए हैं।



### 'अमेरिकी टैरिफ दुरुपयोग' के खिलाफ खड़े हों

चीन ने भारत और अन्य देशों से भी अपील की कि वे 'अमेरिकी टैरिफ दुरुपयोग' के खिलाफ खड़े हों। भारत में चीनी दूतावास के प्रवक्ता यू जिंग ने पिछले सप्ताह कहा था कि भारत और चीन, दो सबसे बड़े विकासशील देशों के रूप में, अमेरिकी टैरिफ कार्रवाइयों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### भारत सहित तीन देशों में भूकंप, जनहानि नहीं



**नई दिल्ली।** बुधवार की सुबह अफगानिस्तान और बांग्लादेश में क्रमशः 5.9 और 2.9 तीव्रता के भूकंप आए। वहीं, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि बुधवार सुबह जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 2.4 तीव्रता का भूकंप आया। यह भूकंप भारतीय मानक समय के अनुसार सुबह करीब 5:14 बजे अक्षांश 33.18 एन और देशांतर 75.89 ई पर आया। भूकंप की गहराई 5 किमी बताई गई है। इस दौरान कोई जान माल की हानि नहीं हुई।

### आपात स्थिति में विमान काठमांडू उतरा



**काठमांडू।** एक विमान को उसकी 'हाइड्रोलिक' प्रणाली में खराबी आने के बाद आपात स्थिति में काठमांडू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना पड़ा, जिसमें 12 भारतीय भी सवार थे। एयरलाइन के एक अधिकारी ने बताया कि माउंट एवरेस्ट क्षेत्र के प्रवेशद्वार लुक्ला से रामेछाप जा रहे निजी कंपनी 'सीता एयर' के विमान में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद उसे त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया। डोर्नियर विमान में 12 भारतीय, दो नेपाली और चालक दल के तीन सदस्य सवार थे।

## विश्व की दो आर्थिक महाशक्तियों के बीच थम नहीं रहा टैरिफ वार

# यूएस ने चीन के 125% टैरिफ के जवाब में 245% शुल्क लगाने का किया ऐलान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्व की दो बड़ी आर्थिक महाशक्तियों के बीच टैरिफ वार थमता नहीं दिख रहा है। चीन ने अमेरिका से आयात पर 125 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान कर रखा है। अब अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर पहले घोषित 145% की जगह 245% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आयातित खनिजों और उससे बने उत्पादों पर अमेरिकी निर्भरता के कारण पैदा हुई जोखिमों की जांच के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक दस्तावेज में कहा गया है कि चीन को अब अमेरिका पर अपनी जवाबी कार्रवाइयों के कारण 245 प्रतिशत तक टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। दस्तावेज में ट्रंप के उस दावे का हवाला दिया गया है कि 'विदेशी महत्वपूर्ण खनिजों पर अत्यधिक निर्भरता' और उनके खराब उत्पाद अमेरिकी रक्षा क्षमताओं, बुनियादी ढांचे के विकास और तकनीकी नवाचार को खतरे में डाल सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि ट्रंप ने सभी देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया है और उन देशों पर पारस्परिक रूप से उच्च टैरिफ लगाए हैं जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा सबसे अधिक है। व्हाइट हाउस ने कहा कि 75 से अधिक देश पहले ही नए व्यापार समझौतों पर चर्चा करने के लिए संपर्क कर चुके हैं। इसे देखते हुए चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगने वाला जवाबी टैरिफ फिलहाल टाल दिया गया है। अमेरिका के अनुसार चीन ने जवाबी कार्रवाई की है इसलिए चीन के उत्पादों पर अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जाएगा।

चीन बोला- इन युद्धों को लड़ना नहीं चाहते, लेकिन इनसे डरते भी नहीं

अमेरिका बोला- विदेशी महत्वपूर्ण खनिजों पर अत्यधिक निर्भरता से तकनीकी नवाचार खतरे में

### चीन ने दुर्लभ खनिजों के अमेरिका को निर्यात पर लगाए प्रतिबंध



*ट्रंप प्रशासन के दस्तावेज में कहा गया है कि चीन ने कुछ महीने पहले अमेरिका को गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी और अन्य प्रमुख उच्च-तकनीकी सामग्रियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनके सैन्य उपयोग की संभावना थी। इसी सप्ताह चीन छह भारी दुर्लभ रेयर अर्थ मेटल के साथ-साथ रेयर अर्थ चुंबकों के निर्यात को भी निलंबित कर दिया था। व्हाइट हाउस ने दावा किया कि इस तरह की कार्रवाई दुनिया भर में ऑटोमेकर्स, एयरोस्पेस निर्माताओं, सेमीकंडक्टर कंपनियों और सैन्य ठेकेदारों के लिए महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति रोकने के लिए की गई।*

### ट्रंप प्रशासन टैरिफ के आंकड़ों का स्पष्ट ब्यौरा दे

*245% टैरिफ पर पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन ने कहा कि ट्रंप प्रशासन टैरिफ के आंकड़ों का स्पष्ट ब्यौरा दे। बुधवार को एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अमेरिकी पक्ष को 'विशिष्ट कर दर के आंकड़े' के बारे में बताना चाहिए। लिन ने कहा कि चीन ने टैरिफ मुद्दे पर अपनी स्थिति को बार-बार साफ किया है। इससे पहले, ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामानों को टैरिफ से छूट दी थी। उस दौरान, चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमारी अमेरिका से अपील है कि वह अपनी गलतियों को सुधारने के लिए बड़ा कदम उठाए। जवाबी टैरिफ को जैसी गलत नीति को रद्द करे और आपसी सम्मान के सही रास्ते पर लौट आए।*

### टैरिफ और व्यापार युद्धों में कोई विजेता नहीं होता

*जियान ने कहा कि टैरिफ युद्ध अमेरिका की ओर से शुरू किया गया था और बीजिंग ने अपने वैध अधिकारों और हितों और अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय की रक्षा के लिए जवाबी कदम उठाए हैं। ये कदम पूरी तरह से 'उचित और कानूनी' हैं। टैरिफ और व्यापार युद्धों में कोई विजेता नहीं होता है। चीन इन युद्धों को लड़ना नहीं चाहता है, लेकिन इनसे डरता भी नहीं है। उन्होंने हाथ मिलाने और बाधाओं को दूर करने के लिए चीन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।*

### डब्ल्यूएचओ में मामला दर्ज

चीन ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूएचओ) में भी अमेरिका के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन यह बातचीत बराबरी और आपसी सम्मान पर आधारित होनी चाहिए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि अगर अमेरिका और टैरिफ बढ़ाता है, तो चीन अब उसे नजरअंदाज करेगा।

## कठुआ एनकाउंटर में सेना का खुलासा

# हथियारों और विस्फोटक के साथ आए आंतकियों की लंबी थी तैयारी



एजेंसी ⏭ कठुआ

सुफैन में ढेर किए गए आतंकियों से बरामद हथियारों को कठुआ पुलिस ने राजबाग थाने में प्रदर्शित किया। एसएसपी कठुआ शोभित सक्सेना ने बताया कि आतंकियों के साथ पुलिस की चार जगह मुठभेड़ हुई। आप्रेशन में दो आतंकी मार गिराए गए और चार हमारे सिपाही शहीद हुए। इसके अतिरिक्त जगह जगह आतंकियों को घेरकर मुठभेड़ की गई। उन्होंने कहा कि बुधवार को भी आतंकी भाग रहे हैं हम इनके पीछे हैं। बताया कि ताजा घुसपैठ के बाद चार से पांच आतंकियों की जानकारी थी। दो को ढेर कर दिया गया है, शेष बचे आतंकियों को भी ढेर कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को काफी बढ़ाया गया है। बार्डर से लेकर पहाड़ों तक निगरानी रखी जा रही है। विभिन्न सुरक्षाबल मिलकर काम कर रहे हैं।

### एके-47 और एम-4 बरामद

शोभित सक्सेना ने बताया कि आतंकियों से दो एके-47 हथियार और एक एम-4 के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद हुए हैं। एसएसपी ने बताया कि सामान से यह यकीन किया जा सकता है कि गलत इरादे से और लंबे समय तक टिकने की तैयारी कर आए थे। यह आतंकी अब बिना सामान और हथियारों के घूम रहे हैं। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ मिलकर इनके खिलाफ अभियान चला रहे हैं। आतंकियों की कोई बड़ी योजना है, एक चरण नाकाम किया है। उन्होंने बताया कि आतंकियों से छोटे पैकेट में चिट्टा और नसवार भी मिले हैं। विस्फोटक से पता चलता है ज्यादा दहशत फैलाने और आईईडी लगाने के ईरादे से आए थे जिसे विफल किया गया है।

### मददगारों को कतई नहीं बख्शेंगे

सक्सेना ने कहा कि आतंकी कहां हैं, हमें पता है किस इलाके में हैं, जल्द ही उन्हें भी ढेर कर दिया जाएगा। उन्होंने ऑपरेशन के दौरान आम लोगों से सुरक्षाबलों को मिल रहे सहयोग को भी सराहा। एसएसपी ने कहा कि घुसपैठ के पारंपरिक रूट अब एक्सपोज हो चुके हैं और इन्हें इन रास्तों से अब निकलने नहीं दिया जाएगा। बताया कि ओवरग्राउंड वर्करों के खिलाफ मामला दर्ज है। कुछ लोग चिन्हित किए गए हैं उनकी संलिप्तता जांची जा रही है। मददगारों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

## पीएम मोदी ने की डेनमार्क समकक्ष से बात

# विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के साथ वैश्विक घटनाक्रम पर की चर्चा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिकसन ने मंगलवार को टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ वैश्विक विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पीएम मेटे फ्रेडरिकसेन से बात करके खुशी हुई। भारत-डेनमार्क हरित रणनीतिक साझेदारी और हमारे लोगों के लाभ के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए हमारे मजबूत समर्थन की पुष्टि की। हमने आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर भी चर्चा की। पीएम कार्यालय के अनुसार, वर्ष 2020 में ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की शुरुआत के बाद से दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान को याद करते हुए पीएम मोदी और डेनमार्क की पीएम फ्रेडरिकसन ने विभिन्न क्षेत्रों में ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के विस्तार का उल्लेख किया जिसने भारत में डेनमार्क के निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाई हैं ताकि ग्रीन ट्रांज़िशन में योगदान दिया जा सके। बता दें, दोनों नेता आगामी



भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन के अवसर पर नॉर्वे में होने वाली अपनी बैठक को लेकर उत्साहित है। पीएम मोदी ने कहा कि वह इस वर्ष के अंत में नॉर्वे में आयोजित होने वाले तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन और उस समय पीएम मेटे फ्रेडरिकसन के साथ बैठक में मुलाकात की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## एलजीबीटी एक्टिविस्ट्स को करारा झटका

# ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट का फैसला महिला वही जो जन्म से फीमेल

एजेंसी ⏭ लंदन

ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट के पांच वरिष्ठ जजों ने एक राय से फैसला लिया कि 'महिला लिंग' का मतलब केवल जैविक महिलाएं हैं। जजों ने स्कॉटलैंड के जेंडर-क्रिटिकल ग्रुप फॉर वुमन स्कॉटलैंड (एफडब्ल्यूएस) के पक्ष में फैसला सुनाया। इस समूह ने इस मामले में अपील की थी। यह फैसला उन लोगों के लिए झटका है, जो मानते हैं कि कानूनी लिंग पहचान के तहत जो लोग जन्म के बाद महिला के रूप में परिवर्तित हुए हैं, उनको महिलाओं के सभी हक मिलने चाहिए। हालांकि अदालत ने साफ किया कि जो लोग ट्रांसजेंडर के रूप में पहचान रखते हैं, वे अभी भी कानून के अन्य नियमों के तहत भेदभाव से सुरक्षित हैं। एफडब्ल्यूएस की ओर से अपील में पक्ष रखने वाले वकील ने अदालत से आग्रह किया कि कानूनी कल्पना के बजाय जैविक असलियत के तथ्यों पर विचार करें। एलजीबीटीक्यू कार्यकर्ताओं का लंबे समय से तर्क है कि अगर अदालत ने जन्म से महिलाओं के पक्ष में फैसला सुनाया, तो ट्रांसजेंडर महिलाएं कई सुविधाओं तक पहुंच नहीं बना पाएंगी। इसमें



महिलाओं के आश्रयों में रहने की सुविधा भी शामिल है। यह फैसला स्कॉटिश सरकार और एफडब्ल्यूएस के बीच वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद आया। जिसमें समूह का मानना था कि केवल वे लोग जो महिला के रूप में जन्मे हैं, उन्हें कानूनी रूप से महिला के रूप में संरक्षित किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट का तर्क हम कानून नहीं बनाते

# क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े नियामकीय ढांचे की मांग वाली याचिका की खारिज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने क्रिप्टोकरेंसी पर नियामक ढांचे की मांग वाली याचिका पर बुधवार को विचार करने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा है कि वह इस संबंध में कानून नहीं बना सकता। क्रिप्टोकरेंसी एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है जो क्रिप्टोग्राफी का इस्तेमाल कर सुरक्षित बनाई जाती है। इससे जालसाजी करना या दोबारा खर्च करना लगभग असंभव हो जाता है। क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए विकेन्द्रीकृत नेटवर्क पर मौजूद हैं। यह कंप्यूटरों के एक असमान नेटवर्क पर संचालित और वितरित किया जाता जाता है। क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ा नियामक बनाने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने दावा किया कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी देश भर में कई शिकायतें दर्ज की गई हैं।

### भारत सरकार के समक्ष रखें पक्ष



*वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता इस मुद्दे पर नियामक ढांचे के लिए केंद्र और अन्य को निर्देश देने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि इसे विनियमित करने के लिए कोई कानून नहीं है। न्यायमूर्ति गवई ने पूछा कि यह नीति निर्माताओं के अधिकार क्षेत्र में है। हम ऐसा कोई निर्देश कैसे जारी कर सकते हैं? हम कानून नहीं बना सकते। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता इस मुद्दे पर भारत सरकार के समक्ष अपना पक्ष रख सकते हैं।*

### यह कार्यपालिका का अधिकार क्षेत्र

वकील ने तर्क दिया कि कई याचिकाकर्ताओं ने विभिन्न पुलिस प्राधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन इस मुद्दे पर कोई नियामकीय नीति मौजूद नहीं है। पीठ ने कहा कि याचिका में की गई प्रार्थनाएं विधायिका और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में हैं। इसलिए, हम याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता चाहें तो वे उचित प्राधिकारी के समक्ष विचार के लिए अपना अभ्यावेदन दे सकते हैं। पिछले साल जनवरी में, केंद्र ने शीर्ष अदालत को बताया था कि क्रिप्टोकरेंसी को विनियमित करने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

भारत ने यूएनएससी को लताड़ा, कहा

# नई सुरक्षा परिषद में धर्म, आस्था जैसे मानदंड क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के विपरीत

एजेंसी ⏭ न्यूयार्क

भारत ने नयी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में धर्म और आस्था जैसे नए मानदंडों को प्रतिनिधित्व के आधार के रूप में शामिल करने के प्रयासों की आलोचना की और कहा है कि यह क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के स्वीकृत आधार के पूरी तरह विपरीत है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने 'भविष्य की परिषद का आकार और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व पर क्लस्टर चर्चा' पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) बैठक में कहा कि जो लोग नियम आधारित वार्ता का विरोध करते हैं वे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधारों पर प्रगति नहीं चाहते हैं।

### बगैर विस्तार के सुधार संभव नहीं



*पी. हरीश ने कहा कि उन्होंने कहा कि ऐसे तर्क कि विस्तारित एवं नयी सुरक्षा परिषद प्रभावी नहीं होगी, वास्तविक सुधारों को रोकने का प्रयास है। उचित कार्य पद्धतियों और जवाबदेही तंत्र युक्त नयी परिषद अहम वैश्विक मुद्दों पर सार्थक ढंग से काम करने में सक्षम होगी। एक ऐसा मॉडल जिसमें स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार नहीं हो वह सुधार के उद्देश्य को हासिल नहीं कर सकेगा और इससे स्थिति यथावत रहेगी।*

### रूस के बाद फ्रांस ने भारत को दिया समर्थन

रूस के बाद फ्रांस ने कहा है कि भारत, जर्मनी, ब्राजील और जापान को यूएनएससी की स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए। फ्रांस की तरफ से यूनाइटड नेशंस जनरल असेंबली को लिखे गये एक ईमेल में फ्रांस ने कहा है कि हम ब्राजील, भारत, जर्मनी और जापान के साथ साथ अफ्रीकी देशों के लिए दो स्थायी सदस्यता सीट की मांग करते हैं। फ्रांस ने कहा है कि हम चाहते हैं अफ्रीकी देशों को एक मजबूत प्रतिनिधित्व हासिल हो, इसके अलावा दूसरे देशों को भी एक मजबूत भागीदारी मिले।

## मंगल पर है एलियंस का ठिकाना! नासा की नई खोज से दुनिया हैरान

# दिखे ऐसे गड्ढे जो विशाल भूमिगत गुफाओं में जाते हैं...


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नासा ने मंगल ग्रह पर एलियन के पाए जाने की संभावना जाहिर की है। नासा के मुताबिक मंगल पर एक रहस्यमय गड्ढा एक विशाल भूमिगत सुरंग नेटवर्क में एलियनों को छिपाकर रख सकता है। वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह की ऑर्बिट से एक गहरे गड्ढे की तस्वीर ली है, जो ऐसा लगता है कि वो भूमिगत सुरंगों में जाता है। नासा ने लिखा कि इस जगह कई गड्ढे हैं। जिनमें से केवल एक को छोड़कर सभी में धूल भरी, अंधेरी, मंगल की सतह दिखाई देती है। सबसे असामान्य गड्ढा ऊपरी दाईं ओर है, जो लगभग 100 मीटर चौड़ा है और ऐसा लगता है कि यह निचले स्तर तक जाता है। नासा ने कहा कि यह साफ नहीं है कि इस गड्ढे के बनने का कारण क्या है? बहरहाल वैज्ञानिक मानते हैं कि इसके चारों ओर का गोलाकार क्रेटर यह संकेत देता है कि यह एक उल्का प्रभाव से बना है।

**सबसे असामान्य गड्ढा 100 मीटर चौड़ा**

**प्राकृतिक रूप से बनी सुरंगें अधिक सुरक्षित**

### गड्ढे निचले स्तरों के प्रवेश द्वार



नासा ने कहा कि ऐसे गड्ढे विशेष रुचि के होते हैं क्योंकि वे निचले स्तरों के प्रवेश द्वार हो सकते हैं जो विशाल भूमिगत गुफाओं में जाते हैं। यदि ऐसा है, तो ये प्राकृतिक रूप से बनी सुरंगें मंगल की कठोर सतह से अपेक्षाकृत सुरक्षित हो सकती हैं। जिससे वे मंगल ग्रह पर जीवन को बचाए रखने के लिए अपेक्षाकृत अच्छी बात साबित हो सकती है। नासा ने कहा कि इसलिए, ये गड्ढे भविष्य के अंतरिक्ष यान, रोबोट और यहां तक कि मानव अंतरग्रहीय खोजकर्ताओं के लिए प्रमुख लक्ष्य भी हैं।

### मंगल ग्रह की सतह पर ही विकिरण से हालात खतनाक

बता दें, मंगल ग्रह का वातावरण पृथ्वी की तुलना में बेहद खराब है। यहां तापमान में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव होता है। मंगल ग्रह की सतह पर ही विकिरण होता है जो मनुष्यों के लिए बेहद हानिकारक होगा। इसीलिए नासा अपने भविष्य के मानव खोजकर्ताओं के लिए भूमिगत निवास पर विचार कर रहा है। मंगल ग्रह पर मनुष्यों को इन खतरों का सामना करने में कठिनाई होगी। इसलिए माना जा रहा है कि एलियन को भी ऐसे ही हालात का सामना करना पड़ेगा। मंगल की गुफाएं कुछ ऐसी जगहें हो सकती हैं, जहां मनुष्य यह पता लगा सकते हैं कि क्या मंगल पर कभी जीवन था। फिलहाल तो यह जानना असंभव है कि गुफाएं नीचे कितनी बड़ी हैं।

### कलेक्ट्रेट में प्रवेश करते 24 से अधिक कार्यकर्ता गिरफ्तार

# ईडी की चार्जशीट के खिलाफ कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन




हरिभूमि जबलपुर।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कांग्रेस के 'नेशनल हेराल्ड' प्रकरण में चार्जशीट दाखिल किए जाने के विरोध में मंगलवार को जबलपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस चार्जशीट में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं, जिससे पार्टी में तीव्र असंतोष फैल गया है। इस दौरान आलोक मिश्रा, चिंटू चौकसे सहित उनके साथ कई कार्यकर्ता गेट कूदकर कलेक्ट्रेट में प्रवेश कर गए, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय को घेरने की कोशिश की। कलेक्ट्रेट क्षेत्र में धारा 144 लागू होने के बावजूद, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गेट कूदकर परिसर में घुस गए। पुलिस को प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, और आखिरकार कार्रवाई करते हुए 24 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा कर रहे थे। उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, ₹पिछले 11 वर्षों में ईडी की जांच की जद में केवल विपक्षी नेता ही आए हैं। सरकार ने कभी अपने दल के नेताओं की जांच नहीं करवाई है। यह स्पष्ट संकेत है कि ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग विपक्ष की आवाज दबाने के लिए किया जा रहा है। ओमती थाना प्रभारी ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में धारा 144 लागू थी, इसके बावजूद कार्यकर्ता जबरन भीतर घुसे, जो कि कानून का उल्लंघन है। इसलिए सभी को गिरफ्तार किया गया।

#### कलेक्ट्रेक्ट सुरक्षा पर सवाल

दो घंटे तक चले इस उग्र प्रदर्शन के दौरान पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी कर दी गई थी। पुलिस की सतर्कता के बावजूद कार्यकर्ताओं का परिसर तक पहुंच जाना प्रशासन के लिए चिंता का विषय बना रहा। जबलपुर में आने वाले समय में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शनों के और भी तेज होने की संभावना जताई जा रही है। जिसको देखते हुये कलेक्ट्रेट, पुलिस कंट्रोल रूम और एसपी आफिस की सुरक्षा कड़ी की जा सकती है।

#### प्रदर्शन में ये रहे शामिल

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ.नीलेश जैन, विधायक लखन घनघोरिया वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति कमलेश यादव, पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिंया, श्रीमति अंजू सिंह बघेल, पूर्व पार्षद बलविंदर सिंह मान, अनुराग गढ़वाल, अतुल वाजपेयी, नगर कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष सतीश तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू चौबे, बलवंत गुर्जर, ग्रामीण सिहोरा मझौली पाटन के ब्लॉक अध्यक्ष भी शामिल हुए। इसके अलावा नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पार्षद अयोध्या तिवारी, संतोष पंडा, पूर्व पार्षद ताहिर अली, मुकेश राठौर, झल्लेलाल जैन, टीकाराम कोष्टा, प्रवीन्द्र सिंह चौहान, रीतेश गुप्ता, बंटी, अनुज श्रीवास्तव, प्रभा सिंह, जितेंद्र यादव, सहित सैकड़ो कांग्रेसजन मौजूद थे।

#### नहीं नजर आए पूर्व विधायक

प्रदर्शन में मंत्री और पूर्व विधायक कौशल्या गोटिया के अलावा बड़े बड़े कांग्रेसी प्रदर्शन में नजर नहीं आए। पूर्व मंत्री तरुण भनोत, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, पूर्व विधायक संजय यादव, सहित कांग्रेस के अन्य बड़े चेहरे प्रदर्शन में नजर नहीं आए। वहीं इसी तरह कांग्रेसों की उपस्थिति भी उंगुलियों पर गिने जाने लायक थी। कांग्रेस खेमों में बटी नजर आई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सिर्फ प्रदर्शन करने का आव्हान किया गया था लेकिन प्रदर्शन के नाम पर अतिउत्साह दिखाया गया और प्रदर्शन से हटकर कलेक्ट्रेट में प्रवेश की कोशिश की गई, जिससे संदेश अच्छा नहीं गया और पुलिस द्वारा धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने की कार्रवाई भी की जा रही है।

### जनहित याचिका पर हाई कोर्ट ने जारी किए नोटिस

# 200 एकड़ वनभूमि पर अवैध कब्जे को लेकर मांगा जवाब

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने उमरिया जिले में बांधवगढ़ से लगी हुई 200 एकड़ वनभूमि पर अवैध कब्जे के आरोप पर जवाब-तलब कर लिया है। अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने निर्देश दिया गया है। जनहित याचिकाकर्ता उमरिया खलौंद निवासी रामलखन सेन की ओर से अधिवक्ता परिमल चतुर्वेदी, अनुज पाठक, विशेष पांडे व साकेत सिंह ने



दलील दी कि उमरिया जिले में बड़ा बीट नामक स्थान पर बांधवगढ़ से लगी हुई करीब 200 एकड़ जमीन पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। उस पर खेती की जाती है। मकान बनाकर निवास भी किया जा रहा है। इसकी शिकायत संबंधित वन विभाग के अधिकारियों से लेकर मंत्री तक से की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। लिहाजा, हाई कोर्ट की शरण ली गई है। मामले में प्रमुख सचिव, वन विभाग, उमरिया कलेक्टर, फारेस्ट आफिसर उमरिया, डिप्टी डायरेक्टर उमरिया को पक्षकार बनाया गया है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

## हाई कोर्ट ने सरपंच को हटाने पर लगाई रोक

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने मैहर की ग्राम पंचायत भदनपुर के सरपंच बद्री प्रसाद विश्वकर्मा को पद से हटाने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। एक अपील पर सुनवाई के बाद निर्वाचन अपीलीय अधिकारी, पीठासीन अधिकारी व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। याचिकाकर्ता मैहर निवासी बद्री प्रसाद विश्वकर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह व ओपी द्विवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पराजित प्रत्याशी रविन्द्र प्रताप सिंह ने एसडीओ के समक्ष चुनाव याचिका दायर कर बद्री प्रसाद का निर्वाचन शून्य करने की मांग की थी। आरोप था कि बद्री प्रसाद ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया है। एसडीओ ने जांच के बाद याचिका निरस्त कर दी। इसके बाद हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। हाई कोर्ट की एकलपीठ ने सरपंच को पद से हटाने का आदेश पारित किया। इस पर बद्री प्रसाद ने अपील दायर की।

# छूटे हितग्राहियों का पोषण ट्रेकर एप पर कराया पंजीयन

**जबलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आठ अप्रैल से बाईस अप्रैल तक चलाये जा रहे पोषण पंखवाड़ा के तहत आज बुधवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में हितग्राहियों के मोबाइल फोन पर पोषण ट्रेकर एप इनस्टॉल करवा कर उनका पंजीयन किया गया। इसके साथ ही पोषण ट्रेकर एप के हितग्राही मॉड्यूल पर हितग्राहियों की फेस रिकग्निशन तथा ई-केवायसी की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनीष सेठ ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत छूटे हितग्राहियों का पोषण ट्रेकर एप पर पंजीयन और उनके मोबाइल एवं आधार सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कराने के अलावा बुधवार को जन समुदाय के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास स्थित हैंड पंप, नल, कुओं, तालाब जैसे जलस्त्रोतों की साफ-सफाई भी की गई तथा पानी के सदुपयोग एवं वर्षा जल के संचयन का संकल्प लिया गया।

## दवा दुकानदारों के नहीं हो रहे नये रजिस्ट्रेशन

**जबलपुर।** जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर दवा दुकानदारों के साथ न्याय करने की मांग की है. राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अमित सिसौदिया, जबलपुर अध्यक्ष डा. अजय कुमार वाधवानी, एड. भावना निगम, कमरूल इस्लाम खान, डा. आशीष डेंगरा आदि ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर इस बात की शिकायत की है कि बीते दो सालों से डी फार्मा, बी फार्मा व एम फार्मा के हजारों रजिस्ट्रेशन रिन्यूवल के लिए लंबित पड़े हैं, इसी तरह नये रजिस्ट्रेशन भी बंद पड़े हैं जिससे दवा दूकानदार परेशान हैं. पत्र में स्वास्थ्य मंत्री से मांग की गयी है कि दवा व्यवसायियों के हित में जल्द सकारात्मक पहल की जाए।

## बेलबाग थाने का घेराव आज

**जबलपुर।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया के नेतृत्व में आज दोपहर तीन बजे बेलबाग थाने का घेराव किया जाएगा. शहर में बढ़ रहे अपराध और अराजकता के खिलाफ पूर्व क्षेत्र में आंदोलन चलाया जा रहा है. इसी क्रम में बेलबाग थाने का घेराव किया जाएगा. श्री घनघोरिया ने कहा, विधानसभा में जुआ सट्टा स्मैक आम हो रहा है और पुलिस गलियों में खड़े होकर आम आदमी का चालान काट रही है. क्षेत्र में गंभीर यातायात समस्या है, लेकिन पुलिस का पूरा ध्यान वसूली पर है. इन्हीं सब समस्याओं को देखते हुये आज बेलबाग थाने का घेराव किया जाएगा।

### विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## सभी संतों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिशिचत हो: डॉ पाण्डेय

**जबलपुर।** जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर विगत दिवस नीमच में हुए जैन साधुओं के ऊपर हमले पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसी कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए संतो को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को लिखे पत्र के माध्यम से डॉ अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि विगत दिवस नीमच में मंदिर में शयनरत तीन जैन मुनि संतों पर कतिपय तत्वों द्वारा हमला किया गया है जिसके फलस्वरुप भगवान स्वरुपी तीन संत गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जो कि सर्वथा नंदनीय कृत्य है उक्त घटना से जैन समाज के साथ-साथ अन्य समस्त समाजों में भी आक्रोश व्याप्त है एवं उक्त की सभी समाजों के द्वारा भर्त्सना की जा रही है उल्लेखनीय है कि जैन समाज के मुनियो एवं संतो के साथ-साथ हमारे सभी धर्म में ऐसे संत महापुरुष है जो समाज के कल्याण हेतु सदैव तत्पर रहते हैं एवं समाज की प्रगति एवं उन्नति के लिए अपना जीवन अर्पित करते हैं ऐसे संत महापुरुषों की सुरक्षा करना भी नितांत आवश्यक है ताकि यह अपना कार्य निरंतर एवं निर्वात रूप से कर सकें एवं अपने ज्ञान और मार्गदर्शन से समाज की भलाई में निरंतर योगदान दे सकें। अतःआपसे इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध करता हूं।

### पाटन के ग्राम महगवां सड़क के किसान रामकृष्ण ने एक एकड़ में लगाई अश्वगंधा

# जबलपुर में होने लगी अश्वगंधा की खेती

हरिभूमि जबलपुर।

जिले में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों को फसल विविधीकरण एवं नवाचार के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इसके फलस्वरुप किसान न केवल प्राकृतिक और जैविक कृषि को अपनाने आगे आ रहे हैं बल्कि वे पारम्परिक की अपेक्षा ऐसी किस्मों की फसल भी ले रहे हैं जिनसे उन्हें अच्छा लाभ अर्जित हो सके। इसी क्रम में जिले की पाटन तहसील के ग्राम महगवां सड़क के प्रगतिशील कृषक रामकृष्ण लोधी ने कम लागत में अधिक मुनाफ़ा देने वाली अश्वगंधा की फसल लेने की शुरुआत की है। किसान रामकृष्ण लोधी द्वारा ली जा रही अश्वगन्धा की फसल का गत दिवस कृषि अधिकारियों ने आसपास के किसानों के साथ उसके खेत पहुँचकर अवलोकन किया। इन अधिकारियों में अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी हरीश बर्वे शामिल थे।

कृषक रामकृष्ण लोधी ने बताया कि उसने अपने अनुज घनश्याम के साथ मिलकर पहली बार एक एकड़ क्षेत्र में अश्वगंधा की बोनी की है। कृषक ने बताया कि दो साल पहले पाटन विकासखंड के ग्राम भरतरी निवासी किसान पुखराज पटेल द्वारा अपने खेत में अश्वगंधा की खेती की गई थी, जिससे उन्हें अच्छा मुनाफा प्राप्त हुआ था। किसान पुखराज पटेल से प्रेरणा लेकर ही



वे इस बार एक एकड़ में अश्वगंधा की खेती कर रहे हैं। अश्वगंधा का अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के लिए वे इंटरनेट का सहयोग भी ले रहे हैं। कृषि अधिकारियों द्वारा भी समय-समय पर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। किसान रामकृष्ण लोधी ने बताया कि अश्वगन्धा की बोनी करने के लिए वह नीमच से 5 किलो प्रति एकड़ की दर से बीज लेकर आये थे। सात सौ रुपये प्रति किलो की दर से मिले इस बीज की उन्होंने वर्षा ऋतु के बाद सितंबर माह के आखिर में छिटकवां विधि से बोनी की थी। अश्वगंधा की फसल लेने से पहले उन्होंने मक्का की खेती की थी। उन्होंने किसानों को वर्षा ऋतु के समय अश्वगंधा की खेती सावधानीपूर्वक करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि अश्वगंधा के बीच्ज की बोवनी से पहले किसानों को खेत में वर्षा जल की निकासी की समुचित व्यवस्था कर लेनी चाहिए। क्योंकि वर्षा का जल भरने से अश्वगंधा की फसल को नुकसान हो सकता है।

कृषक ने बताया कि अश्वगंधा की बोवनी के समय उन्होंने एक बार पानी दिया था, इसके सात दिनों बाद दूसरी बार तथा तीस-तीस दिन के अंतर पर तीसरी एवं चौथी बार पानी दिया गया है।

किसान रामकृष्ण लोधी ने बताया कि अश्वगंधा की खेती काफी कम लागत में की जा सकती है। इसमें न तो कीटनाशकों के छिड़काव की आवश्यकता होती है और न ही इसे पालतू पशुओं द्वारा किसी प्रकार का नुकसान पहुंचाया जा सकता है। कृषक श्री लोधी के मुताबिक अश्वगन्धा की खेती करने पर एक एकड़ खेत में लगभग सात क्विंटल गीली जड़ प्राप्त होती है। ये जड़ें सूखने के बाद आधे वजन की यानी लगभग चार क्विंटल ही रह जाती हैं। उन्होंने बताया कि बाजार में अश्वगंधा की जड़ लगभग 25 से 30 हजार रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिकती है, वहीं एक एकड़ में लगभग 30 से 35 किलोग्राम बीज का भी उत्पादन होता है जो बाजार में लगभग 500 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिकता है। बीज बनाते समय जो भूसा तैयार होता है, बाजार में किसान को उसकी 10 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से कीमत प्राप्त होती है। किसान श्री लोधी के मुताबिक अश्वगंधा का नीमच में अच्छा बाजार उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि नीमच मंडी जाकर वे इसका जायजा भी ले चुके हैं। अश्वगन्धा के ट्रांसपोर्ट एवं दैनिक मजदूरी में लगने वाली लागत के बाद भी अश्वगंधा की खेती से लगभग 80 से 85 हजार रुपये प्रति एकड़ का लाभ अर्जित किया जा सकता है।



## खबर संक्षेप



### सहजपुर में मनाई गई अंबेडकर की जयंती

**भेड़ाघाट।** सहजपुर में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की की जयंती मनाई गई बहुजन समाज पार्टी के द्वारा यह आयोजन किया गया बाबा साहब संविधान निर्माता की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके मार्ग पर चलने की आज की युवा वर्ग को जरूरत है यह वक्ताओं राम प्रसाद चडार बरगी विधानसभा प्रभारी बीएसपी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सहजपुर से गडरपिपारिया तक रैली निकाली गई कार्यक्रम में किशोरी लाल लड़कियां पंचम राज रामेश्वर कैलाश पतिराम गरीबदास देवी प्रसाद विष्णु धीरज मां मासाब तुलसीराम मूलचंद आकाश चमन करण सरला देवी प्रीति देवी रुक्मिणी देवी मुन्ना राज लोकेश राज अन्य कॉल किस्सू गोटिया आदि का विशेष योगदान रहा।

### मुख्यमंत्री को दिया महायज्ञ में आने का निमंत्रण

**जबलपुर।** पाटन तहसील के पवई धाम में 1 से 7 मई तक श्री शिव समाराधन महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. आयोजन में शामिल होने के लिए बुधवार को नगर प्रवास पर आए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को समिति द्वारा यज्ञ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया 1 इस अवसर पर स्वामी महेन्द्रानंद महाराज की आज्ञा से यज्ञ प्रभारी बलराम सिंह यादव मुख्यमंत्री को आमंत्रण देने गए और मुख्य मंत्री ने आमंत्रण स्वीकार कर आने का आश्वासन दिया।

### युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत बजरंग नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शारदा नगर माढ़ोताल निवासी 39 वर्षीय रामजी उर्फ सुधीर पटेल ने बुधवार को अपने घर के दरवाजे की ग्रिल में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### लोडिंग वाहन की टक्कर से महिला गंभीर

**जबलपुर।** मझौली थानांतर्गत कल शाम ग्राम सुलेमान पिपरिया में घर के पास स्थिति किराना दुकान से सामान लेकर लौट रही महिला को तेज रफ्तार लोडिंग वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए शासकीय अस्पताल मझौली ले जाया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मझौली पुलिस ने बताया कि सुलेमान पिपरिया ग्राम निवासी श्रीमती माधुरी गोस्वामी कल लगभग 1.30 बजे अपनी जेठानी कला बाई के साथ घर के पास स्थित किराना दुकान से सामान लेकर वापस लौट रही थी तभी पौनिया तरफ से आ रही पिकप क्रमांक एमपी 20 जी बी 1326 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए जेठानी कला बाई को टक्कर मार दी। घटना में कलाबाई को हाथ, पैर, चेहरे, कंधे में गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें मेडिकल अस्पताल के लिए रिफर किया गया है।

अवसाद में डूबे किसानों को आश्वासन नहीं, तुरंत मदद की आवश्यकता: भारत कृषक समाज

# अग्नि पीड़ित किसान भयावह स्थिति से जूझ रहे

हरिभूमि जबलपुर।

विगत दिनों सिहोरा विकासखंड की मझौली तहसील के ग्राम मोहतरा एवं बंधा में आग लगने से 120 एकड़ की फसल तथा किसानों के उपकरण जलकर खाक हो गए। इस घटना से 115 किसान प्रभावित हो गए। उनके सामने भरण पोषण की समस्या खड़ी हो गई। भारत कृषक समाज के प्रतिनिधियों केके अग्रवाल, रामगोपाल पटेल, रामकिसन पटेल, मुकेश पटेल, अशोक पटेल, खड़ग सिंह ,नंद किशोर अग्रवाल, किसान सेवा सेना के जितेंद्र देसी, सुरेश कुर्मी, ओमानंद आर्या आदि ने पीड़ित किसानों से मुलाकात सांत्वना दी और उन्हें अवगत कराया कि कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र मुआवजे देने की मांग की है साथ ही मुख्यमंत्री, सासंद और विधायक से भी अपनी अपनी निधि से भी आर्थिक मदद करने का आग्रह किया जा रहा हैं। किसान प्रतिनिधि मोहतरा ग्राम के वरिष्ठ किसान सुखदेव चौबे तथा बंधा गांव के किसान सेवी मुकेश सिंह गौर के घर पर एकत्रित हुए, जहां पीड़ितों ने उन्हें बताया कि उनकी साल भर की कमाई चली गई, उनके मुंह से निवाला छिन गया। दोनों गांव के सुखदेव चौबे, मुकेश सिंह गौर, कमलेश पटेल, काशी पटेल, राजेंद्र पटेल, प्रमोद पटेल



सिंह राजपूत, सरपंच इंद्रा देवी दशरथ सिंह, अमरजीत श्रीवास, नंदकुमार तिवारी आदि ने बताया कि गांव के ही एक किसान अशोक शुक्ला ने दोपहर को अपने खेत की पराली मे आग लगा दी, खेत मे मौजूद लोगों ने उन्हे आग लगाने से मना भी किया परन्तु उसने गाली गलौज करते हुए जबरजस्ती कर आग लगा दी। आगे आग फैलते ही वह भाग खड़ा हुआ। एफ आई आर में अपराधी के रूप मे उसका नाम दर्ज होने के बाद भी उसकी गिरफ्तारी नही हुई, बताया जाता है की उसका भाई पुलिस विभाग मे होने के कारण उसे बचाया जा रहा है। गाँव वालों ने यह भी जानकारी दी की सांसद, विधायक तथा अधिकारियों का दौरा हो चुका है परन्तु अभी तक उन्हे कोई मदद नहीं मिली। कइयों के चूल्हे बुझने की कगार मे हैं। उन्हे तत्काल मदद की आवश्यकता है। पर कोई उनकी मदद के लिए आगे नहीं आ रहा है।

### एक किसान अवसाद की स्थिति में

एक अशोक नाम के पीड़ति किसान उसी दिन से अवसाद की स्थिति में आ गये हैं , उनकी तवियत बिगड़ गई है, स्थिति बहुत खराब है जिसे उपचार की तुरंत जरूरत है, को किसान प्रतिनिधियों ने वहीं तुरंत दवा हेतु राशि एकत्रित करके उन्हें प्रदान की।

हर ओर बिक रही अवैध शराब के खिलाफ पदयात्रा से विधायक की हो रही प्रशंसा

# भेड़ाघाट क्षेत्र में भी बिक रही गांव-गांव अवैध शराब

**भेड़ाघाट।** बरगी विधायक नीरज सिंह की पहल से गांव गांव में ओवैस शराब की बिक्री को लेकर क्षेत्रीय विधायक की पहल पर अवैध शराब की बिक्री को लेकर शराब माफिया के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है महिलाओं के साथ 10-15 किलोमीटर की पदयात्रा रैली निकाली गई और ग्रामीणों से नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराया गया इतना ही नहीं अवैध रूप से शराब बेचने वालों के घर पर भी दस्तक दी गई और उन्हें यह अवैध काम छोड़कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का आवाहन भी किया गया विधायक नीरज सिंह ने ग्रामीणों से संवाद भी किया और चौपाल लगाकर गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए महिलाओं से सुझाव भी मांगे गए विधायक की पहल से क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा करने वालों में दहशत का माहौल हैं भेड़ाघाट चौराहे पर मीरगंज के नाम से स्थित अंग्रेजी देसी मदिरा दुकान खुली है और यहां से गांव-गांव अवैध शराब सप्लाई की जाती हैं जिससे भेड़ाघाट क्षेत्र में नशाखोरी सबाब पर हैं भेड़ाघाट क्षेत्र के बुद्ध जीवियों समाजसेवियों ने क्षेत्रीय विधायक नीरज सिंह की पहल की भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

### सरकार के आदेश क्यों नहीं मान रहा आबकारी विभाग

राज्य सरकार ने नर्मदा तट से 5किलोमीटर दूर शराब दुकान खोलने के आदेश दिए गए थे आबकारी विभाग को भेड़ाघाट पर्यटन स्थल मार्ग पर देशी विदेशी मदिरा दुकान खुली है मां नर्मदा परिक्रमा वासी भी इसी मार्ग से निकलते हैं और सरस्वती घाट से मात्र 3 किलोमीटर पर अंग्रेजी देसी मदिरा की दुकान खुली है यहां से पर्यटकों के साथ श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है भेड़ाघाट का मुख्य द्वार यही हैं शाम ढलते ही यहां पर शराब प्रेमियों का जमवाड़ा लगा रहता है यहां से पैदल महिलाओं का निकलना तक दुश्वार को जाता हैं कोई भी धार्मिक पैदल झंडा यात्रा भागवत पुराण अन्य कार्यक्रम होते हैं तो इसी मार्ग से नर्मदा दर्शन हेतु श्रद्धालु भक्त जाते हैं नवरात्रि में जवारे विसर्जन हो या नवरात्रि का दशहरा चल समारोह इसी मार्ग से नर्मदा तट जाता हैं और शराब में झूमते शराबियों की हरकतें देखकर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के मन में खिन्नता देखी गई कि विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट मार्ग पर आबकारी विभाग सरकार के आदेशों पर भारी पड़ रहा है ऐसा लोगों की जन चर्चाओं में सुना जा सकता है मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नर्मदा तट से कई देसी अंग्रेजी शराब दुकानों को बंद कराया है लेकिन भेड़ाघाट पर 3 किलोमीटर की दूरी पर देसी अंग्रेजी दुकान खुली है और मुख्य पर्यटन स्थल मार्ग भी यही है शासन प्रशासन से भेड़ाघाट वासियों ने मांग करते हुए कहा है कि मां नर्मदा के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को देखते हुए देसी अंग्रेजी शराब अनियंत्रित स्थापित की जाए जिससे भेड़ाघाट की धूमिल होती छवि को बरकरार रखा जा सके।

### इनका कहना

राज्य शासन के आदेश अनुसार 5 किलोमीटर की दूरी पर शराब मदिरा दुकान होना चाहिए लेकिन भेड़ाघाट में तीन से चार किलोमीटर में है शासन प्रशासन द्वारा शीघ्र बंद कराई जाने चाहिए।

चतुर सिंह लोधी
अध्यक्ष नगर परिषद भेड़ाघाट

हाईकोर्ट ने किया याचिका का पटाक्षेप

# भाजपा विधायक व पत्नी के विरुद्ध संबंधित प्राधिकारी से करें शिकायत

▶ नगर परिषद की राशि से व्यक्तिगत जमीन में विकास कार्य कराए जाने को दी गई थी चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को अमरवाड़ा, जिला छिंदवाड़ा से भाजपा विधायक कमलेश कुमार शाह व उनकी पत्नी माधवी शाह के विरुद्ध संबंधित प्राधिकारी से शिकायत के लिए स्वतंत्र कर दिया। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने इसी के साथ उस याचिका का पटाक्षेप कर दिया, जिसके जरिए विधायक व उनकी पत्नी पर नगर परिषद की राशि से व्यक्तिगत जमीन में विकास कार्य कराए जाने को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता छिंदवाड़ा निवासी मनीष कुमार साहू की ओर से अधिवक्ता दुर्गेश कुमार ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि विधायक शाह की पत्नी माधवी पूर्व में नगर परिषद, हर्रई की अध्यक्ष थीं। इस दौरान विधायक कमलेश कुमार शाह के नाम पर दर्ज जमीन पर लगभग 65 लाख रुपये के विकास कार्य नगर परिषद, हर्रई के मद से कराया गया। इतना ही नहीं सरकारी दस्तावेज में विधायक के नाम पर जमीन दर्ज है परंतु काबिज अन्य व्यक्तियों को बताया गया है। इस तरह निजी जमीन पर शासकीय राशि से विकास कार्य का फर्जीवाड़ा किया गया है।

### ईओडब्ल्यू से जांच पर दिया था बल

याचिका में राहत चाही गई थी कि प्रकरण की जांच ईओडब्ल्यू को करने आदेश जारी किए जाएं। याचिका में प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, कलेक्टर, एसडीओ,पु लिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू व छिंदवाड़ा, नगर परिषद, हर्रई व भाजपा विधायक व उनकी पत्नी को अनावेदक बनाया गया था।

### निगमायुक्त ने ई-केव्हायसी के कार्यो में लापरवाही न करने दी हिदायत

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन के पत्र दिनांक 29 मार्च 2025 के अनुसार नगर निगम के साथ-साथ प्रदेश भर में दिनांक 1 अप्रैल से प्रारंभ होकर 31 मई 2025 तक मिशन मोड के रूप में ई-केव्हायसी का कार्य जारी है। इस संबंध में आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने नगर निगम के ईकेव्हायसी के कार्यों में लगे सभी कर्मचारियों को हिदायत दी है कि ईकेव्हायसी के कार्यो को गंभीरता और पारदर्शिता के साथ समय सीमा में करें। जिन कर्मचारियों के द्वारा कार्यों में लापरवाही बरती जायेगी उनके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही के साथ-साथ जो कर्मचारी बेहतर ढंग से कार्य करेगा उन कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जायेगा।

# पुलिस ने जाना ध्यान का महत्व

**बरगी नगर।** बरगी थाना अंतर्गत आज पुलिसकर्मी को हार्टफुलनेस ध्यान कराया गया हार्टफुलनेस ट्रेनर विपिन विश्वकर्मा ने बताया कि, प्रशासन के आदेश के चलते प्रदेश में समस्त पुलिस इकाइयों को ध्यान करना है जिसके चलते बरगी थाना पर तीन दिवस की कार्यशाला का आयोजन किया गया। आज के प्रथम सत्र पर ध्यान के महत्व की विभिन्न विधियां व बिंदुओं पर ट्रेनर द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए इसके बाद तनाव मुक्ति के साथ ध्यान का प्रयोग कराया गया, ध्यान से मानसिक बोझ का हटना, चेतना का विकास, शांति, आंतरिक प्रसन्नता , एकाग्रता, निर्णय लेने की क्षमता आदि अनेकों लाभ होते हैं वर्तमान में पुलिस के द्वारा रात व



दिन की नौकरी करने के चलते उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है जिसके चलते प्रशासन की ओर से प्रदेश की समस्त पुलिस इकाई ध्यान कराया जा रहा है ध्यान के इस प्रथम दिवस पर हार्टफुलनेस ट्रेनर विपिन विश्वकर्मा, डॉक्टर यतिन खैर, संजीव ताम्रकार, प्रकाश अहिरवार , रजनी विश्वकर्मा ,आर के व्यास , गिरीश श्रीवास्तव , अवनीश गुप्ता, परमेश जलोटे , लिली जलोटे, सुनील खांडेकर, वंदना खांडेकर सहित पूरे जिले की हार्टफुलनेस टीम द्वारा समस्त जिले की पुलिस इकाई को ध्यान कराया जा रहा है ।

# शुरु किया सकोरे लगाओ अभियान



**जबलपुर।** भारत स्काउटस एवं गाइडस जबलपुर मंडल के स्काउट सदस्यों द्वारा प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रीष्मकाल में पंछियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की जा रही हैं। इस अभियान के चलते जिला आयुक्त स्काउट सुबोध विश्वकर्मा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी की उपस्थिति में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के द्वारा स्काउट सदस्यों को पंछियों के पानी पीने हेतु सकोरे प्रदान किए गए प्राप्त सकोरे स्काउट गाइड द्वारा विभिन्न रेलवे कॉलोनी में बंधे जायेंगे पूरी गर्मी इनकी देख रेख भी की जाएगी।

### स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत "समर ड्रिंक/पेय पदार्थ बनाने" एकदिवसीय कार्यशाला संपन्न

# "गर्मी में स्वथ्य रहने के लिए प्राकृतिक और घरेलू समर ड्रिंक्स को प्राथमिकता दें"

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में "समर ड्रिंक/पेय पदार्थ बनाने" एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रुप में उदय नासेरी, सेवानिवृत्त प्रशिक्षक, एलईडी कॉलेज, नागपुर एवं डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, जिला नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने विद्यार्थियों को बताया कि शरीर को ठंडा रखने और ऊर्जा देने में समर ड्रिंक का बहुत महत्व है। पारंपरिक भारतीय पेयों में कुछ बहुत ही उपयोगी और स्वास्थ्यवर्धक विकल्प मौजूद हैं। गर्मी में स्वस्थ रहने के



लिए प्राकृतिक और घरेलू समर ड्रिंक्स को प्राथमिकता देनी चाहिये। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा मौसम के अनुसार स्वास्थ्य लाभ देने वाले सौंफ, पान, कच्चा कैरी, पुदीना, नीबू एवं तरबूज का शरबत बनाना विद्यार्थियों को सिखाया गया और इनसे होने वाले लाभों को भी विस्तृत रुप से बताया गया। जैसे की सौंफ एवं पान का शरबत गर्मी में शरीर को ठंडक प्रदान करता है। पुदीना एवं नीबू का शरबत शरीर में डिहाइड्रेशन नहीं होने देता है। कच्ची कैरी एवं तरबूज का शरबत शरीर में मिनरल्स की पूर्ति करता है।

प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने बताया कि गर्मी के मौसम में समर ड्रिंक्स की उपयोगिता हेतु उक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिससे विद्यार्थी गर्मी में कौन से समर ड्रिंक पिये एवं उनके स्वास्थ्य के लिए विभिन्न समर ड्रिंक की विस्तृत जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा उन्हें विभिन्न समर ड्रिंक बनाना सिखाया गया।

कार्यशाला में डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. पुष्पा तनेजा, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. संघप्रिया तिवारी, डॉ. स्मिता बेलवंशी, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. मनीषा सक्सेना, डॉ. विभा चौधरी, डॉ. अंकिता सेठी, डॉ. श्रद्धा कनौजिया, डॉ. नीलिमा, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. सुशील ठाकरे, मनीष गुजराती, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया, डॉ. तरूणेन्द्र साकेत के साथ महाविद्यालय के 46 उपस्थित रहे।




**श्री संजय भारद्वाज-** ईसाई मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री संजय भारद्वाज (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुनीता चौधरी-** सिंधी कैंप मदार टेकरी रोड निवासी श्री राम प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता चौधरी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तुलसीराम कुशवाहा-** साईं कॉलोनी संचार नगर दीनदयाल चौक के पास निवासी श्री तुलसीराम कुशवाहा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नमन यादव-** छापर रामपुर वर्मा डेयरी के पास निवासी श्री जय किशन यादव के पुत्र श्री नमन यादव (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लालती चौधरी-** दमोहनाका प्रताप धर्मकांटा के सामने निवासी श्री मोती लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती लालती चौधरी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री वीरेंद्र झारिया-** तेवर भड़पुरा बस्ती निवासी श्री गनपत लाल झारिया के पुत्र श्री वीरेंद्र झारिया (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राहुल विश्वकर्मा-** आईटीआई कटंगी रोड निवासी श्री बिहारी लाल विश्वकर्मा के पुत्र श्री राहुल विश्वकर्मा (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**कु. नेहा झारिया-** आईटीआई चुंगी नाका के पास निवासी श्री दुर्गा प्रसाद झारिया की पुत्री कु. नेहा झारिया (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## 1 लाख 70 हजार सहित 7 जुआड़ी गिरफ्तार, 2 कार जब्त

**जबलपुर।** माढोताल पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने ग्राम पोडी स्थित एक खाली पड़े मकान में जुआ मन्ना खेल रहे 7 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर लिया है वहीं एक जुआड़ी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जुआड़ियों के कब्जे से नगद 1 लाख 70 हजार 500 रुपए एवं 2 कार जब्त की है। माढोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच की टीम और माढोताल पुलिस ने ग्राम पोडी स्थित एक खाली पड़े मकान में जुआ मन्ना खेल रहे शुभम असाटी, नरेन्द्र कुमार गुप्ता, सतीश जैन, मनोज महेरे, रूपेश सोनी, सतेन्द्र कुमार रजक, राजकुमार असाटी को गिरफ्तार कर लिया है। वही एक जुआड़ी बृजेंद्र कोरी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जुआड़ियों के कब्जे से नगद 1 लाख 70 हजार 500 रूपये एवं 52 ताश तथा दो कारे जब्त की है। पुलिस ने सभी जुआड़ियों के विरूद्ध धारा 3/4, 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## आई.पी.एल. सट्टा खिला रहे 2 सटोरिये गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत छोटी लाईन फाटक के पास आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खेल रहे दो सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगद 7 हजार 700 रुपए और दो मोबाइल जब्त किए है। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गत दिवस छोटी लाईन फाटक के पास मोबाईल आईडी के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खेल रहे लालमाटी द्वारकानगरर झंडा चौक निवासी 33 वर्षीय प्रवीण बिरहा और बिलहरी गोराबाजार निवासी 27 वर्षीय जय कुमार केशरवानी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी प्रवीण बिरहा से ओप्पो कंपनी का मोबाइल व सट्टा लगवाडी की रकम 3 हजार 600 रुपये नगद तथा जय कुमार केशवानी से रीयलमी कंपनी का मोबाइल व सट्टा लगवाडी की रकम 4 हजार 100 रुपए जब्त करते हुए दोनों सटोरियों के विरुद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## बाईक की टक्कर से पैदल टहल रहे 2 युवक घायल

**जबलपुर।** खितौला थाना क्षेत्र में खितौला रोड पर पैदल टहल रहे दो युवकों को एक बाईक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खितौला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पेंड्रा छत्तीसगढ़ निवासी प्रकाश चंद सोनी और मनीष सोनी गत दिवस यशराज होटल खितौला में सगाई के कार्यक्रम में आए थे। देर रात लगभग 2.30 बजे दोनों खितौला रोड पर पैदल टहल रहे थे, तभी मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एमडी 4597 के चालक ने दोनों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों के हाथ, पैर, सिर व शरीर में चोटें आ गई। निशांत शराबगी ने दोनों घायलों को उपचार के लिए आयुष्मान अस्पताल खितौला में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

**CHANGE OF NAME**

**I, UJWALA** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **15718759P** Rank **NK** Name **KANASE NAVNATH MANSING** presently, residing at **ANGAPUR VANDAN, SATARA, MAHARASHTRA 415019** I, have changed my name from **UJWALA** (Name as per my Husband Army service records) to **UJWALA NAVNATH KANASE** (name as per my **AADHAR CARD NO. 5239 3698 1973** vide affidavit dated **16/04/2025** (date of affidavit) formerly before PUBLIC NOTARY RAMDAS SHARMA Jabalpur MP (Name and place of Court).

**CORRECT NAME**
**UJWALA NAVNATH KANASE**
**INCORRECT NAME-UJWALA**

**CHANGE OF NAME**

**I, PREETI SHAJAN KHAN** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of NO. **JC-806378K** RANK- **NB/SUB** NAME- **MOHD ARIF** presently residing at **QTR. NO. 404/1, MANEKSHAW ENCLAVE, PIN-901124 C/O 56 APO JABALPUR (MP)** I, have changed my name from **PREETI SHAJAN KHAN** (Name as per my Husband Army service records) to **PREETI SHAJAN** (name as per my **AADHAR CARD NO. 2061 0952 1465** vide affidavit dated **12/03/2025** (date of affidavit) formerly before Hon'ble Additional Tehsildar Ranjhi and Executive Magistrate Jabalpur MP (Name and place of Court).

**CORRECT NAME**
**PREETI SHAJAN**
**INCORRECT NAME**
**PREETI SHAJAN KHAN**

# क्या जुकरबर्ग बेच देंगे वॉट्सऐप और इंस्टाग्राम! मजबूर कर रहा अमेरिकी नियामक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फेसबुक, वॉट्सऐप और इंस्टाग्राम जैसी सोशल नेटवर्किंग साइट के मालिक मार्क जुकरबर्ग की मुश्किलें बढ़ रही हैं और ऐसा लग रहा है कि उन्हें जल्द ही अपनी कंपनी बेचनी पड़ेगी। इन तीनों की पैरेंट कंपनी मेटा के खिलाफ वॉशिंगटन में एंटीट्रस्ट का एक बड़ा मुकदमा शुरू हुआ है। इस मुकदमे के जरिए अमेरिकी फेडरल ट्रेड कमीशन (एफटीसी) जुकरबर्ग को इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप बेचने के लिए मजबूर करना चाहता है। अमेरिकी नियामक का मानना है कि मुकदमा 37 दिनों में खत्म हो सकता है और इसके बाद मार्क को अपनी कंपनियों को लेकर फैसला लेना पड़ेगा।

- मेटा को इंस्टाग्राम और ववॉट्सऐप बेचने का दबाव
- मुकदमा हारने पर जुकरबर्ग को भारी नुकसान हो सकता है

अमेरिकी रेगुलेटर की ओर से मेटा के खिलाफ शुरू किया गया यह अब तक का सबसे आक्रामक कदम है। एफटीसी का आरोप है कि मेटा ने साल 2012 में इंस्टाग्राम को 1 अरब डॉलर में और साल 2014 में वॉट्सऐप को 22 अरब डॉलर में खरीदकर उभरती हुई प्रतिस्पर्धा को खत्म करने और व्यक्तिगत सोशल नेटवर्किंग क्षेत्र में अपने एकाधिकार को अवैध रूप से बनाए रखने की रणनीति अपनाई थी। मेटा ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को इसलिए खरीदा, ताकि वह अपने उत्पाद रणनीति को समझने के लिए पूरा टाइम ले सके।

## मार्क जुकरबर्ग पर एंटीट्रस्ट का मुकदमा हुआ शुरू

### जुकरबर्ग को होगा बड़ा नुकसान

वैसे पूरे मामले को खत्म होने में कई साल लग सकते हैं और अगर मार्क ने इंस्टाग्राम को खो दिया तो उन्हें तगड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। इंस्टाग्राम अकेले ही अमेरिका में विज्ञापन से मेटा को होने वाली कुल कमाई का 50 फीसदी हिस्सा लाता है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन में यह भी अटकलें लगाई जा रहीं कि प्रशासन इस पर समझौता कर सकता है। फिलहाल, दोनों ही पक्षों की निगाहें एंटीट्रस्ट मुकदमे पर टिकी हैं, जो मेटा का भविष्य तय करेगा।




*जुकरबर्ग के ईमेल से हुआ खुलासा :* आयोग ने मुकदमे में आंतरिक ईमेल का हवाला दिया है, जिसमें सीईओ मार्क जुकरबर्ग का एक ईमेल भी शामिल है। इसमें लिखा था कि 'प्रतिस्पर्धा करने से बेहतर है खरीद लेना, जो नवाचार को दबाने के इरादे का पक्का सबूत है।

*जुकरबर्ग हार गए तो क्या होगा :* अगर अदालत मेटा के खिलाफ फैसला सुनाती है तो मेटा को इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप को अलग करने के लिए मजबूर किया जा सकता है। इससे टेक जगत में बड़ी हलचल पैदा होगी। साथ ही अदालत एक ट्रस्टी नियुक्त कर सकती है जो इस विभाजन की देखरेख करेगा, जिसमें नए संस्थाओं के साथ डेटा और तकनीक साझा करना और मेटा के प्रतिस्पर्धी उत्पाद विकास को अस्थायी रूप से रोकना शामिल हो सकता है।

*कमजोर है मेटा की सफाई :* एफटीसी ने यह भी दावा किया है कि साल 2012 से 2020 तक फेसबुक ने सोशल नेटवर्किंग क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं के कुल समय का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अपने कब्जे में रखा। हालांकि, इस पर मेटा ने सफाई दी है। हमारे सामने टिकटॉक और यूट्यूब जैसे मजबूत प्रतिस्पर्धी हैं। एफटीसी यह साबित करने में असफल रहा है कि उपभोक्ताओं या विज्ञापनदाताओं को कोई नुकसान हुआ है।

## खबर संक्षेप

### विप्रो का मार्च तिमाही लाभ 25.9 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विप्रो का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते (2024-25) की मार्च तिमाही के दौरान 25.9 प्रतिशत बढ़कर 3,569.6 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ (कंपनी के इक्विटी धारकों को देय) 2,834.6 करोड़ रुपये रहा था।

### यस बैंक को आईटी से 244 करोड़ रुपए की नोटिस




**नई दिल्ली।** यस बैंक ने कर निर्धारण वर्ष 2016-17 के लिए 244.20 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिलने की बुधवार को जानकारी दी। उस पर कर की गणना के लिए निर्धारित आय के बजाय आयकर रिटर्न में बताई गई आय पर विचार किया गया। इस संबंध में 15 अप्रैल, 2025 को क्षेत्राधिकार निर्धारण अधिकारी ने नया आदेश पारित किया।

### ऋणदाताओं की सावधानी से लोग कम उधार ले पाएं




**मुंबई।** ऋणदाताओं के सावधानी बरतने से वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी दिसंबर तिमाही में भारतीय कम उधार ले पाएं। तीसरी तिमाही में आमतौर पर कई त्योहार आते हैं जिस दौरान लोग अक्सर अधिक उधार लेते हैं। 2024-25 की तीसरी तिमाही में उपभोक्ता ऋणों का विश्लेषण किया जाए तो जिम्मेदारी और सतर्क रूप से कर्ज देने के रुझान स्पष्ट नजर आते हैं।

### अगले पांच वर्षों में 50 हवाई अड्डे विकास की योजना



**नई दिल्ली।** सरकार की अगले पांच वर्ष में 50 हवाई अड्डा विकास परियोजनाएं शुरू करने की योजना है। देश में वर्तमान में 159 हवाई अड्डे हैं और इनकी संख्या 2014 के 74 की तुलना में दोगुनी हो गई है। विमानन परिवेश को विकसित करने के लिए समग्र प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें विमानन कंपनियों को समर्थन देना और उड़ान प्रशिक्षण संगठनों का विस्तार करना शामिल है।

### एक दशक में होगा भारत का पर्यटन बाजार 21 करोड़ डॉलर



**नई दिल्ली।** मेकमाईट्रिप के संस्थापक एवं चेयरमैन दीप कालरा ने बुधवार को कहा कि भारत का सतत पर्यटन बाजार एक दशक में बढ़कर 21.6 करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा जो फिलहाल 3.7 करोड़ डॉलर है। मेकमाईट्रिप फाउंडेशन कालरा ने सतत पर्यटन विकास के चलते प्रस्तुत अपार संभावनाओं का उल्लेख किया।

### एफआईयू ने यूनियन बैंक पर 37 लाख का लगाया जुर्माना

Union Bank of India

**नई दिल्ली।** वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने 2011 से 2014 के दौरान संदिग्ध लेनदेन की जानकारी देने में खामियों को लेकर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 37 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उसने इस तरह की चूक की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए हैं। एफआईयू ने 15 अप्रैल के अपने आदेश में कहा कि 2011 से 2014 के दौरान संदिग्ध लेनदेन की जानकारी देने में खामियों को लेकर यूनियन बैंक पर 37 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## सरकार ने एपीएम वाली गैस आपूर्ति में 20 फीसदी की कटौती

# सरकार ने शहरों में गैस वितरण करने वाली कंपनियों के लिए सस्ती गैस की आपूर्ति घटाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने इंद्रप्रस्थ गैस लि., महानगर गैस लिमिटेड और अदाणी टोटल गैस लि. जैसे शहरी गैस वितरकों को कम लागत वाली एपीएम यानी सरकारी मूल्य व्यवस्था वाली गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक की कटौती की है। इस कमी की भरपाई अपेक्षाकृत अधिक महंगे ईंधन से की गयी है।

तीनों शहरी खुदरा विक्रेताओं ने शेयर बाजार को अलग-अलग दी सूचना में कहा कि गैस आपूर्ति के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की नोडल एजेंसी गेल (इंडिया) लि. ने पुराने क्षेत्रों से गैस की आपूर्ति में कटौती की जानकारी दी है। इसे प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम) वाली गैस कहा जाता है क्योंकि इसके मूल्य के बारे में समय-समय पर सरकार निर्णय करती है।

- कमी की भरपाई अपेक्षाकृत महंगे ईंधन से की गई
- इसे प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम) वाली गैस कहा जाता है



### एपीएम गैस का उत्पादन घट रहा

एपीएम गैस की वर्तमान कीमत 6.75 प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (यूनिट) है। इसका उत्पादन नौ से 10 प्रतिशत वार्षिक दर से घट रहा है, क्योंकि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन कम हो रहा है। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) उत्पादन को बनाये रखने के लिए अधिक कुओं की खुदाई में निवेश कर रही है। लेकिन इससे लागत बढ़ रही है और इसका असर ऊंची कीमत के रूप में दिख रहा है।

### नए कुओं से 125 फीसदी गैस का आवंटन

आईजीएल ने कहा, ''गेल (इंडिया) लि. से कंपनी को सूचना मिली है कि 16 अप्रैल, 2025 से कंपनी को घरेलू गैस आवंटन में कमी आएगी। कंपनी को संशोधित घरेलू गैस आवंटन पिछले आवंटन से लगभग 20 प्रतिशत कम है।'' कंपनी ने कहा कि उसे आपूर्ति में कमी के एवज में नये कुओं से अतिरिक्त 125 प्रतिशत गैस आवंटित की गई है।

*कंपनियों का लाभ प्रभावित होगा*

*इससे कंपनी का लाभ प्रभावित होने की आशंका है। मुंबई में गैस वितरण करने वाली खुदरा कंपनी एमजीएल ने कहा कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी 10 अगस्त, 2022 के नीति दिशानिर्देश के अनुसार, घरेलू स्तर पर उत्पादित एपीएम व्यवस्था के तहत आने वाली प्राकृतिक गैस को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए आवंटित किया जाना है।*

### एक साल में आपूर्ति 50 फीसदी घटाई गई

ऐसी गैस को नए कुओं से उत्पादित गैस कहा जाता है और इसकी कीमत लगभग आठ डॉलर प्रति इकाई होती है। पिछले एक साल में, शहर के गैस खुदरा विक्रेताओं को एपीएम गैस की आपूर्ति में लगभग 50 प्रतिशत की कटौती की गई है। ताजा कटौती के साथ, एपीएम गैस अब कुल शहर की गैस आवश्यकता का लगभग 34 प्रतिशत पूरा करेगी, जो पहले 51 प्रतिशत था।

### कम आवंटन की भरपाई नए कुओं से

अदाणी समूह और फ्रांस की टोटल एनर्जीज के संयुक्त उद्यम अदाणी टोटल गैस लि. ने कहा कि उसे गेल से एपीएम गैस आवंटन में 15 प्रतिशत की कमी के बारे में सूचना मिली है। कंपनी ने कहा, ''एपीएम गैस के कम आवंटन की भरपाई नये कुओं से उत्पादित गैस से की जा रही है।

### कंपनियां सीएनजी के दाम बढ़ा सकती है

अदाणी टोटल गैस ने कहा, ''हालांकि, उच्च मूल्य वाले नये कुओं से प्राप्त गैस से कंपनी के लाभ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कंपनी इस प्रभाव को कम करने के लिए सभी उपायों पर विचार कर रही है।'' एपीएम गैस आवंटन में कटौती से शहरों में गैस वितरण करने वाली कंपनियों के लिए कच्चे माल की लागत बढ़ जाएगी। इसके परिणामस्वरूप कंपनियां फिर से सीएनजी के दाम बढ़ा सकती हैं।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 77,000 अंक के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- एनएसई निफ्टी में भी 108 .65 अंक की तेजी
- विदेशी निवेशकों ने की ताजा खरीदी

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 309.40 अंक चढ़कर फिर से 77,000 अंक के स्तर को पार कर गया। एनएसई निफ्टी में भी 108.65 अंक की बढ़त रही।

विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह के बीच प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। खुदरा महंगाई के करीब छह साल के निचले स्तर पर आने से नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद से बाजार धारणा मजबूत हुई।

\वैश्विक बाजार में कमजोर रुख को खारिज करते हुए बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 309.40 अंक यानी 0.40 प्रतिशत चढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 77,044.29 अंक पर बंद हुआ। कमजोर शुरुआत के बाद, सत्र के दौरान सूचकांक में उतार-चढ़ाव होता रहा। इस दौरान इसने 77,110.23 के उच्च और 76,543.77 अंक के निचले स्तर को छुआ। नि फ टी 108.65 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,437.20 अंक पर बंद हुआ।

*इन शेयरों में रही तेजी :* सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक 7.12 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक और आईटीसी भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

*ये शेयर रहे नुकसान में :* दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति, इन्फोसिस, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक मंगलवार को शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने 6,065.78 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

# जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री 19 प्रतिशत घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में घरों की बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत घटकर 98,095 इकाई रह गई। ऊंची कीमतों और नई परियोजनाओं की कम पेशकश इसकी मुख्य वजह रही।

रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी प्रॉपटाइगर ने बुधवार को कहा कि संपत्ति की बढ़ती कीमतों और धीमी वृद्धि दर ने खरीदारों को सावधानी बरतने के लिए मजबूर कर दिया है। प्रॉपटाइगर, आरईए इंडिया का हिस्सा है जिसके पास हाउसिंग डॉट कॉम का भी स्वामित्व है। रियल एस्टेट सलाहकार ने अपनी रिपोर्ट 'रियल इनसाइट' में कहा, कैलेंडर वर्ष 2025 की पहली (जनवरी-मार्च) तिमाही में नई पेशकश में 10 प्रतिशत की गिरावट आई, क्योंकि डेवलपर ने बाजार की स्थिति के साथ समायोजन बैठाने की कोशिश की।



- ऊंची कीमतें व नई पेशकश की कमी प्रमुख वजह

*मुंबई महानगर के क्षेत्रों में भी गिरावट दर्ज : दिल्ली-एनसीआर में गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद तथा फरीदाबाद और मुंबई महानगर क्षेत्र में मुंबई, नवी मुंबई तथा ठाणे शामिल हैं। समीक्षाधीन अवधि में नई परियोजनाओं की पेशकश 1,03,020 इकाइयों से 10 प्रतिशत घटकर 93,144 इकाई रह गई।*

## अदाणी ग्रीन की परिचालन क्षमता 30 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की वित्त वर्ष 2024-25 में परिचालन क्षमता सालाना आधार पर 30 प्रतिशत बढ़कर 14,243 मेगावाट हो गई। एजीईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, अतिरिक्त 1,000 मेगावाट का काम पूरा होने वाला है जिससे परिचालन क्षमता बढ़कर 15,000 मेगावाट से अधिक हो जाएगी। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की परिचालन क्षमता 10,934 मेगावाट थी। 2023-24 में परिचालन सौर क्षमता 7,393 मेगावाट से बढ़कर 10,103 मेगावाट हो गई। पवन ऊर्जा क्षमता सालाना आधार पर 1,401 मेगावाट से बढ़कर 2,000 मेगावाट हो गई। हाइब्रिड क्षमता 2,140 मेगावाट पर अपरिवर्तित रही। वित्त वर्ष 2024-25 में ऊर्जा बिक्री बढ़कर 2796.9 करोड़ यूनिट हो गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 2187.8 करोड़ यूनिट थी।

# स्पाइसजेट पुनरुद्धार प्रक्रिया 'अच्छी चल रही' : अजय सिंह

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- एक साल में बेड़े को दोगुना करेंगे
- एयरलाइन ने अक्टूबर 2024 में बेडे में 10 विमान जोड़े

घरेलू एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने बुधवार को कहा कि कंपनी की पुनरुद्धार योजना 'बहुत अच्छी तरह से चल रही है' और एयरलाइन अगले 12 महीनों में अपने मौजूदा बेड़े को दोगुना करने की राह पर है। जनवरी में, स्पाइसजेट ने अप्रैल के मध्य तक चार बोइंग बी 737 मैक्स सहित अपने 10 ठप विमानों को फिर से परिचालन में लाने की योजना की घोषणा की थी। एयरलाइन ने कहा था कि उसने अक्टूबर, 2024 से अपने बेड़े में 10 विमान जोड़े हैं, जिनमें तीन ठप विमानों को फिर से सेवा में लाया गया और सात पट्टे पर शामिल किए गए।

स्पाइसजेट को वित्तीय संकट और विमान पट्टेदारों के साथ कानूनी विवादों सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। हाल के महीनों में, कंपनी ने धन जुटाया है और पुनरुद्धार के रास्ते पर है। यहां यात्रा सम्मेलन के दौरान स्पाइसजेट की पुनरुद्धार योजना के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, "यह बहुत अच्छी तरह से चल रही है और अगले साल तक हमें अपने वर्तमान बेड़े को दोगुना करने की उम्मीद है...फिलहाल हमारे सभी विमान ठप हैं, फिर भी हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि हम सही रास्ते पर हैं और अगले 12 महीनों में हम वर्तमान स्थिति से दोगुने हो जाएंगे। कंपनी अच्छा प्रदर्शन कर रही है और काफी अच्छी तरह से पुनरुद्धार कर रही है।

### चीन पर निजी जानकारी नहीं दी

चीन को कितने विमान दिए जा रहे हैं और उन विमानों का क्या होगा।'' उन्होंने आगे कहा कि 'जो कुछ हुआ है, उससे हम जितना लाभ उठा सकते हैं, निश्चित रूप से हम ऐसा करेंगे।'

# सोना 1,650 रुपए बढ़कर 98,100 के नए शिखर पर, चांदी भी उछली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी की होड़ के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,650 रुपये बढ़कर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की कीमतों में 11 अप्रैल को सबसे बड़ी एक दिवसीय तेजी दर्ज की गई थी, जब स्थानीय बाजारों में इसकी कीमत 6,250 रुपये उछल गई थी। इस साल अब तक सोने की कीमतों में एक जनवरी के 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से 18,710 रुपये या 23.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,650 रुपये बढ़कर 97,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछला बंद भाव 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा, चांदी की कीमतें 1,900 रुपये बढ़कर 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। मंगलवार को चांदी 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थीएलकेपी सिक्योरिटीज के जिंस और मुद्रा के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक) जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''सोने में एक बार फिर जोरदार तेजी आई...एमसीएक्स सोना 95,000 रुपये के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया। कॉमेक्स सोना 3,300 डॉलर को पार कर लिया, जो मजबूत सुरक्षित-निवेश की मांग को दर्शाता है।



### सोना हाजिर में भी बढ़कर सौदे

वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना बढ़कर 3,318 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। बाद में, इसका लाभ कुछ कम हो गया और इसमें 3,299.99 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार हुआ।

- बढ़ते व्यापार युद्ध के कारण सोना बना सुरक्षित निवेश
- चांदी 1,900 रुपए उछलकर 97,650 रुपए प्रति किलोग्राम

### व्यापार युद्ध के कारण सोना लगा रहा नया हाई


कोटक सिक्योरिटीज की एसोसिएट उपाध्यक्ष (जिंस शोध) कायनात चैनवाला ने कहा, ''अमेरिकी सरकार द्वारा चीन को निर्यात नियमों को सख्त करने के बाद व्यापार युद्ध की बढ़ती चिंताओं के कारण सोना रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।''

# अमेरिकी शुल्क से कर्ज की स्थिति कमजोर होगी : मूडीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क से कर्ज की स्थिति कमजोर होगी और खासकर कम रेटिंग वाली कंपनियों के लिए चूक का जोखिम बढ़ेगा।

इसमें कहा गया है कि अप्रत्याशित अमेरिकी व्यापार नीति से वैश्विक ऋण की स्थिति खराब होगी और इसके व्यापक आर्थिक प्रभाव से वृद्धि की रफ्तार सुस्त पड़ेगी तथा मंदी की आशंका बढ़ेगी। मूडीज रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा, "शुल्क से सबसे ज्यादा जोखिम गैर-वित्तीय कॉरपोरेट क्षेत्रों को है। कम रेटिंग वाली कंपनियां ऋण बाजारों पर अपनी निर्भरता से प्रभावित होंगी। ज्यादातर बैंकों और संप्रभु देशों के लिए जोखिम, आर्थिक कमजोरी के जरिये अप्रत्यक्ष हैं। अमेरिकी प्रशासन ने नौ अप्रैल को अधिकांश जवाबी शुल्क के कार्यान्वयन पर 90 दिन की रोक लगा दी। हालांकि, इन देशों पर 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू रहेगा।




- कम रेटिंग वाली कंपनियों का चूक का जोखिम बढ़ेगा
- अमेरिकी व्यापार नीति से वैश्विक ऋण की स्थिति खराब होगी

*निवेश रुकेगा व वृद्धि धीमी होगी : एजेंसी ने कहा कि हालांकि इस 'विराम' से व्यवसायों को उत्पादन और स्रोत को समायोजित करने के लिए अधिक समय मिलेगा, लेकिन 90 दिन के बाद शुल्क व्यवस्था पर स्पष्टता की कमी से व्यवसाय नियोजन में बाधा उत्पन्न होगी, निवेश रुकेगा और वृद्धि धीमी होगी।*

## दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 बिलियन डॉलर पहुंचा

# लगातार चौथी बार अमेरिका बना भारत का टॉप ट्रेड पार्टनर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। वहीं, इस दौरान चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 बिलियन डॉलर हो गया है।

पिछले वित्त वर्ष में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। हालांकि, 2024-25 में चीन से आयात 11.52 फीसदी बढ़कर 113.45 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

### चीन, भारत का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर



### तीसरे नंबर पर संयुक्त अरब अमीरात

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, चीन 2013-14 से 2017-18 तक और 2020-21 में भी भारत का टॉप ट्रेडिंग पार्टनर रहा। चीन से पहले, संयुक्त अरब अमीरात भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर था। 2021-22 से अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान, 100.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया।

### चीन के साथ व्यापार घाटा 17 फीसदी बढ़ा

पिछले वित्त वर्ष में चीन के साथ व्यापार घाटा करीब 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब डॉलर था। 2024-25 में 127.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के दोतरफा कारोबार के बाद चीन भारत का दूसरा बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। वहीं, 2023-24 में यह 118.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

### पिछले वर्ष अमेरिका को निर्यात 11.6 फीसदी बढ़ा

पिछले वित्त वर्ष में अमेरिका को भारत का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 77.52 अरब डॉलर था। वहीं, अगर आयात की बात करें, तो 2024-25 में आयात 7.44 प्रतिशत बढ़कर 45.33 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 42.2 अरब अमेरिकी डॉलर था। अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष पिछले वित्त वर्ष में 41.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो 2023-24 में 35.32 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।


## चिंतन

# पश्चिम बंगाल में हिंसा रोके ममता सरकार

वक्फ अधिनियम में संशोधन करने का अधिकार संसद को है, संसदीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही इसमें संशोधन किया गया है, फिर भी इस संशोधन से किसी को ऐतराज है तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। किसी को भी कानून के विरोध में खुलेआम हिंसा करने का अधिकार नहीं है। हर चीज के लिए नियम कायदे हैं, पुलिस है, अदालत है, इसके बाद भी अगर कोई ठसक में कानून हाथ में लेने की कोशिश करेगा, हिंसा करेगा, तोड़फोड़ करेगा, तो यह सरासर अपराध है, राज्य शासन किसी को भी ऐसा करने की छूट नहीं दे सकता। विरोध जताने का तरीका हिंसक नहीं हो सकता है। वक्फ संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद से देश में मुस्लिम संगठनों व विपक्षी दलों द्वारा प्रायोजित विरोध-प्रदर्शन और इस दौरान बेकाबू हिंसा की घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था व न्याय के पाने के सिद्धांत को तार-तार कर रही हैं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा शर्मनाक है, इसमें तीन लोगों की जान गई, कई घर जला दिए गए और सैकड़ों हिंदुओं को जान बचाने के लिए दूसरे जिले में पलायन करना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल की पुलिस हिंसा रोकने में विफल रही, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा का दायित्व निभाने में नाकाम रही, जो कि किसी भी राज्य सरकार का प्रथम संवैधानिक दायित्व है। ममता की टीएमसी के मंत्री, विधायक व नेताओं ने जिस तरह के बयान दिए, वो और भी चिंता पैदा करने वाली है, क्या जन प्रतिनिधि ऐसे हो सकते हैं, जो तटस्थ न हो, जो हिंसा पर शर्मिंदा न हों और जो उसे रोकने की कोशिश न करें। सुप्रीम कोर्ट को हिंसा पर चिंता प्रकट करनी पड़ी है, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार के लिए इससे शर्मनाक स्थिति क्या हो सकती है? उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हो रही हिंसा ''बहुत व्यथित करने वाली'' है। दरअसल, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने नव-संशोधित वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह तल्ख टिप्पणी की। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, ''एक बात जो बहुत व्यथित करने वाली है, वह है यहां हो रही हिंसा। अगर मामला यहां लंबित है तो ऐसा नहीं होना चाहिए।'' इसी तरह केंद्र की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ''वे (प्रदर्शनकारी) सोचते हैं कि वे इससे व्यवस्था पर दबाव बना सकते हैं।'' सुप्रीम अदालत की बात के मर्म को समझें तो साफ है कि जब मामला अदालत में है, तो सड़क पर विरोध का क्या मतलब है? फिर ये हिंसा करने वाले कौन लोग हैं? हिंसा रोकने में ममता सरकार की नाकामी ही है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय को हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश देना पड़ा। ममता बनर्जी खुद सीएम का दायित्व निभाने की बजाय राजनीति में लिप्त नजर आ रही हैं, जब वो बयान दे रही हैं कि मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा पूर्व नियोजित थी, भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों के एक वर्ग ने हिंसा भड़काई। ममता को अपने पद का भान होना चाहिए, वो क्या बोल रही हैं, वह आरोपों नहीं तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। खुद के शासन में हो रही हिंसा को लेकर सीएम ममता आरोपों का खेल कैसे खेल सकती हैं? सीएम ममता को नागरिकों की सुरक्षा बिना भेदभाव सुनिश्चित करनी चाहिए और पश्चिम बंगाल में शांति स्थापित करनी चाहिए। सीएम के नाते यह उनका संवैधानिक दायित्व है।

## जयंती विशेष


कृष्ण प्रताप सिंह



# अटल जी को 'गुरुदेव' कहते थे चन्द्रशेखर

वर्ष 1927 में 17 अप्रैल को यानी आज के ही दिन उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक बलिया जिले में स्थित इब्राहिमपट्टी गांव के एक सामान्य परिवार में जन्मे देश के आठवें प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर का कोई आधी शताब्दी का राजनीतिक जीवन कई चढ़ाव-उतारों से भरा रहा। वे कभी राजनीतिक अस्पृश्यता व असहिष्णुता के फेर में नहीं पड़े और 2007 में आठ जुलाई को इस संसार से अजातशत्रु के रूप में विदा हुए। उनकी अजातशत्रुता की एक मिसाल यह भी है कि अलग-अलग और परस्पर विरोधी खेमों में रहने के बावजूद वे अटल बिहारी वाजपेयी को हमेशा 'गुरुदेव' कहकर ही बुलाते रहे। वे 'गुरुदेव' से पहले प्रधानमंत्री बन गये तो भी उनका यह सम्बोधन नहीं बदला। जब भी संसद में अटल भाषण दे रहे होते और विरोधी नेता शोरगुल करते, वे शोरगुल शांत कराने की कोशिश जरूर करते थे। यह और बात है कि अटल के प्रधानमंत्रीकाल में वे उनकी कई नीतियों के मुखर आलोचक भी रहे। एक समय तो वे उनसे यह कहने से भी नहीं चूके थे कि 'गुरुदेव, अगर आप सर्वोच्च पद पर रहते हुए भी देश का काम नहीं कर पा रहे तो आपको हट जाना चाहिए।'

इस संयोग की कई हल्कों में आज भी रस लेकर चर्चा की जाती है कि इनमें शिष्य अपने गुरुदेव से पहले प्रधानमंत्री बन गया था, लेकिन सर्वश्रेष्ठ सांसद बनने में वह उनसे पिछड़ गया था। बहरहाल, हम जानते हैं कि अपने कई दशक समाजवादी आंदोलन को देने के बाद चन्द्रशेखर कांग्रेस में जाकर 'युवा तुर्क' तो कहलाये थे, लेकिन उन दिनों की उसकी शीर्षस्थ नेता इंदिरा गांधी से वैचारिक असहमतियों ने उसमें उनकी पारी लम्बी नहीं होने दी थी। 1975 में इंदिरा गांधी ने देश पर इमर्जेंसी थोपी तो विपक्षी नेताओं के साथ उनको भी जेल भेज दिया था। 1977 में वे इंदिरा के विरुद्ध हुए जनता पार्टी के प्रयोग में शामिल होकर उसके अध्यक्ष पद तक पहुंचे। कोई दशक भर बाद जनता दल नामक प्रयोग में 10 नवम्बर, 1990 को बेहद विपरीत परिस्थितियों में वे तब देश के आठवें प्रधानमंत्री बने,



जब अयोध्या मामले को लेकर रथयात्रा निकाल रहे वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को बिहार में गिरफ्तार कर लिया गया और उससे खफा भाजपा ने विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार से समर्थन वापस लेकर उसे गिरा दिया। यह सरकार गिर जाने के उपरांत सत्तारूढ़ जनता दल में फूट पड़ गई थी और उसके सांसदों के एक गुट ने चन्द्रशेखर के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए उसने उस कांग्रेस का 'बाहरी समर्थन' लेने से भी परहेज नहीं किया था, जिसके खिलाफ उसने साल भर पहले चुनाव लड़ा था। इसलिए चन्द्रशेखर के शपथग्रहण के दिन से ही देश को पता था कि उनकी सरकार की उम्र बहुत लम्बी नहीं होने वाली और चन्द्रशेखर आठ महीने से कुछ कम ही प्रधानमंत्री की कुर्सी पर रह पाये थे। इन आठ महीनों का इस अर्थ में बड़ा महत्व है कि बतौर प्रधानमंत्री उन्होंने जो भी फैसले लिये, किसी दबाव में आये बिना बहुत दृढ़ होकर लिये। उनसे उन्हें वापस लेने की मांग की जाने लगी तो भी बेलाग-लपेट यही कहा कि 'मैं राजीव गांधी नहीं हूं जो एक दिन में तीन बार फैसला बदलूं।' उन्हें सत्ता मिली तो देश की अर्थव्यवस्था की हालत बेहद खस्ता थी। देश की साख बचाने के लिए 21 से 31 मई के बीच देश का बीस हजार टन सोना स्विट्जरलैंड के यूबीएस बैंक में गिरवी रखना पड़ा था। चन्द्रशेखर ने इस विकट स्थिति का बहुत दृढ़ होकर सामना किया। अपनी आत्मकथा 'जीवन जैसा जिया' में प्रधानमंत्री बनने से पहले के अपने जीवन का जिक्र करते हुए चन्द्रशेखर ने लिखा है कि प्रधानमंत्री तो क्या, संसद सदस्य बनना भी उनके सपने में नहीं था। उन्हें लगता था कि सांसद जब भी आपस में मिलते होंगे, देश और समाज की गंभीर समस्याओं को हल करने पर ही विचार-विमर्श करते होंगे। लेकिन बाद में यह देखकर उन्हें बहुत निराशा हुई कि ऐसा नहीं था और सांसदों को आमतौर पर अपने घरों की चमक-दमक की ही ज्यादा फिक्र रहती थी। राज्यसभा के वर्तमान उपसभापति हरिवंश उनके प्रधानमंत्री काल में उनके अतिरिक्त सूचना सलाहकार हुआ करते थे। उन्होंने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर पुस्तक लिखी है। हरिवंश के अनुसार चंद्रशेखर जीवनभर पूरी तरह फियरलेस थे और अपनी बात को लेकर सत्ता के शिखर पर बैठे लोगों से टकराने में अपनी दोस्ती तक को दांव पर लगा देते थे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



स्वास्थ्य
प्रोफेसर अश्वनी महाजन

# कम तेल खाना सेहत के लिए अच्छा

आज भारत में बड़ी संख्या में लोग वज़न कम होने से कम, बल्कि मोटापे की समस्या से ज्यादा पीड़ित हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से खाद्य तेलों का इस्तेमाल कम से कम करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि साल 2050 तक भारत में 44 करोड़ लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित होंगे, जो कई बीमारियों की जड़ है। यदि हमारे खाद्य तेल की खपत कम हो जाती है, तो वर्ष 2030 तक देश में मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ने की चिंता का भी कुछ हद तक समाधान हो जाएगा। इससे बीमारियां कम होंगी, बीमारियों पर होने वाला खर्च बचेगा और साथ ही लोगों की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

भारत के बारे में एक आम धारणा यह है कि भारत भयंकर भूख से पीड़ित देश है। अगर हम वेल्टहंगर हिल्फ़ की रिपोर्ट पर यकीन करें तो आज भी भारत 127 देशों की सूची में भूख के मामले में 105वें स्थान पर है। लेकिन सच यह है कि आज भारत में बड़ी संख्या में लोग वज़न कम होने से कम, बल्कि मोटापे की समस्या से ज़्यादा पीड़ित हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से खाद्य तेलों का इस्तेमाल कम से कम करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि साल 2050 तक भारत में 44 करोड़ लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित होंगे, जो कई बीमारियों की जड़ है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि टाइप-2 डायबिटीज़, हृदय रोग, कैंसर और स्ट्रोक समेत कई बीमारियां मुख्य रूप से मोटापे की वजह से होती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16 और 2020-21 के अनुसार, इन 5 वर्षों में मोटापे से पीड़ित महिलाओं की संख्या 20.6 प्रतिशत से बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई, जबकि पुरुषों में यह 18.9 प्रतिशत से बढ़कर 22.9 प्रतिशत हो गई। यानी हमारी लगभग एक-चौथाई आबादी मोटापे से पीड़ित है। मोटापे की समस्या आम तौर पर जीवनशैली से जुड़ी होती है। इसके कई कारण हैं, जिनमें शारीरिक श्रम की कमी, वसा (खाद्य तेल), चीनी और नमक का अधिक सेवन शामिल है। अगर हम खाद्य तेलों के उपयोग की बात करें तो हम देखते हैं कि खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति खपत, जो 1950 से 1960 के दशक में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष केवल 2.9 किलोग्राम थी, अब उद्योग रिपोर्ट के अनुसार बढ़कर 19.4 किलोग्राम प्रति व्यक्ति वार्षिक हो गई है। गौरतलब है कि जनसंख्या 1951 में 35.4 करोड़ से बढ़कर 2023 तक 143.8 करोड़ हो गई और इस अवधि के दौरान खाद्य तेलों की घरेलू उपलब्धता 13.8 लाख टन से बढ़कर 114 लाख मीट्रिक टन हो गई। लेकिन इसी अवधि के दौरान, 1951 में खाद्य तेलों के नगण्य आयात की तुलना में, 2022-23 तक यह 164.7 लाख टन तक पहुंच गया। घरेलू उत्पादन में आयात को जोड़कर, खाद्य तेलों की कुल उपलब्धता 2022-23 तक 278.7 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई। यह ध्यान देने योग्य है कि यदि खाद्य तेलों की खपत आईसीएमआर द्वारा अनुशंसित सीमा के भीतर हो तो भले ही घरेलू उत्पादन मौजूदा स्तर पर बना रहे, भारत को खाद्य तेलों के आयात की आवश्यकता केवल 56.64 लाख मीट्रिक टन होगी। देश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने तथा आयात पर बोझ कम करने के लिए भारत सरकार द्वारा अक्टूबर 2024 में खाद्य तेल मिशन शुरू किया गया, जिसके अनुसार 10103 रुपये का व्यय किया जाएगा तथा प्राथमिक तिलहनों का उत्पादन वर्ष 2022-23 में 390 लाख टन से बढ़ाकर अगले 7 वर्षों में 697 लाख टन करने का लक्ष्य रखा गया है। कहा जा सकता है कि इससे आयात पर निर्भरता कम होगी। यदि प्रधानमंत्री की अपील भी कारगर रही तो आयात और भी कम हो जाएगा। वर्तमान में भारत में उत्पादित खाद्य तेलों का 67.4 प्रतिशत विभिन्न प्राथमिक तिलहनों से, 5.1 प्रतिशत नारियल से, 2.2 प्रतिशत ताड़ से, 11.0 प्रतिशत कपास के बीजों से, 9.8 प्रतिशत चावल की भूसी से, 3.1 प्रतिशत तिलहनों के सॉल्वेंट निष्कर्षण से तथा 1.4 प्रतिशत वनों एवं वृक्षों




से प्राप्त होता है। देश में विभिन्न प्रकार के तिलहनों का उत्पादन पारंपरिक तरीके से किया जाता है। भारत के पारंपरिक खाद्य तेल काफी हद तक स्वास्थ्य के लिए अच्छे माने जाते हैं। लेकिन विदेशों पर हमारी निर्भरता के कारण देश में बड़ी मात्रा में ऐसे तेल आयात और उपयोग होने लगे, जिन्हें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। यह भी माना जाता है कि जीएम खाद्य तेलों का भी अवैध रूप से बड़ी मात्रा में आयात किया जा रहा है। आज जब भारत में खाद्य तेलों की कुल खपत का 57 फीसदी आयात से पूरा होता है, जिसमें से 59 फीसदी पाम ऑयल से आता है। इसके अलावा सूरजमुखी तेल, सोयाबीन तेल, पाम ऑयल का भी आयात किया जाता है। भारत के अपने उत्पादित तेलों में सरसों तेल की हिस्सेदारी 33 फीसदी, मूंगफली तेल की 25.4 फीसदी और सोयाबीन की 19 फीसदी है। सरसों तेल का भारतीय खानपान में काफी महत्व है और यह सबसे ज्यादा लोकप्रिय भी है। लेकिन खाद्य तेलों के अपर्याप्त उत्पादन और प्रति व्यक्ति खपत में लगातार वृद्धि तथा बढ़ती जनसंख्या के कारण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाम ऑयल जैसे तेल भी बड़ी मात्रा में भारत में प्रवेश कर चुके हैं। भारत में बड़ी मात्रा में आयात किया जाने वाला पाम ऑयल, जो अब हमारी खाद्य श्रृंखला का एक प्रमुख हिस्सा बन चुका है, वास्तव में स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इसमें संतृप्त वसा की उच्च मात्रा के कारण हानिकारक एलडीएल कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की संभावना है, जिससे हृदय रोग, मोटापा और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन सस्ता होने के कारण इसका आयात लगातार बढ़ रहा है। यह भी माना जाता है कि भारत में सरसों के तेल में ब्लेंडिंग के नाम पर बड़ी मात्रा में पाम ऑयल मिलाकर बेचा जाता है। इसके अलावा जीएम तेलों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव की चिंता भी महत्वपूर्ण है। यह अनुभव किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी लोकप्रियता के कारण लोगों को जो भी सलाह या अपील करते हैं, उसका लोगों पर निश्चित रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। चाहे खुले में शौच से जुड़ी अपील हो, या स्वच्छता की बात हो, या कोविड के दौरान टीका लगवाने की सलाह हो, या गैस सब्सिडी छोड़ने की बात हो, ऐसे कई उदाहरण हैं जहां लोगों ने प्रधानमंत्री की बातों को बहुत गंभीरता से लिया और देश और समाज को इससे बहुत लाभ हुआ। इसी तरह प्रधानमंत्री द्वारा लोगों को अपने भोजन में खाद्य तेलों की खपत 10 प्रतिशत कम करने की दी गई सलाह वास्तव में देश के लोगों के स्वास्थ्य और देश की अर्थव्यवस्था दोनों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। वर्ष 2030 में 151 करोड़ की अपेक्षित आबादी के साथ, यदि देश में खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति वार्षिक खपत 10 प्रतिशत कम हो जाती है; तो इसका कुल प्रभाव यह होगा कि देश में खाद्य तेलों का आयात वर्तमान 164.7 लाख टन से घटकर मात्र 60.7 लाख टन रह जाएगा, यानी आयात में 63 प्रतिशत की कमी आएगी। देश से बहुमूल्य विदेशी मुद्रा का बहिर्गमन भी आनुपातिक रूप से कम हो जाएगा। यदि हमारे खाद्य तेल की खपत कम हो जाती है, तो वर्ष 2030 तक देश में मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ने की चिंता का भी कुछ हद तक समाधान हो जाएगा। इससे बीमारियां कम होंगी, बीमारियों पर होने वाला खर्च बचेगा और साथ ही लोगों की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इतना ही नहीं, देश के किसान, जो सस्ते पाम ऑयल के आयात के कारण फिलहाल तिलहनों का उचित मूल्य नहीं पा रहे हैं, उन्हें भी अपने तिलहनों पर बेहतर मूल्य मिलने लगेंगे, जिससे देश में तिलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री की इस सलाह का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की तत्काल आवश्यकता है, ताकि लोगों के स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था की सेहत दोनों में सुधार हो सके।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित

## दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम् को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम् की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

# प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित

## प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़िये। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### आठवें वेतन आयोग के गठन में विलंब क्यों?

जनवरी 2025 में जब केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की, तो देश भर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। यह घोषणा उनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं थी, क्योंकि वेतन आयोग का गठन न केवल उनकी आय को बढ़ाने का वादा करता है, बल्कि उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने और महंगाई के दबाव को कम करने का भी एक अवसर प्रदान करता है। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, यह उत्साह धीरे-धीरे निराशा और बेचैनी में बदलने लगा। अप्रैल माह भी आधा बीत गया, मगर अभी तक न तो वेतन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की गई है, न ही इसका कोई अध्यक्ष घोषित किया गया है। *- सुनील सक्सेना, भिलाई*

## करंट अफेयर

# मालदीव ने गाजा युद्ध के कारण लगाया प्रतिबंध


मालदीव ने गाजा में युद्ध के कारण इजराइली पासपोर्ट धारकों को देश में प्रवेश से रोकने के लिए अपने आव्रजन कानून में बदलाव किया है। राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, संशोधन को सोमवार को संसद द्वारा पारित किया गया और मंगलवार को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इसे मंजूरी दी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह कानून दोहरी नागरिकता वाले उन लोगों पर लागू होगा या नहीं जिनके पास इजराइल और किसी अन्य देश का पासपोर्ट है। मंत्रिमंडल ने आव्रजन कानून में बदलाव का निर्णय लगभग एक वर्ष पहले लिया था, लेकिन सरकार ने इस सप्ताह इसे औपचारिक रूप दिया। बयान में कहा गया, 'यह बदलाव फलस्तीनी लोगों के खिलाफ इजराइल द्वारा किए जा रहे अत्याचारों और नरसंहार कृत्यों के जवाब में सरकार के दृढ़ रुख को दर्शाता है।' मालदीव मुख्य रूप से सुन्नी बहुल मुस्लिम राष्ट्र है जहां अन्य धर्मों का प्रचार प्रसार और पालन करना कानूनी रूप से प्रतिबंधित है। आव्रजन के उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में इजराइली पासपोर्ट वाले 59 लोग मालदीव पहुंचे।



## ऑफ बीट

# रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है।



लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंत:स्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।

## ट्रेंड


### दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान



राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ सार्थक बातचीत हुई। फिनलैंड यूरोपीय संघ का एक महत्वपूर्ण साझेदार देश है। हम अपने संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान किया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### संविधान से चलेगा देश



कुछ लोग कह रहे हैं कि उनके लिए 'संविधान' से बढ़कर 'शरीयत' है, मैं 'उनसे' कहना चाहता हूं- भारत तो बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा, जहां शरीयत का कानून लागू होता है, उनको वहां जाना चाहिए...

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### मुनियों पर हमला निंदनीय



मप्र के नीमच में मंदिर में विश्राम कर रहे जैन मुनियों पर हिंसक हमला घोर निंदनीय है। इस मामले की गहरी जाँच हो न कि दिखावटी कार्रवाई और इस दुर्भावनापूर्ण कुकृत्य के पीछे की असली मंशा जगज़ाहिर हो कि सम्मानीय मुनियों के ऊपर ये घातक हमला क्यों हुआ।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद


### महिला श्रम बल



हमारी महिला श्रम बल भागीदारी दर में सुधार न केवल लैंगिक समानता के दृष्टिकोण से, बल्कि आर्थिक विकास और सतत विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है।

-किरण मजूमदार, उद्यमी

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# एक्शन छोड़ अब कॉमेडी करेंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने करियर की शुरुआत रोमांटिक फिल्मों से की थी, लेकिन 'एक विलेन' में जबरदस्त एक्शन अवतार के बाद उन्होंने एक्शन फिल्मों की ओर रुख कर लिया। उस समय दर्शकों को उनका रफ एंड टफ लुक काफी पसंद आया था, जिससे एक्टर को लगा कि यही उनकी असली पहचान है। हालांकि, लगातार एक्शन फिल्मों के फ्लॉप होने के बाद उन्हें अहसास हुआ कि सिर्फ एक्शन ही उनका फोर्ट नहीं है। अब सिद्धार्थ मल्होत्रा अपनी छवि को नया मोड़ देने की कोशिश कर रहे हैं और इसके तहत उन्होंने कॉमेडी फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया है।

लाइफ Style



# पूजा

## जरूरी नहीं जितने फॉलोअर्स उतने टिकट भी बिकें

अभिनेत्री पूजा हेगड़े इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'रेट्रो' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अब फिल्म को लेकर प्रमोशन भी शुरू हो गया है। इसको लेकर फिल्म की कास्ट अलग-अलग जगहों पर पहुंचकर फिल्म का प्रचार कर रही है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इसी कड़ी में फिल्म की अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने सोशल मीडिया के अपने फॉलोअर्स और बॉक्स ऑफिस के टिकट को लेकर एक मजेदार टिप्पणी की है। सोशल मीडिया के फॉलोअर्स और अपने प्रशंसकों को लेकर पूजा हेगड़े ने फिल्म प्रमोशन के दौरान बातचीत में कहा, "सोशल मीडिया और वास्तविक दुनिया दो अलग-अलग चीजें हैं। जब मैं हैदराबाद या तिरुमाला जाती हूं, तो लोगों से मिलती हूं और यह मेरे लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। सोशल मीडिया पर ऐसे बॉट होते हैं, जिनके पास न तो डिस्प्ले पिक्चर होती है और न ही उनके अकाउंट में कोई पोस्ट होती है। मैं भी उन फेसलेस ट्रोल्स से प्रभावित होती हूं, क्योंकि मैं भी एक इंसान हूं। लेकिन यह समझना जरूरी है कि यह वास्तविक दुनिया नहीं है।" अभिनेत्री ने आगे अपने फॉलोअर्स और बॉक्स ऑफिस के टिकट बिकने पर कहा, "मेरे लगभग 30 मिलियन इंस्टा फॉलोअर्स हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि बॉक्स ऑफिस पर 30 मिलियन टिकट बिकेंगे। इसी तरह, कई सुपरस्टार्स के सिर्फ 5 मिलियन इंस्टा फॉलोअर्स हैं, लेकिन वे बहुत ज्यादा भीड़ खींचते हैं। अपना काम ठीक से करना और लोगों से सीधे फीडबैक लेना महत्वपूर्ण है।" कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित 'रेट्रो' 1 मई को रिलीज होनी है।

## हॉलीवुड मसाला



# 6 साल बाद पर्दे पर करेंगे वापसी

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जॉनी डेप जल्द ही थ्रिलर फिल्म डे ड्रिंकर के साथ बड़े पर्दे पर 6 साल बाद वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म उनकी कई सालों में पहली बड़ी स्टूडियो फिल्म होगी। सोमवार को लायंसगेट स्टूडियो ने फिल्म से जॉनी डेप का पहला लुक जारी किया, जो दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इस फिल्म में जॉनी के साथ पेनेलोप क्रूज नजर आएंगी। यह दोनों का चौथा साथ में काम है। फिल्म का निर्देशन मार्क वेब कर रहे हैं और इसकी कहानी जैच डीन ने लिखी है।



# हार्वे के मामले में जूरी की सुनवाई शुरू...

**लॉस एंजिलिस।** पिछली बार जब न्यूयॉर्क शहर की जूरी ने हार्वे वेनस्टेन के मामले में फैसला सुनाया था तो पूर्व फिल्म स्टूडियो मालिक को दुष्कर्म का दोषी ठहराया गया था और 23 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। पांच साल बाद वह ऐतिहासिक मीटू फैसला खत्म हो गया है, क्योंकि अपील पर उसे हटा दिया गया है और वेनस्टेन पर फिर से मुकदमा चलाया गया, जिसकी शुरुआत मंगलवार को जूरी के चयन के साथ हुई। न्यूयॉर्क के सुप्रीम कोर्ट, अपील कोर्ट ने वेनस्टेन की कन्विक्शन को पलट दिया और एक नए मुकदमे का आदेश दिया। इस फैसले ने वेनस्टेन को आरोपों से लड़ने का दूसरा मौका दिया और ऐसा उन्होंने अपने पहले मुकदमे की तुलना में एक अलग माहौल में किया। वेनस्टीन ने खुद को निर्दोष बताया है।



# उतर गया कॉमेडी क्वीन का चेहरा...

**मुंबई।** कॉमेडी क्वीन भारती सिंह जब भी पैपराजी से मिलती हैं तो बहुत खुशमिजाज लहजे में उनसे बात करती हैं, लेकिन हालिया मुलाकात में फोटोग्राफर्स ने उनके साथ जो किया, वो भारती सिंह के फैंस को बिलकुल भी रास नहीं आया। रियलिटी टीवी शो 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 2' की होस्ट भारती सिंह हालिया एपिसोड में 'हम आपके हैं कौन' फिल्म की माधुरी दीक्षित वाले अवतार में सेट पर पहुंचीं। लेकिन शूटिंग पर जाने से पहले उन्होंने बाहर इंतजार कर रहे फोटोग्राफर्स से मुलाकात की। लेकिन फोटोग्राफर्स ने भारती के साथ जैसा बर्ताव किया वो उनके फैंस को फूटी आंख नहीं सुहा रहा है। दरअसल भारती को माधुरी दीक्षित वाले लुक में देखकर एक फोटोग्राफर बोला, उबली हुई माधुरी। इस फोटोग्रापर की देखा-देखी कुछ और पैपराजी ने भी भारती को यह कहना शुरू कर दिया।



# दिल टूटने के बाद समझ आता है

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर और करीना कपूर की लव स्टोरी और उनके ब्रेकअप की बात से कोई अंजान नहीं है। अलग होने के बाद दोनों को अक्सर मौकों पर एक दूसरे को इग्नोर करते हुए देखा गया, मगर हाल ही में दोनों एक इवेंट में एक दूसरे से बात करते हुए दिखे। ब्रेकअप के बाद करीना की लाइफ में सैफ अली खान आ गए थे और उन्होंने शादी कर ली थी। मगर शाहिद पर इसका गहरा असर पड़ा था और इसके बारे में उन्होंने हाल ही में बताया। राज शमानी के पॉडकास्ट में शाहिद कपूर ने दिल टूटने के दर्द के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था, "कभी-कभी जब आपका दिल टूटता है, तो आपको लगता है कि आप इतने अच्छे नहीं हैं।" उन्होंने बताया कि अगर प्यार गहरा हो तो लोग अपने रिश्ते को बचाने की पूरी कोशिश करते हैं।

## टीवी मसाला



# निशा ने ट्रोल्स को सुनाई खरी-खोटी

**मुंबई।** सोशल मीडिया के जमाने स्टार्स को ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ता है। इन दिनों एक वायरल वीडियो के चलते टीवी एक्ट्रेस निशा रावल को ट्रोल किया जा रहा है। दरअसल, वीडियो में एक्ट्रेस का बेटा उन्हें गले लगाता नजर आ रहा है। एक्ट्रेस की चेस्ट पर उनके बेटे ने किस कर दिया और इसके बाद लोगों ने एक्ट्रेस को सोशल मीडिया पर खूब खरी-खोटी सुनाई। छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री निशा रावल का यह वीडियो सारा अर्फीन खान की इफ्तार पार्टी का है। बता दें कि सारा भी अक्सर किसी ना किसी वजह को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में रहती हैं। खैर, निशा को वायरल वीडियो के लिए अपमानजनक टिप्पणी झेलनी पड़ी। आखिरकार अब एक्ट्रेस ने इन तमाम नकारात्मक कमेंट पर चुप्पी तोड़ते हुए हेटर्स को करारा जवाब दिया है। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'शर्म आनी चाहिए उन लोगों को जो मां-बेटे के रिश्ते को उस नजर से देखते हैं। खोट उनके मन में है, इसलिए अब इस पर और कुछ कहने की मुझे बिल्कुल भी जरूरत नहीं है।'


## विवेक तलाक की खबरों पर ले रहे मजे

**मुंबई।** मनोरंजन जगत में अफवाहों का बाजार हमेशा गरम ही रहता है। कभी डेटिंग की अफवाह उड़ती है तो कभी तलाक की। पिछले दिनों खबर आई थी कि शादी से 37 साल बाद गोविंदा अपनी पत्नी सुनीता आहूजा से अलग हो रहे हैं। हालांकि, बाद में इस खबर को खारिज कर दिया गया था। अब टीवी इंडस्ट्री में एक फेमस स्टार कपल के तलाक की अफवाह उड़ रही है। हम जिस फेमस स्टार कपल की बात कर रहे हैं, वो कोई और नहीं बल्कि ये हैं मोहब्बतें की इशिता यानी दिव्यांका त्रिपाठी और उनके पति विवेक दहिया हैं। हाल ही में, ऐसी अफवाह उड़ी कि शादी के 9 साल बाद दिव्यांका और विवेक एक-दूसरे से अलग हो रहे हैं। अब एक्टर ने खुद इन खबरों पर पहली बार चुप्पी तोड़ी है। विवेक ने तलाक की अफवाहों को खारिज किया है और उन्होंने यह भी कहा कि वह इन खबरों से परेशान होने की बजाय इस पर हंस रहे थे। बकौल एक्टर , बहुत मजे आ रहे हैं।



# बॉलीवुड की इन टॉप हिरोइनों ने आइटम सांग्स कर जीता फैंस का दिल...

*मुंबई। बॉलीवुड फिल्मों में आइटम सॉन्ग्स एक अहम हिस्सा होते हैं। हम आपको बॉलीवुड की बड़ी हिरोइनों के नाम बता रहे हैं जिन्होंने फिल्मों में एक्टिंग के साथ-साथ आइटम सॉन्ग्स से भी नाम कमाया। आज हम आपको बॉलीवुड की उन टॉप हिरोइनों के नाम बता रहे हैं जिन्होंने एक्टिंग के साथ-साथ फिल्मों में आइटम सॉन्ग्स पर भी परफॉर्म किया। इस लिस्ट में प्रीति जिंटा का भी नाम है।*




**करीना कपूर :** लिस्ट में सबसे पहला नंबर करीना कपूर खान का है। वैसे तो करीना कपूर एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं, लेकिन उन्होंने दबंग 2 में फेविकोल से, हिरोइन में हलकट जवानी और ब्रदर्स में मेरा नाम मैरी है जैसे आइटम सॉन्ग्स पर परफॉर्म करके भी फैंस का दिल जीता है।



**ऐश्वर्या राय :** लिस्ट में दूसरा नंबर ऐश्वर्या राय का नाम। उन्होंने बंटी और बबली में कजरा रे और शक्ति द पावर में इश्क कमीना जैसे गानों पर परफॉर्म किया है।



**प्रियंका चोपड़ा :** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने गोलियों की रासलीला में राम चाहे लीला चाहे राम और शूटआउट एट वडाला फिल्म में बबली बदमाश है जैसे गानों पर परफॉर्म किया है।



**कटरीना कैफ :** बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ फिल्म अग्निपथ में चिकनी चमेली गाने पर परफॉर्म किया गया था। उनके इस गाने को खूब पसंद किया गया था।



**प्रीति जिंटा :** प्रीति जिंटा ने साल 2009 में आई सलमान खान की फिल्म मैं और मिसेज खन्ना में एक आइटम सॉन्ग (हैपनिंग) किया था। फिल्म में आइटम सॉन्ग करने के बाद प्रीति जिंटा ने कहा था कि उन्होंने ये आइटम सॉन्ग सिर्फ सलमान खान की वजह से किया था। उन्होंने कहा था कि आइटम सॉन्ग्स उनके लिए नहीं है। इसके बाद प्रीति जिंटा ने कभी आइटम सॉन्ग्स नहीं किए।

# सम्मानित होंगे सुनील शेट्टी-श्रद्धा कपूर



**मुंबई।** जल्द ही लता दीनानाथ मंगेशकर नाट्यगृह में गुरु दीनानाथ मंगेशकर का 83वां स्मृति दिवस को मनाया जाएगा। इस मौके पर एक आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें कला क्षेत्र से जुड़ी कई हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 24 अप्रैल की शाम को मुंबई के विले पार्ले (ई) में आयोजित होगा। आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष पद्म विभूषण श्री कुमार मंगलम बिड़ला को उनके दूरदर्शी नेतृत्व और भारत के विकास में सहयोग के लिए लता दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड दिया जाएगा। साथ ही सुनील शेट्टी, श्रद्धा कपूर को भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। सोनाली कुलकर्णी को भी थिएटर, फिल्मों में अपने उम्दा काम के लिए अवॉर्ड मिलेगा। गायिका रीवा राठौड़ को भी लता दीनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड मिलेगा। साहित्य में वाग्विलासिनी पुरस्कार श्रीपालजी सबनीस को मिलेगा। इस आयोजन में थिएटर, फिल्म के कलाकार शरद पोंक्षे और अभिनेता सचिन पिलगांवकर के अभिनय, निर्देशन वाली फिल्मों पर प्रकाश डाला जाएगा, साथ ही अवॉर्ड से सम्मानित भी किया जाएगा।

## इस फिल्म ने टोटल 63.75 करोड़ का कलेक्शन किया है

# 'जाट' के चर्च सीन पर मचा हंगामा, रोक लगाने की मांग, दिया अल्टीमेटम

**मुंबई।** दरअसल, डायरेक्टर गोपीचंद मलिनेनी की फिल्म 'जाट' के जिस सीन को लेकर विवाद हो रहा है। वो चर्च में फिल्माया गया है, जिसमें खूब मारधाड़ और खून-खराबा होता दिख रहे हैं। अब फिल्म के इसी सीन पर क्रिश्चियन समुदाय की ओर से आपत्ति जताई गई है। उनकी ओर से इस पर एक्शन लेने की मांग की गई है। उन्होंने दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने ऐलान किया था कि वो मंगलवार को सिनेमाघरों का घेराव करेंगे लेकिन पुलिस ने मामले को तुरंत संभाला और इसे रोक दिया था। इसके बाद क्रिश्चियन कम्युनिटी ने ज्वॉइंट पुलिस कमिश्नर को फिल्म पर रोक लगाने का मांग पत्र सौंपा।

*सनी देओल की फिल्म 'जाट' पर विवादों के बादल मंडराते नजर आ रहे हैं। फिल्म के एक सीन को लेकर बवाल खड़ा हो गया है। फिल्म को लेकर विवाद की शुरुआत हुई है और उस सीन को हटाने के लिए दो दिनों का अल्टीमेटम भी मिला है। अगर ऐसा नहीं होता है तो आने वाले दिनों में भारी विवाद खड़ा हो सकता है। 'जाट' के एक सीन पर क्रिस्चियन कम्यूनिटी ने आपत्ति जताई है। समुदाय की ओर से कहा गया कि अगर फिल्म के उस सीन पर एक्शन नहीं लिया गया तो वो इसका विरोध बड़े लेवल पर ले जाएंगे।*



**क्या है 'जाट' का वो सीन? :** समुदाय की ओर से इसमें चर्च वाले सीन का भी जिक्र किया गया है। उनकी ओर से कहा गया कि फिल्म के एक सीन में चर्च के अंदर लोगों को प्रार्थना करते हुए दिखाया गया है। इसमें पवित्र पुलपट के ऊपर जीसस क्राइस्ट की केस वाली तस्वीर के नीचे रणदीप हुड्डा खड़े हैं और सीन में चर्च के अंदर गुंडागर्दी और लोगों को धमकाने के सीन दिखाए गए हैं, जो आपत्तिजनक हैं। क्रिश्चियन समुदाय की ओर से कहा गया कि इसकी वजह से पूरी कम्युनिटी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। समुदार की ओर से आरोप लगाया गया कि ये भारत में ईसाई धर्म के खिलाफ एक सोची-समझी साजिश है और दबाव बनाने की कोशिश की गई है। सीन में चर्च में बअदबी का भी आरोप लगाया गया है।

### बेअदबी की धारा के तहत मामला दर्ज

'जाट' के इस सीन को लेकर क्रिश्चियन समुदाय ने रणदीप हुड्डा समेत फिल्म की स्टार कास्ट, निर्देशक, निर्माता और बैनर के खिलाफ बेअदबी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस फिल्म पर रोक लगाने की अपील की गई है। कम्युनिटी की ओर से इस पर दो दिनों का अल्टीमेटम दिया गया है और कहा कि अगर 2 दिन में कार्रवाई नहीं की जाती है तो इसका विरोध बड़े लेवल पर होगा।

### जाट ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ की ओर बढ़ाए कदम

मुंबई। सनी देओल की दूसरी पारी बॉक्स ऑफिस पर काफी दमदार तरीके से शुरू हुई है। 2023 में उनकी फिल्म 'गदर 2' जहां बॉक्स ऑफिस पर तूफान लेकर आई थी, वहीं दूसरी तरफ अब 'जाट' ने भी बॉक्स ऑफिस पर ऐसी रफ्तार पकड़ी है, जो आसानी से कम नहीं होगी। भारत में तो जाट का जलवा देखने को मिल ही रहा है, लेकिन विदेशों में भी सनी देओल और रणदीप हुड्डा स्टारर इस फिल्म को रोकना अब मुश्किल हो रहा है। इंडिया में 50 करोड़ के आसपास पहुंच चुकी जाट वर्ल्डवाइड अब 100 करोड़ की तरफ कदम बढ़ा चुकी है। 13 करोड़ से दुनियाभर में ओपनिंग लेने वाली सनी देओल की एक्शन ड्रामा फिल्म ने महज छह दिनों में विदेशों में 60 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, वर्ल्डवाइड छह दिनों में इस फिल्म ने टोटल 63.75 करोड़ का कलेक्शन किया है।

# हुकुमचंद मिल की तरह रतलाम की सज्जन मिल के मजदूरों का बकाया भुगतान भी शीघ्र होगा

- तय करेंगे उद्योगपति बनाएं मजदूरों के लिए सर्वसुविधायुक्त पक्के आवास
- मुख्यमंत्री ने किया वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के अधिवेशन का शुभारंभ



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के 7वें अधिवेशन के शुभारंभ सत्र में सम्बोधित करते हुए कहा कि मजदूर भाई-बहनों की सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए भोपाल में विभागों से समन्वय कर काम किया जाएगा। इंदौर की हुकुमचंद मिल के मजदूर भाई-बहनों की तरह रतलाम की सज्जन मिल के मजदूरों का बकाया भुगतान भी शीघ्र करवा दिया जाएगा। सरकार की ओर से औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर तलाशने के लिए औद्योगिक निवेश के लिए संभागीय स्तर पर रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर उद्योगपतियों के साथ अनुबंध किए गए हैं। भोपाल में 9वीं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की गई। प्रावधान किया जाएगा कि उद्योगपति औद्योगिक परिसर में मजदूरों के लिए सर्वसुविधायुक्त पक्के आवास बना कर दें। डॉ यादव ने कहा कि देश के हित में करेंगे काम, और काम के लेंगे पूरे दाम, यह भारतीय मजदूर संघ का नारा है। सरकार की ओर से देशहित में काम करने वाले मजदूरों को उनका पूरा हक दिया जाएगा। वस्त्र उद्योग में कार्य करने वाले श्रमिकों को प्रति मजदूर 5 हजार रुपए प्रति माह अनुग्रह राशि देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।

### अब आलीराजपुर में ही हीरा फैक्ट्री के माध्यम से रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आलीराजपुर क्षेत्र के मजदूर भाई-बहन काम की तलाश में गुजरात राज्य की सूरत स्थित हीरा फैक्ट्री में कार्य पर जाते हैं, इसके लिए अब आलीराजपुर में ही हीरा फैक्ट्री के माध्यम से रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार और झाबुआ जिले में भी मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे, जिससे वनवासी जिलों में पढ़ाई एवं उपचार की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा कि संबल योजना अन्तर्गत मजदूरों को स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास आदि योजनाओं में लाभान्वित किया जा रहा है। परिवार के सदस्य की आकस्मिक मृत्यु होने पर परिवार के संबल के लिए अनुग्रह राशि दिए जाने का भी प्रावधान किया गया है। संबल योजना में रतलाम जिले के 4 लाख 92 हजार मजदूरों का पंजीयन किया जा चुका है। योजना में पुनः सर्वे कराया जाकर वंचित रहे शेष पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान प्रदान किए जाएंगे।

### किसानों के लाभ वाली योजनाओं का किया उल्लेख

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की स्थिति बेहतर करने के लिए हर किसान के खेत पर पानी पहुंचाना, बिजली के संसाधन पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को मोटा अनाज (श्री अन्न) उत्पादन के लिए प्रेरित करने के लिए रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत कोदो, कुटकी, मक्का तथा मोटे अनाज उत्पादन करने वाले कृषको को एक हजार रुपए प्रति क्विंटल का अनुदान दिया जाएगा। डॉ. आंबेडकर जयन्ती के अवसर से सरकार द्वारा गोपालकों से सहकारिता समितियों के माध्यम से दूध खरीदने की व्यवस्था के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना प्रारम्भ की गई है। पशुपालन अन्तर्गत दुग्ध उत्पादन के लिए सहकारिता आधारित कार्य किया जा रहा है। योजना अन्तर्गत 25 से ज्यादा गाय-भैंस पालने वाले गौपालक को अनुदान दिया जाएगा।

कार्यक्रम को रतलाम महापौर प्रहलाद पटेल, अखिल भारतीय मजदूर महासंघ के अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के संस्थापक अरविन्द मोघे का अंग वस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। विधायक सभागृह रतलाम में आयोजित अधिवेशन में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप, विधायक मथुरालाल डामर, विधायक चिन्तामण मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### हटाई गईं ठाकुर बनीं एनएचआरसी में एसपी

**भोपाल।** प्रदेश के बहुचर्चित मऊगंज कांड के बाद जिले के एसपी पद से हटाई गईं रसना ठाकुर को भोपाल के मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी)में एसपी बनाया गया है। पिछले महीने रसना ठाकुर को मऊगंज से ट्रांसफर कर पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में एआईजी के पद पर भेजा गया था। मंगलवार को शासन ने आदेश जारी करते हुए रसना ठाकुर की सेवाएं अब सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपते हुए उन्हें मानवाधिकार आयोग, भोपाल में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात किया है।

### राजपत्रित अधिकारी संघ का सम्मेलन 27 को

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ का प्रांतीय सम्मेलन राजधानी भोपाल में 27 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। संघ के प्रांताध्यक्ष डीके यादव ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि मंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह यादव, शिव चौबे, रमेश शर्मा, संघ के प्रांतीय, संभागीय, जिला पदाधिकारी और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन में राजपत्रित अधिकारी संघ की मांगों पर विचार-विमर्श कर उनके निकाकरण की रणनीति बनाई जाएगी। डीके यादव ने बताया कि मांगों में प्रमुख रूप से राजस्व विभाग अनुसार समस्त राजपत्रित अधिकारियों को वेतनमान एवं पदनाम, सामाजिक सुरक्षा-दायित्व को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन योजना को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना, समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को आयुषमान कार्ड की तर्ज पर 10 लाख तक का केश-लेश चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने आदि के साथ विकासखंड के सभी कार्यालय प्रमुखों को राजपत्रित अधिकारी घोषित किया जाए।

### कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी, मची सनसनी

**कबीरधाम।** कलेक्ट्रेट कार्यालय को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी आई है। कलेक्ट्रेट के ई-मेल आई में एक मेल आया था। ऐसे में कलेक्ट्रेट में सनसनी फैल गई। आनन-फानन मौके पर पुलिस बल को बुलाया गया। पूरे कार्यालय परिसर की सघन जांच अभियान चलाया गया। जब कुछ नहीं मिला तब अधिकारियों ने राहत की सांस ली। टीम ने कलेक्ट्रेट प्रांगण स्थित जिला कोषालय, बैंक, डाकघर, समेत सभी कार्यालय की जांच किया है। कलेक्ट्रेट प्रांगण के अलमारी एवं मेज कुर्सी आदि की जांच पड़ताल की, लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला। मेल में 2.30 बजे तक का समय दिया गया था। कलेक्ट्रेट स्टाफ भी जांच में जुटा रहा।

### सूने मकान में चोरी नकदी और जेवरात साफ

**भाटापारा।** परशुराम वार्ड स्थित श्री राधा बिल्डर कॉलोनी में चोरों ने एक ही रात दो सूने घरों को निशाना बनाकर नगदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना शहर थाना क्षेत्र की है, जहाँ चोरों ने करीब पांच लाख रुपये की चोरी को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, दोनों मकान उस समय सूने थे, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घरों की तलाशी ली और नकदी के साथ-साथ सोने-चांदी के कीमती जेवरात चुरा लिए। हैरानी की बात यह रही कि एक घर की अलमारी को चोर खेत में ले जाकर तोड़ने के बाद वहीं छोड़कर फरार हो गए। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

## मारे गए नक्सलियों पर थे पांच-आठ लाख रुपए के इनाम

# दो नक्सली मुठभेड़ में हुए ढेर हथियार, गोला-बारूद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कोंडागांव व नारायणपुर सीमा से लगे किलम-बरगुम गांव में पुलिस नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराने में सफलता हासिल की। वहीं, घटनास्थल से हथियार व गोला बारूद भी बरामद किया गया।

मारे गए दोनों नक्सलियों की शिनाख्त हो गई, जिनके ऊपर आठ व पांच लाख का इनाम घोषित था।



### नक्सलियों की बैठक लेने की मिली थी सूचना

जिला कोंडागांव व नारायणपुर के सीमा से सटे किलम-बरगुम क्षेत्र में पुलिस जवानों को जंगलों में नक्सलियों के आने की सूचना के साथ ही बैठक लिए जाने की सूचना मिली। कोंडागांव डीआरजी, बस्तर फाइटर टीम नक्सलियों की खोज में निकली थी।

### भाग खड़े हुए नक्सली

अभियान के दौरान 15 अप्रैल की शाम को सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग खड़े हुए। जवानों के द्वारा रात में ही सर्चिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने अब तक दो नक्सली कैडरों के शव बरामद किए हैं। मारे गए नक्सलियों में पूर्वी बस्तर का खूंखार नक्सली कमांडर डिवीसीएम हलदर और एसीएम रामे को मार गिराने में सुरक्षाबलों को कामयाबी मिली है। मारे गए नक्सलियों पर 8 लाख एवं 5 लाख करीब 13 लाख का इनाम घोषित था। मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल एवं अन्य हथियार, विस्फोटक, एवं नक्सली सामग्री बरामद हुआ है।

अवैध वसूली, लापरवाही, की मिल रही थीं शिकायत

## बांगो टीआई समेत दो अन्य पुलिसकर्मी निलंबित

**कोरबा।** जिले के बांगो थाना क्षेत्र में अवैध वसूली को लेकर लगातार थाना प्रभारी के खिलाफ जैन प्रतिनिधि ने मोर्चा खोल दिया था। लगातार बाइक चेकिंग, अब शराब को लेकर लगातार किसी ने किसी को प्रताड़ित किया जा रहा था जिसको लेकर जनपद अध्यक्ष द्वारा मंत्री के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक कोरबा को शिकायत की गई थी। बांगो थाना प्रभारी उषा सिंधिया, प्रधान आरक्षक जितेन जायसवाल की पुलिस अधीक्षक ने शिकायत को देखते हुए पद से निलंबित कर दिया है। लगातार बांगो थाना क्षेत्र में अवैध वसूली व बाइक चेकिंग वह जनप्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार को लेकर को लेकर शिकायत की जा रही थी जिसे जनप्रतिनिधियों का नाम धूमिल किया जा रहा था। शिकायत पत्र कार्यालय




को प्राप्त हुई थी। शिकायत पत्र में निरीक्षक उषा सोंधिया, थाना प्रभारी बांगो के द्वारा वाहन चेकिंग व शराब पकड़ने के नाम पर अवैध वसूली किया जाना व जनप्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यव्हार किया जाना उल्लेखित था। शिकायत पत्र की गंभीरता को देखते हुए रविन्द्र कुमार मीना नगर पुलिस अधीक्षक, सायबर सेल, कोरबा से कराई गई।

# तालाबों और कुओं को साफ रखें, यदि आज सहेजेंगे तो हर खेत को कल मिलेगा जल

**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रही विविध गतिविधियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रदेश के जिलों में जल स्त्रोतों के संवर्धन और संरक्षण के लिये विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान में जनभागीदारी से जल संरक्षण का संकल्प साकार हो रहा है। प्राचीन जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और नवीन जल संरचनाओं का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उमरिया जिले के जनपद पंचायत करकेली में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत आयोजित वॉटरशेड महोत्सव-2025 जल संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल रही।

कार्यक्रम में विधायक शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र जैन, जनप्रतिनिधि, किसान, पंचायत प्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूह, युवा, छात्र-छात्राएं, और स्थानीय जन मौजूद रहे। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 का उद्देश्य /"हर खेत को पानी/" देना है, ताकि किसानों को वर्ष भर सिंचाई की सुविधा मिल सके और खेती की उत्पादकता में वृद्धि हो। योजना के तहत वाटरशेड डेवलपमेंट एक महत्वपूर्ण घटक है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, भूजल स्तर को बढ़ाने और भूमि सुधार जैसे कार्यों पर केन्द्रित है।



### देवास में तालाब के गहरीकरण से पानी का होगा संचय, वॉटर लेवल भी बढ़ेगा

देवास जिले में प्रशासन एवं ग्रामीणों के जनसहयोग से जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत टिगरिया गोगा एवं पर्वतपुरा के तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है। इस तालाब के गहरीकरण होने से बारिश के दिनों में अधिक पानी का एकत्रितकरण होगा तथा वॉटर लेवल भी बढ़ेगा। इससे पेयजल के साथ खेती करने के लिए भी पानी मिल सकेगा।

### छतरपुर में प्रताप सागर तालाब की सफाई

छतरपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। ग्राम निवरिया में ग्रामीण लोगों की बैठक कर लोगों को तालाबों, कुएं एवं बावड़ियों की सफाई करने के लिए प्रेरित किया गया और श्रमदान की शपथ दिलाई गई। प्रताप सागर तालाब की सफाई अभियान कराया गया। राजनगर के बसारी के ग्राम भैरा में श्रमदान किया गया।

### धार के जलगंगा अभियान में युवाओं ने दिखाया सामाजिक उत्तरदायित्व

धार एवं तिरला विकासखंड में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। धार के जीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं, नवांकुर समिति, सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद ग्राम जेतपुरा स्थित तालाब की सफाई के लिए श्रमदान किया गया। इसमें सभी छात्रों और अतिथियों ने भाग लेकर जल संरक्षण का संदेश दिया। जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन अभियान बनता जा रहा है। शहडोल जिले के ब्यौहारी की महिलाओं ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत जल का महत्व बताने के लिए दीवार पर नारे लिखें तथा जल के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## वन संरक्षण और जलवायु-समर्थ आजीविका पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला कल से भोपाल में

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव करेंगे शुभारंभ
- विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में वनों की भूमिका को लेकर होगा मंथन
- जनजातीय जीवन और प्रकृति पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 18 अप्रैल से नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। केन्द्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव सत्र में मुख्य वक्तव्य देंगे।

दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की रूपरेखा डॉ. राहुल मूंगीकर प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय और प्राकृतिक संरक्षण पर केंद्रित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति भी दी जाएगी। प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह स्वागत उद्बोधन देंगे।

### प्रमुख विषय-वन संरक्षण पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक प्रबंधन

राष्ट्रीय कार्यशाला के सत्रों में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। बैंगलुरू से आ रहे प्रो. रमेश विशेषज्ञ वक्तव्य भी देंगे।

### राज्यपाल पटेल समापन सत्र को करेंगे संबोधित

राज्यपाल मंगुभाई पटेल राष्ट्रीय कार्य शाला के समापन-सत्र में मुख्य अतिथि होंगे। पूर्व राष्ट्रीय जनजातीय आयोग अध्यक्ष हर्ष चौहान समापन वक्तव्य देंगे। कार्यशाला में वनीकरण, जलवायु संवेदनशीलता और वनवासी समुदायों की समावेशी भागीदारी पर केंद्रित डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

वन विभाग की नर्सरी में किसी ने लगा दी थी आग

**वन विभाग की नर्सरी तक फैली आग, 3 दमकलों ने पाया आग पर काबू**

## केसीएन कंपनी कंपनी के यार्ड में भीषण आग, चपेट में आए वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

सिविल लाइन थाना अंतर्गत रिसदी स्थित केसीएन कंपनी के यार्ड में भीषण आग लग गई, जिससे दो चारपहिया वाहन और कई बाइक आग की चपेट में आ गए। आग कंपनी के यार्ड से लगे वन विभाग के नर्सरी में भी फैल गई। घटना के बाद हड़कंप मच गया और दमकल वाहन तथा 112 को सूचना दी गई। नगर सेना की तीन दमकल वाहन मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग का कारण अभी तक आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि यार्ड के पीछे वन विभाग का जंगल है जहाँ किसी के द्वारा आग लगा दी गई थी। आग फैलने-फैलते यहां तक जा पहुंची और दीवार से होते हुए यार्ड में खड़ी वाहनों तक जा पहुंची। और देखते ही देखते आग की लपटे बढ़ने लगी यार्ड में गार्ड ने इसकी सूचना तत्काल अपने मालिक को दी जहां तत्काल 112 और दमकल वाहन को मौके पर बुलाया गया।



### आग से लाखों के नुकसान का आंकलन, कई वाहन क्षतिग्रस्त

नगर सेना टीम की तीन दमकल वाहन एक के बाद एक मौके पर पहुंचे और घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। केसीएन कंपनी के मालिक मनोज कुमार ने बताया कि आग से लाखों का नुकसान हुआ है। कहीं ना कहीं वन विभाग की लापरवाही इसमें सामने आ रही है अगर जंगल में आग लगी थी तो वन विभाग के तीन मौके पर क्यों नहीं पहुंची और आग पर काबू क्यों नहीं पाया गया। कंपनी के मालिक ने बताया कि याद पर कई गाड़ियां खड़ी हुई थी जिसमें से दो चार पहिया वाहन बाइक के अलावा टायर में आग लगी है लाखों को नुकसान हुआ है।

### घंटों चली आग बुझाने की मशक्कत

आग बुझाने के प्रयास नगर सेना की तीन दमकल वाहन ने आग बुझाने के लिए घंटों तक मशक्कत की। जहां नगर सेवा के प्रभारी पी बी सिदार ने बताया की घटना की सूचना मिलते ही खुद वह मौके पर पहुंचे और किसी तरह आप पर काबू पाने का प्रयास किया। आग कंपनी के यार्ड और वन विभाग के नर्सरी में फैल गई थी। वही जंगल में कई छोटे बड़े पेड़ जलकर खाक हो गए। यह घटना कोरबा में आग की सुरक्षा के महत्व को उजागर करती है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता को दर्शाती है।

पसान थाना क्षेत्र की पेंड्रा कटघोरा मुख्य मार्ग की घटना

## तेज रफ्तार कार हादसे का शिकार, जिंदा जला चालक

**कोरबा।** पसान थाना क्षेत्र की पेंड्रा कटघोरा मुख्य मार्ग की कारीमाठी मोड़ के पास दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक कार सड़क हादसे का शिकार हो गई और इस हादसे में कार चालक की कार के अंदर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, कार कोरबा की तरफ से पेंड्रा रोड



की तरफ जा रही थी। पेंड्रा कटघोरा मुख्य मार्ग की कारीमाठी मोड़ के पास हादसे के बाद कार में आग लग गई और वाहन धूं-धूं कर जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि वाहन का चालक भी कार में ही फंस गया और जिंदा जलकर उसकी मौत हो गई। मुख्य मार्ग से गुजर रहे लोगों की नजर जब उसपर पड़ी तब इसकी सूचना तत्काल पसान थाना पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ है। हादसे के बाद कार में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई और यह घटना सामने आई।

**मंदसौर में 3 मई को लगेगा कृषि मेला, सीएम से की भाकिसं के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट**

# मप्र में लगेंगे किसान मेले, कृषि संबद्ध कार्यों के लिए मिलेगा मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी संभागों में इस वर्ष किसान मेले आयोजित होंगे, जिसमें किसानों को कृषि, खाद्य प्र-संस्करण, उद्यानिकी और पशुपालन से संबंधित विभिन्न कार्य पद्धतियों और नए अनुसंधान की जानकारी दी जाएगी। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से संबंधित मार्गदर्शन दिया जाएगा। कृषि कार्यों से जुड़े आधुनिक उपकरणों को प्रदर्शित भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर भारतीय किसान संघ ने प्रदेश में किसानों को 5 रुपए के शुल्क पर विद्युत कनेक्शन और फसलों पर बोनस राशि प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्र के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 3 मई को मंदसौर में किसान मेले का आयोजन जा रहा है। संभाग स्तरीय किसान मेलों के बाद अक्टूबर माह में एक वृहद राज्य स्तरीय किसान मेला भी आयोजित होगा।

### अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने का अभियान



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में एक वर्ष में दस लाख सौर ऊर्जा पम्प प्रदान करने का लक्ष्य है। यह कार्य अभियान के रूप में चलेगा। एक हॉर्स पॉवर से दस हॉर्स पॉवर तक सोलर पम्प स्थापना के लिए किसान को राशि जमा करवाकर निर्धारित अवधि में कनेक्शन दिए जाएंगे। प्रदेश में किसान खुद बिजली बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने मजरों टोलों के निवासी जनजातीय वर्ग के लोगों को इस कार्य में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में तीन दिन में सोलर पम्प स्थापना के लिए लगभग 17 हजार आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

### सुझावों पर करेंगे अमल

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक प्रतिनिधियों के सुझावों पर राज्य सरकार अमल करेगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को प्रदेश में गठित एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) को सक्रिय करने, किसानों की ओर से नरवाई जलाने को निरूत्साहित करने और रासायनिक खाद के उपयोग को कम करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में बड़ी परियोजनाओं के लिए किसानों की भूमि लेने पर बदले में भूमि देने के प्रावधान, किसान को हिस्सेदार और मालिक बनाकर उनका हित सुनिश्चित करने, दूध पर बोनस, कम पानी से सिंचाई से मक्का उत्पादन को प्रोत्साहित करने, गौशालाओं के अंतर्गत आधुनिक तकनीक से संचालन, उच्च शिक्षा में कृषि विषय के अध्ययन और जिलों में पर्याप्त पशु चिकित्सकों की व्यवस्था के संबंध में चर्चा हुई।

## 'ट्रांसफॉर्म, इनोवेट, डिसरप्ट' थीम ने बिखेरा ग्लोबल विज़न का रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शेरेटन ग्रैंड पैलेस, इंदौर में ग्लोबल ट्रायंफ फाउंडेशन और द बिज़नेस एसेंट द्वारा आयोजित 'वर्ल्ड कॉन्क्लेव 2025' ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत विचारों, नवाचारों और नेतृत्व का केंद्र बन चुका है। इस कॉन्क्लेव में 200 से ज्यादा बिज़नेस लीडर्स, महिला उद्यमी, शिक्षाविद् और संस्थागत प्रतिनिधि एक मंच पर एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने अपने विचार साझा किए। जिनमें डॉ. राजेश डंडोतिया (एडीसीपी), ले. कर्नल डॉ. अजय सिंह ठाकुर, शअल्का सोनकर, गौरव गोयल (असिस्टेंट डायरेक्टर, एमएसएमई, डीएफओ भारत सरकार) और डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी, ग्रुप डायरेक्टर, ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस जैसे प्रतिष्ठित नाम शामिल थे। इस कॉन्क्लेव में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिष्ठानों और व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। वर्ल्ड वुमन आइकॉन 2025 की सूची में कई प्रेरणादायक महिलाओं का नाम शामिल है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में अद्वितीय योगदान दिया है।



## डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. रणधीर सूद
चेयरमैन-गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी डिपार्टमेंट
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

हमारे पाचन तंत्र का 'पावर हाउस' है यकृत (लिवर या जिगर), जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकाल बाहर करने का माध्यम भी है। शरीर के इतने महत्वपूर्ण अंग के स्वास्थ्य को बरकरार रखना बहुत महत्वपूर्ण है। अगर आप यहां दिए जा रहे लक्षणों में से कुछ लक्षणों से पीड़ित हैं और आपको राहत नहीं मिल रही है, पेट की समस्या जारी है तो इस स्थिति में डॉक्टर से परामर्श करने में देर न करें।

### बीमार लिवर के कुछ सामान्य लक्षण

- खाने का मन ना करना, भूख धीरे-धीरे कम होते जाना।
- अकसर पेट में दर्द या ऐंठन महसूस होना।
- पेट में अकसर सूजन होना।
- सामान्य डाइट के बावजूद वजन का कम होते जाना।
- पैरों में सूजन होना।
- बिना किसी संक्रमण के अकसर बुखार होना।
- बगैर श्रम किए हमेशा थकावट महसूस करना।
- पीलिया (जॉण्डिस) के लक्षण दिखना जैसे आंखों, नाखूनों और त्वचा के रंग का पीला होना।
- जी मिचलाना और अकसर दस्त होना।

### लिवर की गंभीर बीमारियां

लिवर कैंसर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस और फैटी लिवर को प्रमुख बीमारियों में शुमार किया जाता है।

### बहुत खतरनाक है लिवर कैंसर

लिवर से संबंधित कोई भी बीमारी जो लंबे समय से जारी हो, वह लिवर कैंसर बन सकती है।

**कारण:** लिवर कैंसर होने के तीन प्रमुख कारण हैं- हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी। फैटी लिवर डिजीज। एल्कोहलिक लिवर डिजीज।

**रोकथाम:** अगर लिवर कैंसर का कारण हेपेटाइटिस बी है, तो इसकी रोकथाम के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर हेपेटाइटिस बी के कारण लिवर में संक्रमण है तो शुरुआती दौर में इसका इलाज संभव है। हेपेटाइटिस सी के लिए वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसका इलाज संभव है। अगर एल्कोहलिक लिवर डिजीज के कारण लिवर कैंसर पनप चुका है तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले शराब पीना बंद करना जरूरी है, क्योंकि यह समस्या काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने के कारण होती है।

**लिवर कैंसर का इलाज:** सबसे पहले यह पता लगाया जाता है कि लिवर कैंसर की अवस्था (स्टेज) क्या है। ऐसे कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी भी कर सकते हैं या फिर मरीज की स्थिति के मद्देनजर लिवर ट्रांसप्लांट भी किया जा सकता है। अगर कैंसर स्टेज 3 या 4 में है तो इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के जरिए इलाज किया जाता है।

### लिवर सिरोसिस

**कारण:** उपरोक्त वर्णित लिवर कैंसर के जो कारण हैं, वे लिवर सिरोसिस के संदर्भ में भी लागू होते हैं। यही बात लिवर सिरोसिस की रोकथाम के संदर्भ में भी लागू होती है।

**लक्षण:** खून की उल्टी होना, आंत में रक्तस्राव होना, पेट में पानी भरना लिवर सिरोसिस के कुछ प्रमुख लक्षण हैं। इसके अलावा मरीज का अतार्किक बातें करना, जिसे सहज भाषा में मरीज का 'गफलत में जाना' भी कहते हैं। मरीज बेहोश भी हो सकता है। इसके अलावा मरीज के रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर भी गिर जाता है।

**रोकथाम-इलाज:** मरीज का अतिशीघ्र शराब छोड़ना जरूरी है। इसके अलावा लिवर सिरोसिस की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति का इलाज उसकी शारीरिक स्थिति और लक्षणों के आधार पर किया जाता है। लिवर सिरोसिस को दवाओं से नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है।

स्पेशल: वर्ल्ड लिवर डे, 19 अप्रैल

मौजूदा दौर में अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत डाइट हैबिट के कारण लोगों में लिवर के रोगग्रस्त होने की आशंका बढ़ गई है। इससे कई तरह की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं, जिन्हें इग्नोर करना घातक हो सकता है। ऐसे में उन कारणों को समझना बहुत जरूरी है, जो लिवर को बीमार कर देते हैं। साथ ही इनसे बचने के उपाय और उपचार के बारे में भी जानिए।


# लिवर हेल्थ को कभी ना करें इग्नोर





### डाइट हैबिट से जुड़ा फैटी लिवर

अगर लिवर में 5% से ज्यादा वसा कोशिकाएं (फैट सेल्स) संचित हो जाती हैं तो इस स्थिति को फैटी लिवर डिजीज कहते हैं। फैटी लिवर का पता पेट के अल्ट्रासाउंड से लगता है। फैटी लीवर के दो प्रकार हैं- एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज और नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज। एल्कोहलिक फैटी लिवर काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने से होता है, जिसकी रोकथाम के लिए सबसे पहले शराब छोड़ना होता है। इसके बाद मरीज को दवाएं भी दी जाती हैं।



**लक्षण:** दोनों प्रकार की फैटी लिवर की समस्याओं में अकसर पेट से संबंधित तकलीफें महसूस होती हैं। जैसे पेट दर्द, दस्त होना, पेट फूलना, गैस बनना, बदहजमी, भूख कम लगना और कब्जियत आदि।

**अनहेल्दी लाइफस्टाइल का नतीजा:** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर के ज्यादातर मामले अनहेल्दी डाइट, नियमित रूप से व्यायाम या शारीरिक श्रम न करने और मोटापे के कारण बढ़ते हैं। जो लोग जंक फूड्स और अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार को प्रतिदिन या अकसर ग्रहण करते हैं, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का खतरा बहुत ज्यादा होता है। इन दिनों युवा वर्ग भी बड़े पैमाने पर नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर समस्या से ग्रस्त हो रहा है। उनमें बढ़ती इस बीमारी का एक प्रमुख कारण फैटी फूड्स, फास्ट फूड और जंक फूड्स को अपने खान-पान में वरीयता देना है।

**इनको है ज्यादा रिस्क:** जो लोग मोटापे से ग्रस्त हैं या फिर जिनका बॉडी मास इंडेक्स 25 से ऊपर है, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का खतरा ज्यादा होता है। मोटापे से ग्रस्त जिन लोगों के पेट पर शरीर के अन्य भागों की तुलना में कहीं ज्यादा चर्बी संचित होती है, उन्हें फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है। मधुमेह ग्रस्त लोगों को फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा रहता है। इसलिए ऐसे लोगों को ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखना चाहिए। जिन लोगों के रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर ज्यादा है, उनमें भी फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा होता है। इस संदर्भ में डॉक्टर से परामर्श लेकर लिपिड प्रोफाइल टेस्ट करवाएं।




**रोकथाम-इलाज:** फैटी फूड्स और जंक फूड्स से जहां तक संभव हो परहेज करें। शारीरिक स्थिति और उम्र के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करें। बेहतर रहेगा कि आप व्यायाम करने से पूर्व इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट और अपने डॉक्टर से परामर्श लें। जो लोग मोटापे के कारण फैटी लिवर की समस्या से ग्रस्त हैं, अगर वे अपने वजन को खान-पान और व्यायाम के जरिए 7 से 10% तक कम कर लेते हैं तो उन्हें काफी राहत मिल सकती है। अगर जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने के बाद भी वांछित परिणाम नहीं मिलते तो फैटी लिवर से छुटकारा पाने के लिए दवाएं दी जाती हैं।

### हेपेटाइटिस के प्रकार और लक्षण

लिवर में संक्रमण और सूजन की स्थिति को हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस वायरल संक्रमण है, जिसके पांच प्रमुख प्रकार हैं- हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, हेपेटाइटिस डी और हेपेटाइटिस ई।

**हेपेटाइटिस ए और ई:** इन दोनों का वायरस दूषित खाद्य पदार्थों और प्रदूषित पेयजल के जरिए व्यक्ति को संक्रमित करता है। इसलिए दोनों हेपेटाइटिस से बचाव के लिए स्वच्छ खाद्य पदार्थ ग्रहण करें और शुद्ध जल पिएं। इन दोनों हेपेटाइटिस में लगभग 1% मरीज गंभीर स्थिति में पहुंचते हैं। इन मर्जों से ग्रस्त लोगों का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। हेपेटाइटिस ए से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर समुचित इलाज नहीं कराया गया तो हेपेटाइटिस ई गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशुओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

**हेपेटाइटिस बी:** इससे बचाव के लिए टीका (वैक्सीन) उपलब्ध है। इसके अलावा कुछ दवाओं से इस मर्ज को नियंत्रित किया जा सकता है।

**हेपेटाइटिस सी:** इसके इलाज में दवाएं काफी हद तक कारगर हैं।

**हेपेटाइटिस डी:** जिन लोगों को हेपेटाइटिस बी का संकमण होता है, वही हेपेटाइटिस डी से ग्रस्त होते हैं। मरीज के लक्षणों के आधार पर इसका इलाज किया जाता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला



### इन बातों पर दें ध्यान

- डॉक्टर की सलाह के बगैर पेनकिलर्स या फिर एंटीबायोटिक्स लेना लिवर की सेहत के लिए नुकसानदेह है।
- एंटीडिप्रेसेंट मेडिसिंस (अवसादरोधी दवाएं) के भी लिवर पर साइड और आफ्टर इफेक्ट्स हो सकते हैं। इसलिए ऐसी दवाओं का सेवन मनोरोग विशेषज्ञ के परामर्श से करें।
- दिन भर विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए लगभग 3 से 5 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच की मात्रा भर) का सेवन किया जा सकता है। नमक का अधिक सेवन लिवर में सूजन के खतरे को बढ़ा देता है।
- ट्रांस फैट्स के सेवन से बचें। जब तेल में खाद्य पदार्थों को बार-बार तला जाता है तो ऐसे खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट्स की मात्रा बढ़ जाती है। ट्रांस फैट्स से निर्मित खाद्य पदार्थों में अतिरिक्त कैलोरीज होती हैं, जिससे वजन तेजी से बढ़ता है और ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से कालांतर में लिवर की कोशिकाओं पर वसा की परत संचित होने लगती है, जिससे लिवर में सूजन संभव है।
- अत्यधिक शुगर और 'कृत्रिम स्वीटनर्स' युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें, क्योंकि ये कालांतर में लिवर के लिए नुकसानदेह हैं।

### तब रहेगा लिवर हेल्दी

**अपने लिवर** को हेल्दी रखने के लिए यहां दिए जा रहे सुझावों पर अमल करें।

**वजन में करें 10% की कमी:** अगर मोटापे से ग्रस्त कोई व्यक्ति व्यायाम और कम कैलोरी युक्त खान-पान के जरिए अपने शरीर के वजन में लगभग 10% की कमी करने में सफल रहता है, तो वह लिवर से संबंधित बीमारियों से कुछ हद तक दूर रह सकता है। मोटापा आपके लिवर का शत्रु है। अपने बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को 25 से ऊपर न जाने दें, इस संदर्भ में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**लिपिड प्रोफाइल जांच:** समय-समय पर डॉक्टर के परामर्श से लिपिड प्रोफाइल जांच कराते रहें ताकि यह पता चल सके कि आपके रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर बढ़ा तो नहीं है। अगर ये स्तर बढ़ा है तो फिर डॉक्टर के परामर्श से दवाएं लें।

**शराब से दूरी:** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार शराब और अन्य मादक पदार्थ लिवर पर अपना दुष्प्रभाव छोड़ते हैं। इसलिए इनके सेवन से परहेज करें।



**ब्लड शुगर करें नियंत्रित:** जो लोग मधुमेह से ग्रस्त हैं, वे रक्त शर्करा स्तर (ब्लड शुगर लेवल) को डॉक्टर के परामर्श से नियंत्रित रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि बढ़ा हुआ शुगर लेवल फैटी लिवर और इससे संबंधित समस्याओं के जोखिम को बढ़ाता है। इनके अलावा स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें। इसके अंतर्गत आहार में मौसमी फलों, सब्जियों और साबुत अनाजों को वरीयता दें। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार प्रतिदिन 20 से 30 मिनट व्यायाम करें, योगासन करें या टहलें। जंक फूड्स, अत्यधिक चिकनाईयुक्त और मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए। शराब और अन्य मादक पदार्थों से परहेज करें। इसके अलावा असुरक्षित यौन संबंधों से बचें। सोयाबीन, अलसी, ब्रोकली, अखरोट, सीड्स और अंकुरित अनाजों को आहार में वरीयता देना लिवर के लिए लाभप्रद है। इन्हें अपनी डेली डाइट में शामिल करें।

---

उपयोगी फल / राजकुमार 'दिनकर'

# स्वास्थ्य के लिए लाभकारी कोकम

कोकम का वानस्पतिक नाम गारनिया इंडिका है। मूल रूप से यह कोंकण इलाके का पेड़ है। इसके फल में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं। इसका व्यापारिक इस्तेमाल भी होता है। कोकम के फल गहरे जामुनी से लेकर काले रंग के होते हैं। इसका फल चिपचिपा और टेढ़े-मेढ़े किनारे वाला होता है। अकसर इसे आधा काटकर धूप में सुखाकर भारतीय रसोई में मसाले की तरह इस्तेमाल होता है। इसे आमसल कोकम या कोकाम भी कहा जाता है। महाराष्ट्रियन, कोंकण और गुजराती व्यंजनों में इसका काफी इस्तेमाल होता है। खट्टे-मीठे स्वाद वाले कोकम को इमली का अच्छा विकल्प माना जाता है।



**होते हैं कई गुण:** कोकम खाने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। जो लोग अकसर बीमार रहते हैं, उन्हें इसका नियमित सेवन करना चाहिए। यह एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेट्री गुणों से भरपूर होता है। यह रक्त में शुगर को कंट्रोल रखता है और दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। कोकम में विटामिन-बी कॉम्प्लेक्स, पोटेशियम, मैग्नीज और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी हार्ट बीट और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखते हैं। कोकम का सेवन न्यूरोनल विकास की क्रिया में मदद करता है, जिससे दिमागी शक्ति बढ़ती है, पॉजिटिविटी आती है।

**वजन घटाने में सहायक:** इसके फल को पानी में उबाल कर और छानकर पीने से वजन कम करने में काफी सहायता मिलती है। दस्त होने पर कोकम के फलों का चूर्ण ठंडे दूध में मिलाकर पीने से आराम मिलता है। इसे एसिडिटी के इलाज के लिए भी जाना जाता है।

**लू से बचाए:** गर्मी में कोकम का शर्बत पीने से लू से बचाव होता है। प्यास बुझाने वाला यह एक ऐसा शर्बत होता है, जिसकी तासीर ठंडी होती है।

**कैसे इस्तेमाल करें:** कोकम को इमली की तरह सूखे फल के रूप में इस्तेमाल में लाया जाता है। इसे इस्तेमाल करते समय इसके छिलके को काटा नहीं जाता, इसे साबूत ही सुखाया जाता है। सुखाने के दौरान इनमें धूल मिट्टी चली जाती है, इसलिए इसे संग्रहित करते समय अच्छी तरह साफ करके रखना चाहिए। *

---

न्यू ट्रीटमेंट
रजनी अरोड़ा

हाल में एक अमेरिकन कंपनी ने मोटापा नियंत्रित करने के लिए मुंजारो दवा लॉन्च की है। यह कैसे काम करती है, कितनी कारगर है और इसके क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं, इस बारे में जानिए।

# ओबेसिटी दूर करने में हेल्पफुल मुंजारो

मोटापा या ओबेसिटी आज दुनिया भर में महामारी का रूप लेता जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार मोटापा, डायबिटीज, कैंसर, लिवर डिजीज, हाइपरटेंशन, हृदय रोग, डिप्रेशन, स्लीप एपनिया जैसी कई गंभीर बीमारियों की वजह होने के साथ असमय होने वाली मौत के कारकों में दूसरा बड़ा कारण भी है। भारत की बात करें तो करीब 7-8 करोड़ लोग गंभीर मोटापे से ग्रस्त हैं। 'लैंसेट' की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक वयस्क आबादी में 9.8 प्रतिशत महिलाएं और 5.4 प्रतिशत पुरुष मोटापे का शिकार हैं। तकरीबन 8 करोड़ लोग गंभीर मोटापे का शिकार हैं, जिनमें 1.25 करोड़ बच्चे हैं, जिनका बीएमआई इंडेक्स रेट 30 या अधिक है। जबकि 18-25 बीएमआई वाला व्यक्ति हेल्दी की श्रेणी में आता है। हालांकि ओबेसिटी को दूर करने के लिए दुनिया भर में कई तरीके अपनाए जाते हैं। बेरियाट्रिक सर्जरी के अलावा रैस्मीटोरॉन, स्मैलेग्लूटाइड जैसी ड्रग्स पहले से ही प्रचलन में हैं। पिछले महीने एक अमेरिकी कंपनी ने मुंजारो या टिरजेप्टाइड इंजेक्शन लॉन्च किया। इसके ट्रायल में काफी सफलता मिली है।

**कैसे दी जाती है दवा:** ओबेसिटी से ग्रस्त व्यक्ति को मुंजारो का इंजेक्शन सप्ताह में एक बार दिया जाता है। व्यक्ति पेट, बांह या पैर पर यह इंजेक्शन लगवा सकता है।






**कैसे करता है असर:** हमारे ब्रेन के स्टेटाइटी सेंटर में दो तरह के हार्मोन निकलते हैं- जीएलपी वन (ग्लूकोगन लाइक पेप्टाइड वन) और जीआईपी (ग्लूकोज डिपेंडेंट इंसुलिनोट्रोपिक पॉलिपेप्टाइड)। ये हार्मोन हमें पेट भरने का अहसास दिलाते हैं, जिससे हम खाना बंद कर देते हैं। मुंजारो दवाई इन हार्मोन के रिसेप्टर पर काम करके अर्ली स्टेटाइटी की फीलिंग कराती है। यानी थोड़ा खाना खाने के बाद ही व्यक्ति को पेट भरे होने का अहसास होता है और उसका कैलोरी इनटेक कम हो जाता है। यह खाना डाइजेस्ट करने या पेट की मूवमेंट की रफ्तार को कम कर देता है। यानी डाइजेशन प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिससे खाना व्यक्ति के पेट में ज्यादा लंबे समय तक रहता है। भूख कम लगने से व्यक्ति कम खाता है, जिससे शरीर में शुगर लेवल और मोटापा कम बढ़ता है।

सामान्य तौर पर हमारे दिमाग से ऐसे हार्मोन निकलते हैं, जिनसे भूख भी लगती है और पेट भरा रहता है। यह दवाई भूख लगने वाले हंगरी हार्मोंस को कम करता है। साथ ही पेट भरे होने का अहसास दिलाने वाले हार्मोन बढ़ाता है। इससे व्यक्ति को भूख नहीं लगती और वह खाना कम खाता है। यह दवा, पेनक्रियाज ग्लैंड्स के अल्फा-बीटा सेल्स को रिलैक्स करती है, जिससे वो ज्यादा अच्छे तरीके से काम करते हैं।

**किन्हें हो सकता है नुकसान:** ओबेसिटी के शिकार व्यक्ति को डॉक्टर से परामर्श के उपरांत ही मुंजारो इंजेक्शन लेना चाहिए। टाइप-1 डायबिटीज थाइरायॅड कैंसर, मल्टीपल एंडोक्राइन नियोप्लाजिया सिंड्रोम जैसी बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति को मुंजारो इंजेक्शन नहीं लेना चाहिए।

**हो सकते हैं साइड इफेक्ट्स:** हालांकि ओबेसिटी कम करने वाली दवा कारगर साबित हो रही है। लेकिन इनके शरीर पर कुछ प्रभाव भी पड़ते हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है कि फैट के साथ शरीर का मसल्स-मास कम हो जाता है, जिससे व्यक्ति कमजोरी, थकान महसूस करता है। इसके अलावा मुंजारो दवाई लेने पर शुरू में व्यक्ति को पेट दर्द, गैस बनना, उल्टियां आना, घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। जिसके लिए हल्का सुपाच्य खाना खाने, ओवरइटिंग न करने की सलाह दी जाती है। धीरे-धीरे शरीर को आदत होने पर साइड इफेक्ट कम हो जाते हैं। पेशेंट आहार में फाइबर, प्रोटीन और विटामिन रिच खाना ले सकता है।

**वेट ऐसे रहेगा मेंटेन:** वजन कम करने के लिए सिर्फ मुंजारो पर निर्भर रहना सही नहीं है। इसके साथ व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनानी भी जरूरी है। जिसमें संतुलित और पौष्टिक आहार लेने के साथ नियमित व्यायाम करना बहुत जरूरी है। ताकि दवाई बंद करने के बाद वजन दोबारा न बढ़े। *

(साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ एंडोक्राइन सोसाइटी, इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)

---

आप हेल्थ कॉन्शस हैं तो योगाभ्यास रेग्युलर करते ही होंगे। लेकिन योगाभ्यास आप आराम से कर सकें और इसका सही लाभ आपको मिले, इसके लिए आपको सही योगा मैट का यूज करना चाहिए। कैसा हो आपका योगा मैट, जानिए।

# योगासन के लिए कैसा हो आपका योगा मैट

सजेशन
राजकुमार



आजकल योग का क्रेज पूरी दुनिया में छाया हुआ है। वर्किंग हो या नॉन वर्किंग किसी भी आयुवर्ग के लोग योग के स्वास्थ्य लाभों को देखते हुए इसे सहजता से अपना रहे हैं। अब आप योगासन सीखने की शुरुआत कर रहे हैं या सालों से इसे कर रहे हैं, तो योगा मैट का इस्तेमाल तो करते ही होंगे। योगा मैट इसलिए जरूरी है, क्योंकि योगासन करने के दौरान बैठने या लेटने के लिए हमें किसी ऐसी मैट की जरूरत होती है, जिससे हमारे जोड़ों पर दबाव न पड़ें, शरीर की जमीन पर पकड़ स्थिर रहें। योगा मैट के जरिए यह सब संभव है। अब सवाल है योगा मैट खरीदते समय किन बातों का ख्याल रखें?

**क्वालिटी हो सही:** बाजार में सस्ते या कहें लो क्वालिटी के योगा मैट भी उपलब्ध हैं, लेकिन हमें उसकी गुणवत्ता देखकर खरीदना चाहिए, क्योंकि आम सी दिखने वाली योगा मैट पर लगातार पैरों और शरीर का दबाव पड़ने से यह खराब हो जाती है। अच्छी क्वालिटी की योगा मैट कंफर्टेबल और अच्छी पकड़ देती है। इसका स्पंज हमारे शरीर के दबाव को संतुलित करता है और इसकी मोटाई एक आरामदायक वर्कआउट सुनिश्चित करती है, क्योंकि इससे हमें सही कुशनिंग मिलती है। आजकल ये योगा मैट अलग-अलग तरह की लंबाई, चौड़ाई और मोटाई में उपलब्ध होते हैं। हमें अपनी बॉडी के आकार के अनुरूप ही योगा मैट का चयन करना चाहिए। इसकी मोटाई भी हमारे शरीर के वजन के लिए परफेक्ट होनी चाहिए।

**मैट की मोटाई:** योगा मैट की पकड़ भी एक अहम गुण है। योगासन करते समय जब हम उस पर खड़े होते हैं तो पैरों पर उसकी पकड़ मजबूत होनी चाहिए। योगासन करते समय वह इधर-उधर फिसलना नहीं चाहिए। यह उसकी मोटाई पर निर्भर करती है। इसकी मोटाई जितनी ज्यादा होगी, हथेलियों, घुटनों और पैरों को उतनी ही बेहतर कुशनिंग मिलेगी। योगासन के द्वारा शरीर के इन अंगों पर ज्यादा दबाव डलने के कारण इनमें चोट न लगे, इसलिए मोटी योगा मैट का चुनाव करना चाहिए। योगासन के लिए मैट की मोटाई 1/8 से 1/2 इंच, पाइलेट्स के लिए 1/2 इंच मोटी और नॉर्मल एक्सरसाइज के लिए 1/2 इंच से 2 इंच मोटी होनी चाहिए।



**मैटीरियल हो अच्छा:** कुछ मैट दिखने में आकर्षक होने के साथ-साथ सस्ते भी होते हैं। लेकिन सस्ते होने के कारण इनका मैटीरियल भी हल्का होता है। बिछाने के बाद ये बार-बार मुड़ते रहते हैं, जिससे आप एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं, इसलिए ऐसा मैट खरीदने से बचें। वर्कआउट करते समय हम अपना अधिकांश समय योगा मैट पर ही गुजारते हैं। इसलिए हल्के रंगों की बजाय गहरे रंग का चयन करें। इसकी बनावट अगर ज्यादा खुरदरी होती है तो वह असुविधाजनक लगती है। इसका स्पंज ऐसा होना चाहिए, जो आपकी बॉडी की पकड़ के अनुकूल हो। पीवीसी मैट स्पंजीनेस के लिए और कॉर्क जैसे कठोर योगा मैट का भी चयन कर सकते हैं।

**करते रहें सफाई:** योगा मैट पर योग करने के दौरान शरीर से लगातार पसीना निकलता है, जिसके कारण यह चिकने और गंदे हो जाते हैं। अगर इसे साफ न रखा जाए तो इससे बैक्टीरियल इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए योगा मैट की रेग्युलर सफाई रखें। *




# विश्व कप : सुरुचि ने जीता लगातार दूसरा स्वर्ण पदक, मनु की चांदी

एजेंसी ▶▶ लीमा

युवा निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने यहां 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर ने रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में भारत का दबदबा सुनिश्चित किया।

ब्यूनस आयर्स में हाल में साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली हरियाणा के झज्जर की निवासी 18 वर्षीय सुरुचि ने 24 शॉट के फाइनल में 243.6 का स्कोर बनाकर मनु को 1.3 अंक से पीछे छोड़ा। चीन की याओ कियानक्सुन ने कांस्य पदक जीता। सुरुचि ने ब्यूनस आयर्स में सौरभ के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम कांस्य भी जीता था।






### सौरभ ने जीता कांस्य

सुरुचि और मनु के पोडियम पर पहुंचने का मतलब था कि भारत ने इस दिन प्रत्येक रंग का एक पदक जीता, जिसमें पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के निशानेबाज सौरभ चौधरी का कांस्य पदक भी शामिल है।

### शीर्ष पर भारत

पेरू की राजधानी में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शानदार प्रदर्शन के कारण भारत तीन पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। उसके बाद चीन का नंबर आता है जिसने पुरुषों की एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता।

### क्वालीफिकेशन राउंड

महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 60 शॉट के क्वालीफिकेशन राउंड में सुरुचि ने 582 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था जबकि मनु ने 578 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। भारत की एक अन्य निशानेबाज सैन्यम 571 अंक के साथ 11वें स्थान पर रही।

### सही दिशा में आगे बढ़ रहा भारत

पेरिस ओलंपिक में महिला एयर पिस्टल और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली मनु ने कहा, 'मैं यह देखकर खुश हूं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक भारतीय निशानेबाज आगे आ रहे हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे मुझे लगता है कि भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। हम सभी सुरुचि के नाम से परिचित हैं। उसने ब्यूनस आयर्स के साथ-साथ यहां भी असाधारण प्रदर्शन किया। इसलिए मैं उसके लिए वास्तव में खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि यह लंबे समय इस तरह के प्रदर्शन को जारी रखेगी। मुझे उम्मीद है कि युवा खिलाड़ियों के साथ मैं भी गति बनाए रखूंगी।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| पंजाब | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



निकोलस पूरन — 357 रन — लखनऊ

नूर अहमद — 12 विकेट — चेन्नई

### चैंपियंस लीग : बर्सिलोना को 5-3 के कुल स्कोर से मिला फयदा

# गुइरासी की हैट्रिक बेकार, डॉर्टमुंड जीतकर भी बाहर, सेमीफाइनल में पहुंची बार्सिलोना

एजेंसी ▶▶ डॉर्टमुंड

सेरहौ गुइरासी और बोरुसिया डॉर्टमुंड ने 2025 में वह किया जो कोई और नहीं कर सका। उन्होंने बार्सिलोना को हराया लेकिन उनका यह प्रयास भी चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं था। गुइरासी ने हैट्रिक बनाई जिससे डॉर्टमुंड ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में बार्सिलोना पर 3-1 से जीत हासिल की। यह स्पेनिश क्लब की पिछले साल दिसंबर के बाद किसी भी तरह की प्रतियोगिता में यह पहली हार थी। इसके बावजूद बर्सिलोना 5-3 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।

बार्सिलोना ने क्वार्टर फ़ाइनल के पहले चरण में 4-0 से जीत हासिल की थी जो आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुई। ऐसी परिस्थितियों में डॉर्टमुंड के पास मैच में खोने के लिए कुछ नहीं था और उसने शुरू से ही बार्सिलोना पर हमला किया, जिससे मेहमान टीम का संतुलन बिगड़ गया। गुइरासी ने 11वें, 49वें और 76वें मिनट में गोल किए जबकि बार्सिलोना के फॉरवर्ड रफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की कुछ खास नहीं कर पाए। बार्सिलोना ने दूसरे चरण में अपना खाता 56वें मिनट में रेमी बेंसबैनी के आत्मघाती गोल से खोला। सेमीफाइनल में बार्सिलोना का सामना इंटर मिलान या बायर्न म्यूनिख से होगा।



## एस्टन विला की किस्मत खराब, अंतिम-4 में पीएसजी



**बर्मिंघम।** एस्टन विला की क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में शानदार वापसी के बावजूद पेरिस सेंट जर्मेन इस इंग्लिश क्लब को 5-4 के कुल स्कोर से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल पहुंचने में सफल रहा। विला ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 3-2 से जीत हासिल की लेकिन पीएसजी ने पहले चरण का मैच 3-1 से जीता था और उसकी यह बढ़त आखिर में निर्णायक साबित हुई। पीएसजी ने पांच सत्र में तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। विला का हौसला बढ़ाने के लिए प्रिंस विलियम भी स्टेडियम में मौजूद थे लेकिन पीएसजी ने विला पार्क में 27 मिनट के अंदर फुल बैक अशरफ हकीमी और नूनो मेंडेस के गोल की बदौलत चार गोल की बढ़त बना ली।

### खबर संक्षेप

#### हैरियट ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को डिओडोरेंट लगाने को कहा

**पेरिस।** ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी हैरियट डार्ट ने चेयर अंपायर से अपनी प्रतिद्वंद्वी को डिओडोरेंट लगाने के लिए कहने के बाद माफी मांगी है। फ्रेंच ओपन की तैयारी की सिलसिले में महत्वपूर्ण क्लेकोर्ट टूर्नामेंट रूएन ओपन के पहले दौर में डार्ट फ्रांसीसी खिलाड़ी लोइस बोइसन से 6-0, 6-3 से हार गई। इस मैच के दौरान छोर बदलते समय डार्ट ने चेयर अंपायर से कहा, 'क्या आप उसे (बोइसन) को डिओडोरेंट लगाने के लिए कह सकते हैं, क्योंकि उससे बहुत बदबू आ रही है।' उनकी यह बात माइक्रोफोन ने पकड़ ली और उसकी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसके बाद डार्ट ने इंस्टाग्राम पर माफी मांगी।




#### नितिन ने एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत के नितिन गुप्ता ने बुधवार को सऊदी अरब के दम्मम में छठी एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 5000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता। गुप्ता ने 20 मिनट 21.51 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। चीन के झू निंगहाओ ने 20:21.50 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे के शेंग किन लो ने 21:37.88 सेकंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। सत्रह वर्षीय गुप्ता ने पिछले महीने पटना में राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 19:24.48 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था।



#### 'एक क्रिकेटर की पत्नी की डायरी' की लांच 29 को

**नई दिल्ली।** अपनी तरह के अनूठे संस्मरण में भारत के अनुभवी क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा की पत्नी पूजा पुजारा ने क्रिकेटर की पत्नी के रूप में अपने जीवन के अनुभव कलमबद्ध किए हैं। इसमें मैदान के भीतर और बाहर के उतार चढ़ावों और क्रिकेट के दीवाने देश में अपार अपेक्षाओं के बारे में बेबाक ढंग से लिखा है। हार्परकोलिंस इंडिया द्वारा प्रकाशित यह किताब ' द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर्स वाइफ : अ वेरी अनयूजुअल मेमोयर' को पूजा और नमिता काला ने लिखा है जिसका विमोचन 29 अप्रैल को होगा।




### टेनिस

## डेडुरा-पालोमेरो एटीपी टूर पर जीत दर्ज करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶ म्युनिख

जर्मनी के 17 साल के डिएगो डेडुरा-पालोमेरो 2008 में जन्मे एटीपी टूर पर मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। डेडुरा-पालोमेरो ने मंगलवार को यहां बीएमडब्लू ओपल के शुरुआती दौर में डेनिस शापोवालोव को पछाड़ने में सफल रहे। शापोवालोव जब मुकाबले में 7-6 (2), 3-0 से पीछे चल रहे थे तब उन्होंने इससे हटने का फैसला किया जिससे डेडुरा-पालोमेरो को जीत मिल गई।

एटीपी ने कहा कि डेडुरा-पालोमेरो से कम उम्र के केवल चार खिलाड़ियों ने एटीपी टूर पर जीत दर्ज की है। इसमें 1984 में 16 वर्षीय बोरिस बेकर भी शामिल हैं। रोमानिया के दीनू पेस्कारिउ ने 1991 में 17 साल की उम्र में जॉन मैकेनरो को हराकर जीत दर्ज की थी। 1991 के बाद यह पहला मामला है जब 17 साल के खिलाड़ी ने एटीपी टूर पर जीत दर्ज की। डेडुरा-पालोमेरो क्वालीफाइंग मुकाबले में अलेक्जेंडर बुब्लिक से हार कर मुख्य दौर से जगह बनाने की दौड़ से बाहर थे लेकिन गेल मोनफिल्स के हटने के बाद इसमें में जगह मिल गई। आठवीं वरीयता प्राप्त शापोवालोव के खिलाफ जीत के बाद डेडुरा-पालोमेरो दूसरे दौर में जिजो बर्ग्स के खिलाफ खेलेंगे।

### अलियासिमे तीन सेट में हारकर बाहर

अन्य मैचों में मारियानो नवोन ने तीसरे वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 2-6, 6-4, 7-6 (3) से हराया, चौथे वरीय उगो हम्बर्ट ने निकोलस जैरी को 4-6, 6-3, 6-2 से शिकस्त दी और पांचवें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने जान-लेनार्ड स्ट्रफ के खिलाफ 6-0, 6-2 से जीत दर्ज की। जर्मनी के वाइल्ड कार्ड यानिक हनफमैन ने छठे वरीय जैकब मेनसिक को 7-6 (4), 4-6, 6-3 से हराया।



## राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए मिलेगी चुनौती

**लंदन।** राष्ट्रमंडल खेल ने बुधवार को घोषणा की कि 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत को कनाडा, नाइजीरिया और दो अन्य देशों से चुनौती का सामना करना पड़ेगा। राष्ट्रमंडल खेल 2030 में सौ साल पूरे करेगा। सीडब्लूएस की ओर से यह पुष्टि 'एजेंसी' द्वारा खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र के हवाले से दी गई रिपोर्ट के एक महीने से भी कम समय बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि 2036 में ओलंपिक मेजबानी का लक्ष्य रखने वाला भारत 2030 में गुजरात में राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए अपनी बोली प्रस्तुत की है। सीडब्लूएस ने कहा कि उसे खेलों के 2030 सत्र की मेजबानी के लिए कनाडा और नाइजीरिया के अलावा दो और देशों से 'रुचि की अभिव्यक्ति' प्राप्त हुई है।

**मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय**
कोलार रोड, भोपाल-462016 (म.प्र.)

**प्रवेश सूचना**

**बी.एड. (मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा) द्विवार्षिक कार्यक्रम सत्र 2025-27 (यूजीसी एवं NCTE से मान्यता प्राप्त)**

**अर्हता -** 1. स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि परीक्षा 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। (इन्जीनियरिंग या समतुल्य अर्हता वाले पाठ्यक्रम के लिए 55% अंकों की अनिवार्यता है।) 2. NCTE से मान्यता प्राप्त शिक्षा विषय का कोई कार्यक्रम नियमित रीति से पूर्ण किया हो।
**कार्यक्रम शुल्क -** सम्पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क रु. 30000/- पंजीयन शुल्क रु. 800/- + पोर्टल फीस रु. 50/-
**प्रवेश परीक्षा-** आवंटित ऑनलाइन केन्द्रों पर आयोजित होगी जिसकी सूचना पृथक से mponline के माध्यम से दी जायेगी।

**डी.एल.एड. (मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा) द्विवार्षिक कार्यक्रम सत्र 2025-27 (NCTE से मान्यता प्राप्त)**

**अर्हता-** 1. हायर सेकेण्डरी/10+2 परीक्षा 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण करने के पश्चात् किसी सरकारी अथवा सरकारी मान्यता प्राप्त प्राथमिक/प्रारंभिक विद्यालय में दो वर्ष का अध्ययन अनुभव तथा वर्तमान में नियमित शिक्षक के रूप में कार्यरत होना अनिवार्य है।
**कार्यक्रम शुल्क-** सम्पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क रु. 19200/- पंजीयन शुल्क रु. 800/- + पोर्टल फीस रु. 50/-
**प्रवेश परीक्षा-** आवंटित ऑनलाइन केन्द्रों पर आयोजित होगी जिसकी सूचना पृथक से mponline के माध्यम से दी जायेगी।
**सभी कार्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन :-** प्रवेश परीक्षा CBT With SD100 (Without Isolation) में सम्मिलित होने के लिए आवेदन mponline portal के माध्यम से दिनांक 17.04.2025 से 15.05.2025 तक एवं विलम्ब शुल्क रु. 300/- के साथ 25.05.2025 तक स्वीकार किये जायेंगे।
**नोट:-** 1. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्गों के लिए स्थान आरक्षण सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर म.प्र. शासन के नियमानुसार होगा। ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पूर्व कियोस्क से डाउनलोड किये जा सकेंगे। प्रवेश संबंधी विस्तृत विज्ञापन एवं जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://mpbou.edu.in** पर उपलब्ध है। 2. यूजीसी मान्यता प्रावधिक है। 3. किसी शहर में अभ्यार्थियों की संख्या 50 से कम होने पर वहाँ के अभ्यार्थियों को निकटतम शहर में स्थित परीक्षा केन्द्र पर स्थानांतरित किया जायेगा।
म.प्र. माध्यम/119697/2025 — कुलसचिव

## खास खबर

### फिनिशर होना कठिन काम है



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फिनिशर जितेश शर्मा ने कहा कि निचले क्रम पर बल्लेबाजी से उनके लिए अपनी पारियों की अहमियत बढ़ गई है और अब वह 30 या 40 के स्कोर को भी अर्धशतक मानते हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ कुछ दिन पहले मिली जीत में 19 गेंद में 40 रन बनाए थे। उन्होंने आरसीबी बोल्ड डायरीज के ताजा एपिसोड में कहा, 'अब हर कोई फिनिशर ही है। लेकिन छठे सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है क्योंकि जब से फिनिशर की भूमिका निभा रहा हूं, मैने अर्धशतक नहीं लगाया है। पहले मैं अर्धशतक और शतक लगाता था।'

### हमारे बल्लेबाजों में खेल जागरुकता का अभाव



**मुल्लांपुर।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने स्वीकार किया कि इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स से मिली हार में उनके बल्लेबाजों में खेल जागरुकता की कमी थी और उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि टी20 प्रारूप में स्ट्राइक रोटेट करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि छक्के मारना। कोलकाता को मंगलवार को यहां एक कम स्कोर वाले मैच में 16 रन से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रन पर आउट हो गई लेकिन उसके गेंदबाजों ने कोलकाता की टीम को केवल 95 रन पर ढेर कर दिया।

### नए फिजियो-ट्रेनर की तलाश में बीसीसीआई



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को जल्दी ही एक नया फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच मिलने वाले हैं जो अगले दो साल तक बेंगलुरु के उत्कृष्टता केंद्र में नियुक्त होंगे। बीसीसीआई ने दोनों पदों के लिए आवेदन मंगवाए हैं। नितिन पटेल के जाने के बाद खेल विज्ञान और मेडिसिन विभाग को भी नया प्रमुख मिलने वाला है। फिजियो और ट्रेनर उत्कृष्टता केंद्र में काम करेंगे और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में टीम के साथ दौरा करेंगे। फिजियो का पद आकांक्षा सत्यवंशी के जाने के बाद और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच का पद आनंद दाते के जाने से खाली हुआ है। दोनों पदों के लिए पात्रता उन्नत जीवन सहायता में, मूलभूत जीवन सहायता में सर्टिफिकेशन कोर्स और ट्रॉमा मैनेजमेंट में डिग्री शामिल है। सर्टिफिकेशन कोर्स पिछले दो साल में ही पूरा हुआ होना चाहिए।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**// निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Tender ID- 2025_ 417343_1 PRO-43, Date- 16/01/2024 | संभाग के 01 गढा सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड अंतर्गत केशर बस्ती मे सी. सी. सडक निर्माण कार्य। | 05.08 लाख दो माह | 2000/- 5080/- | 01/05/2025 |
| 2. | Tender ID- 2025_ ...................._1 PRO-43, Date- 16/04/2024 | संभाग कं 01 गढा त्रिपुरी वार्ड अंतर्गत मीत चौराहा के पास रामनाथ प्रजापति के घर के सामने वाली गली मे सी. सी. सडक निर्माण कार्य। | 2.61 लाख दो माह | 2000/- 2610/- | 01/05/2025 |
| 3. | Tender ID- 2025_ ...................._1 PRO-43, Date- 16/04/2024 | संभाग के 01 गढा सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड अंतर्गत ब्रजमोहन नगर मांडवा बस्ती मे सामुदायिक भवन के सामने हूयूम पाईप से नाली निर्माण कार्य। | 1.34 लाख दो माह | 2000/- 2680/- | 01/05/2025 |
| 4. | Tender ID- 2025_ ...................._1 PRO-43, Date- 16/04/2024 | संभाग क्रं 01 गढा वार्ड अंतर्गत अनन्या टेडर्स के सामने श्रीमान राजपूत घर के सामने से कृष्णा की दुकान तक सी. सी. सडक निर्माण कार्य। | 3.22 लाख दो माह | 2000/- 3220/- | 01/05/2025 |
| 5. | Tender ID- 2025_ ...................._1 PRO-43, Date- 16/04/2024 | संभाग के 01 गढा वार्ड अंतर्गत ओम परिसर कालोनी मे रोड शाहीनाका गढा मे नाली निर्माण कार्य। | 1.86 लाख दो माह | 2000/- 3720/- | 01/05/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स ) संभाग सतना (म. प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 01/2025-26 — सतना, दिनांक 09.04.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर ई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्यपूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB _415228_1 | उपसंभाग सतना के अंतर्गत सिविल लाइन के गैर शासकीय न्यायायिक भवनों मे साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत, जमा कार्य, एम.ओ.डब्लू. अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 04 माह | 1620024.00 | 32500.00 | 2000.00 |
| 2 | 2025_PWDRB _415229_1 | उपसंभाग मझगंवा अंतर्गत उपखंड प्रथम चित्रकूट के गैर शासकीय आवासीय भवनों मे साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत, जमा कार्य, एम.ओ.डब्लू. अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 04 माह | 9995559.00 | 20000.00 | 2000.00 |
| 3 | 2025_PWDRB _415231_1 | उपसंभाग मझगंवा अंतर्गत उपखंड चित्रकूट के शासकीय आवासीय भवनों मे साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत, जमा कार्य, एम.ओ. डब्लू. अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 04 माह | 802056.00 | 16100.00 | 2000.00 |
| 4 | 2025_PWDRB _415233_1 | उपसंभाग मैहर अर्तगत शासकीय आवासीय एफ., जी.एच., आई टाईप एवं अन्य भवनों मे साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत, जमा कार्य, एम.ओ.डब्लू. अनुरक्षण का | प्रथम | 04 माह | 1591505.00 | 31850.00 | 2000.00 |
| 5 | 2025_PWDRB _415236_1 | उपसंभाग मैहर अर्तगत शासकीय गैर आवासीय भवनों मे साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत, जमा कार्य, एम.ओ. डब्लू. अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 04 माह | 1224006.00 | 24500.00 | 2000.00 |
| 6 | 2025_PWDRB _415237_1 | उपसंभाग मैहर अंतर्गत तहसील न्यायालय मैहर मे सर्वर कक्ष मे रिनोवेशन एवं रखरखाव का कार्य। | द्वितीय | 01 माह | 201628.00 | 4100.00 | 2000.00 |
| | | योग | | | 6438778.00 | | |

उपरोक्त वेबसाइट में आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनॅलाइन बिड सबमीशन की अंतिम दिनांक 05.05.2025 सायं 6.00 बजे तक निर्धारित है। ई. एम. डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी., एनएक्सर एच., शपथपत्र, बिड की रसीद एवं अन्य दस्तावेज केवल आनॅलाइन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-11613/25 — स्वाच्छता ही सेवा

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ / स )
(संभाग सतना (म.प्र.)

चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही का बेटे ने लगाया आरोप

# लो बीपी में डायलिसिस करने से हुई माँ की मौत!

हरिभूमि जबलपुर।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पदस्थ एक चिकित्सक के धनवंतरी नगर स्थित क्लीनिक में ही मेरी माँ का उपचार चल रहा था, स्थिति बिगडऩे पर उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया जहां बगैर बीपी लिए माँ का डायलिसिस हो गया और इसके चलते उनकी जान चली गई। घाना, तिलवारा निवासी पेशे से सफाई कर्मी नरेंद्र तिवारी ने यह आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से लेकर प्रधान मंत्री कार्यालय तक शिकायतें प्रेषित की लेकिन 9 मार्च 2023 को अपनी माँ उर्मिला तिवारी की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में 1 वर्ष से न तो जांच हुई न ही कोई कार्रवाई हो पाई। पीड़ित नरेंद्र ने इस मामले में मेडिकल प्रबंधन और चिकित्सकों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की हैं।

नरेंद्र ने बताया कि जनवरी 2023 में माँ का स्वास्थ्य खराब होन पर धनवंतरी नगर स्थित डॉ. संदीप के क्लीनिक में वे उनका उपचार करा रहे थे। मेडिकल में पदस्थ डॉ. संदीप की सलाह पर नरेंद्र ने अपनी माँ का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। डॉ. संदीप के बताए अनुसार तीन माह तक उपचार चला। नरेंद्र का आरोप हैं कि इसी दौरान लगातार 3 दिन तक उनकी माँ का बीपी नहीं नापा जा रहा था। इसी दौरान उन्हें डायलिसिस के लिए बिना बीपी नापे ही



भेज दिया गया। नरेंद्र ने आरोप लगाया कि उनकी माँ को डायलिसिस लगाने के बाद नर्स खाना खाने चली गईं। कुछ समय बाद डॉक्टर ने चेकअप किया तो नर्स को नरेंद्र के सामने फटकार लगाई कि बीपी कम है तो डायलिसिस क्यों लगाया, मरीज का बीपी चैक क्यों नहीं किया गया। नरेंद्र का आरोप हैं कि इसी दौरान लो बीपी होने पर डायलिसिस लगा देने की वजह से 9 मार्च 2024 को उनकी माँ की मौत हो गई। नरेंद्र ने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता हैं कि कथित तौर पर डॉक्टर एवं मेडिकल कालेज के स्टाफ की लापरवाही के कारण उनकी माँ की मौत हो गई। लो बीपी में डायलिसिस के दौरान अपनी माँ की स्थिति बिगड़ते देख उन्होंने डॉक्टरों से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। नरेंद्र का आरोप हैं कि एक डॉ. जावेद नामक डॉक्टर उपस्थित तो थे लेकिन वे करीब दो घंटों तक फोन पर बात करने में मशगूल रहे और उनकी पुकार नहीं सुनी। आलम ये था कि मृत्यु के बाद उनकी माँ को लगी यूरिन की नली एक वार्ड बॉय ने निकाली। नरेंद्र का आरोप हैं कि विरोध कर यह कार्य महिला कर्मचारी से कराने की बात कहने पर वार्ड बॉय ने उन्हें चिल्ला दिया और स्वयं ही नली निकाल दी। पेशे से सफाई कर्मी निर्धन नरेंद्र इस मामले में सीएम हेल्पलाइन से लेकर स्वास्थ्य संबंधी अधिकारियों की चौखट पर करीब 1 वर्ष से न्याय की आस में भटक रहे हैं। सफाई कार्य कर अपना और अपने परिवार की गुजर बसर कर रहे नरेंद्र ने स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों से न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि निर्धनता के बावजूद उन्होंने माँ का उपचार कराने लोगों से ढाई से 3 लाख रुपए का कर्ज लेकर उन्हें बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन कथित तौर पर चिकित्सकों और संवेदनहीन स्टाफ की लापरवाही के चलते माँ का जीवन नहीं बचा पाए। उन्होंने जिम्मेदारों से मांग की हैं कि उनकी माँ के उपचार में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि फिर किसी बेटे को चिकित्सकों और स्टाफ की लापरवाही से अपनी माँ के साए से महरूम न होना पड़े।

भाजपा नेताओं पर आरोप, एफआईआर दर्ज

# भड़के जैन समाज के लोगों ने थाना घेरा

हरिभूमि, जबलपुर।

कथित तौर पर जैन समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले ऑडियो के चलते बवाल मचा हुआ है। कोतवाली पुलिस ने जागृति शुक्ला और शैलेन्द्र सिंह राजपूत के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में जाँच की जा रही है। वहीं विजय नगर में शैलेन्द्र सिंह की शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि वायरल ऑडियो में वे नहीं हैं। उनकी आवाज बदलकर किसी ने यह कार्य किया है। उन्होंने शिकायत सौंपते हुए मामले की जाँच कर दोषी पर कार्रवाही की माँग की है। जैन समाज के प्रतिनिधियों के अनुसार, उत्तर मध्य विधानसभा में विद्यासागर मंडल का जब गठन किया गया तो पूरा जैन समाज खुश था। लेकिन भाजपा के कुछ नेता उस मौके पर आचार्य विद्यासागर के विषय में अशोभनीय बात कर रहे थे। भाजपा नेताओं का वो ऑडियो विधायक प्रतिनिधि की फेसबुक आईडी से वायरल हुआ था, जिसे बाद में डिलीट कर दिया गया। बवाल की जानकारी लगते ही एएसपी आनंद कलादगी, सीएसपी रितेश कुमार शिव सहित दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंचे थे। रात



12 बजे जैन समाज के सैकड़ों लोग पंचायत सभा के बैनर तले सड़कों पर उत्तर गए। कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पुलिस थाने का घेराव कर दिया। वे थाने के अंदर जाकर नारेबाजी करने लगे। जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाश जैन ने बताया, ये ऑडियो विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह और मंडल अध्यक्ष जागृति शुक्ला का है। उनकी तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए। ये दोनों जैन समाज की तुलना अशोभनीय स्तर से मुसलमानों से कर रहे थे, रावण बता रहे हैं। हमारा जैन समाज 80 से 90 प्रतिशत भाजपा पार्टी से जुड़ा है, लेकिन ये नेता कह रहे हैं कि मुस्लिम तो पाकिस्तान चले जाएंगे, ये जैन कहां जाएंगे। इधर, शैलेंद्र सिंह का कहना है कि ऑडियो में उनको वास्तविक आवाज नहीं है, बल्कि इसे फर्जी तरीके से बनाया गया है।

**ऑडियो-सीडीआर की जांच कराएंगे**

ऑडियो की जांच के साथ सीडीआर की जांच भी कराई जाएगी, ताकि टाईमिंग भी मैच की जा सके। जैन समाज की शिकायत पर मामला कायम करते हुये जांच शुरु की गयी है।

संपत उपाध्याय
पुलिस कप्तान

गोसलपुर में दर्दनाक हादसा

# कार अनियंत्रित होकर पलटी, दंपती की मौत

हरिभूमि, जबलपुर।

गोसलपुर थाना अंतर्गत राम नगर क्षेत्र में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार सवार दंपती की मौत हो गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच, शवों को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है । दुर्घटना की खबर मिलते ही सराफा बाजार में शोक व्याप्त हो गया।

एएसपी सुर्यकांत शर्मा ने बताया कि कटनी के सराफा व्यवसायी मनोज कस्तवार और उनकी पत्नी किसी कार्य से जबलपुर आए थे। दोपहर 12 बजे के करीब दंपती की नई स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 21 सीबी 1645 से जब वे वापस कटनी लौट रहे थे। तभी कार अनियंत्रित होकर कई बार पलटी खाते हुए सड़क किनारे गढ्डे



में जा समाई।कार सवार दंपती की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच, शवों को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है । दुर्घटना की खबर मिलते ही सराफा बाजार में शोक व्याप्त हो गया। बताया जाता है कि मनोज कस्तवार गहोई समाज के कई संगठनों से जुड़े हुए थे। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## तालाब में उतराता मिला शिशु का भ्रूण

**जबलपुर।** पनागर थानान्तर्गत ग्राम छतरपुर में एक तालाब में नवजात शिशु का भ्रूण उतराता मिला। ग्राम कोटवार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को बाहर निकलवाते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पनागर पुलिस ने बताया कि ग्राम छतरपुर के कोटवार नर्मदा प्रसाद दाहिया ने ग्रामीणों को बताया कि गांव के तालाब में चार माह के नवजात का भ्रूण उतरा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

रांझी क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने की कार्यवाही

# होटल और रेस्टोरेंट से लिये खाद्य सामग्री के सैम्पल

हरिभूमि जबलपुर।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की द्वारा गत दिवस रांझी क्षेत्र में खाद्य पदार्थ विक्रेताओं कके प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान एक होटल व एक रेस्टोरेंट से खाद्य सामग्री के नमूने संग्रहित किये गये जिन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सारिका दीक्षित ने बताया कि ओल्ड टाउन होटल से आटा नूडल्स चावल और कोल्ड ड्रिंक, महेश रंजीत रेस्टोरेंट से दाल बड़े बेसन और मैदे का नमूना संग्रहित किया गया। जंक फूड ,फास्ट फूड और स्ट्रीट फूड पर विशेष निगरानी अभियान एवं ग्रीष्म ऋतु को देखते हुएखाद्य निर्माण एवं विक्रय में स्वच्छता संबंधी विशेष सावधानियां रखने के निर्देश जारी किए गए । मौके पर ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सारिका दीक्षित द्वारा क्षेत्र के सभी स्ट्रीट फूड वेंडर्स ,जंक फूड संचालक को खाद्य सुरक्षा संबंधी की अनुसूची 4के तहत प्रशिक्षण मौके पर प्रदान किया गया एवं फूड सेफ्टी डिस्पले बोर्ड



प्रदर्शित करने खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय के दौरान अप्रैन, ग्लव्स, हेड कवर पहने खाद्य सामग्रियों को ढक कर रखना खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अनुसार रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस प्राप्त करने ,प्रयुक्त किए जाने वाले कच्चे खाद्य पदार्थों के मैन्युफैक्चरिंग डेट एवं एक्सपायरी डेट सुनिश्चित तिथि के भीतर प्रयोग करने, लाइसेंस धारी थोक विक्रेताओं से बिल सहित कच्चा माल क्रय करने, किचन एवं स्टोर में खाद्य पदार्थों के संग्रहण, के संबंध में आवश्यक सावधानियां रखना हेतु निर्देशित किया गया खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि यह खाद्य सुरक्षा प्रशासन जबलपुर द्वारा निरंतर जंक फूड,स्ट्रीट एवं फास्ट फूड पर यह कार्यवाही की जा रही है। संस्थानों में गंदगी पाए जाने पर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। खाद्य नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला जांच हेतु भोपाल भेजा जा रहा है जांच में खाद्य सामग्री के नमूने अमानक पाए जाने पर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नियमानुसार प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

## फुटपाथ पर शव मिलने से हड़कंप

**जबलपुर।** कोतवाली थानान्तर्गत कल फुटपाथ पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की मौत संभवतः बीमारी से हुई है। मृतक मजदूरी करता था जो फुटपाथ पर ही आकर सो जाता था। सूचना पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए जांच में लेते हुए मृतक की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है। कोतवाली पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि खजरी खिरिया बायपास निवासी ब्रजेन्द्र विश्वकर्मा ने सूचना दी कि पुरानी कोठारी अस्पताल के पास फुटपाथ पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस को ब्रजेन्द्र ने बताया कि कल सुबह 8 बजे वह समीप ही एक दुकान पर आया था तो उसने देखा कि फुटपाथ पर अज्ञात व्यक्ति लेटा है उस दौरान वह जीवित था। दोपहर लगभग 12.45 बजे ब्रजेन्द्र विश्वकर्मा ने फुटपाथ पर सोये व्यक्ति की मौत होने की आशंका पर पास जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। संभवतः अज्ञात व्यक्ति की किसी बीमारी से मौत हुई है।

# पश्चिम बंगाल के दो जालसाज युवक गिरफ्तार



**जबलपुर।** पुलिस ने नये मोहल्ला क्षेत्र में स्थित एक लॉज में छापामार कार्रवाई करते हुए युवक को घुटनों के दर्द मिटाने वाले तेल के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले पश्चिम बंगाल के दो युवकों को पकड़ा है। उक्त युवकों पर रांझी निवासी एक व्यक्ति के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार करते हुए पूछताछ शुरू कर दी है। एएसपी सुर्यकांत शर्मा ने बताया कि रांझी पुलिस थाना में गोकलपुर निवासी असलम खान नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके साथ 45 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई है। धोखाधड़ी करने वाले युवक जबलपुर में रूके हुए है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए पतासाजी की तो संबंधित युवकों के नये मोहल्ला स्थित कैपिटल लॉज में होने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने शिकायत कर्ता असलम खान की निशानदेही पर दो युवक हाशिम मिया, ईलियांज शेख को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

भारतीय किसान संघ के प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# किसानों को विश्वास में लिए बिना न हो भूमि अधिग्रहण

हरिभूमि जबलपुर।

भारतीय किसान संघ के प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने किसानों की समस्याओं व मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा विधानसभा में पारित भू अधिग्रहण संशोधन ड्राफ्ट के विषय पर किसानों की शंकाओं व उनके पक्ष को मजबूती के साथ रखा। किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार को कृषि व किसान के लिए नीतिगत निर्णय करते समय किसान को विश्वास में लेना चाहिए। किसान व किसानों के संगठनों से भी सलाह लेकर उससे प्रभावित होने वाले पहलुओं पर चर्चा करना चाहिए। बैठक में हुई चर्चा की जानकारी देते हुए अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने बताया कि भारतीय किसान संघ के तीनों प्रांतों, प्रदेश व अखिल भारतीय पदाधिकारियों के सामने सरकार के अधिकारियों ने मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक 2025 का प्रजेंटेशन रखा। जिसके बाद किसान संघ ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में सुझाव रखे।



### 272 किसानों के धान का मामला अटका

भारतीय किसान संघ के प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जबलपुर में हुई धान घोटाले के कारण 272 किसानों के अटके भुगतान का विषय मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। जिस पर मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ श्री पटेल ने रिंग रोड, बिजली, गेहूं खरीदी की धीमी गति, नहरों की मरम्मत, मूंग उड़द खरीदी व राजस्व के विषयों को भी रखा।

### डिफाल्टर किसानों का ब्याज भरेगी सरकार

सहकारी बैंकों के ऋण 31 मार्च तक जमा न कर पाने के कारण डिफाल्टर हुए किसानों के विषय को मुख्यमंत्री को किसान संघ ने अवगत कराया गया। तो मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि ऐसे किसानों का ब्याज सरकार भरेगी। किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष राम भरोस वासोतिया, क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना, चंद्रकांत गौर प्रदेश महामंत्री, रमेश दांगी प्रांत महामंत्री, लक्ष्मी नारायण पटेल प्रांत अध्यक्ष, मनीष शर्मा प्रांत संगठन मंत्री, गिरिजा देवी ठाकुर, सर्वज्ञ दीवान प्रांत अध्यक्ष, जगराम यादव, राजेन्द्र पालीवाल, प्रहलाद पटैल, शिवनंदन रघुवंशी, योगेन्द्र भामु, आर सी पटेल आदि शामिल थे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय कुमार शुक्ला, कृषि सचिव एम सेलवेंद्रन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ये रखे सुझाव

- किसान की सलाह व सहमति के बिना विकास परियोजना के लिये भू अधिग्रहण न किया जाये।
- अधिग्रहित भूमि पर विकसित होने वाली परियोजना की समय सीमा तय की जाये।
- तय सीमा में परियोजना पूर्ण न होने पर भूमि किसान को वापिस की जाये या वर्तमान बाजार मूल्य से मुआबजा दिया जाये।
- नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र में भूमि मालिक को विकसित भूमि का 60 प्रतिशत हिस्सा दिया जाये। यदि 5 एकड़ से कम जोत वाले छोटे किसान की लेंड पुलिंग एक्ट में पूरी जमीन अधिग्रहीत किये जाने पर परियोजना पूर्ण होने तक किसान को जमीन का किराया दिया जाये। जनजातीय क्षेत्रों में विकास परियोजनाओ के लिये भू अधिग्रहण करते समय वहां की सांस्कृतिक, सामाजिक परंपराओं और धरोहरें प्रभावित न हो। इसका ध्यान रखा जाये। शासन के मानक अनुसार लेंड पुलिंग एक्ट योजना में पूर्ण विकसित भूमि व्यवसायिक व आवासीय में 60 प्रतिशत जमीन भूमि स्वामी व 40 प्रतिशत अन्य डेवलपर को दी जाये। विकास परियोजना के लिये भू अधिग्रहण के दौरान किसान को बाजार मूल्य का 4 गुना मुआवजा दिया जाये। भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसान के परिवार के एक सदस्य को शैक्षणिक योग्यतानुसार परियोजना में नौकरी दी जाये। किसी व्यवसायिक परियोजना में भू अधिग्रहण किये जाने पर परियोजना से प्राप्त कुल लाभांश का 20 प्रतिशत भू स्वामियों में बांटा जाये। किसानों की जमीन अधिग्रहित कर उद्योगों को न दिया जाये। जनहित में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित भूमि स्वामियों की सलाह लेकर ही परियोजना विकसित की जाए। केवल राजपत्रित अधिकारी की राय को ही जनहित न माना जाएं। सिंचित बहु फ़सली वाली किसान की भूमि को अधिग्रहण न किया जाए। भूमि अधिग्रहण जिस उद्देश्य के लिए किया जा रहा उसकी डीपी आर सार्वजनिक रखी जाए। भू अधिग्रहण के समय जिस उद्देश्य के लिए भूमि अधिग्रहित की गई है। अधिग्रहण होने के बाद वह उद्देश्य परिवर्तन नहीं होना चाहिए और न ही किसी को लीज पर दी जाए। जिस परियोजना के नाम पर किसान की भूमि ली जा रही है, उस परियोजना के प्रारंभ के पूर्व किसान, सरकार व डेवलपर की समिति बनाई जाए। उस समिति के निर्णय उपरांत ही कोई कार्य उस भूमि पर हो।

*कप्तान ने देर रात किए एक दर्जन थाना प्रभारी इधर से उधर*

## रीतेश सिविल लाइन, प्रवीण संभालेंगे शहपुरा की कमान

**जबलपुर।** पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय द्वारा थाना प्रभारियों को इधर से उधर कर दिया। रितेश पांडे को सिविल लाइन थाना प्रभारी बनाया गया है, संगीता सिंह को गौरीघाट से मदन महल थाना प्रभारी, हरिकिशन आटनेरे को लॉर्डगंज से गढ़ा ट्रैफिक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रवीण कुम्हरे को बेलबाग से अधारताल थाना प्रभारी, नवल आर्य को पाटन से लॉर्डगंज थाना प्रभारी, गोपेंद्र सिंह राजपूत को क्राईम ब्रांच से पाटन थाना प्रभारी, सुभाष बघेल को पुलिस लाईन से गौरी घाट थाना प्रभारी, राजकुमार खटीक को अधारताल से बेलबाग, हृदय लाल सिंह ट्राफिक थाना से पुलिस लाईन, प्रवीण सिंह धुर्वे मदन महल से शाहपुरा, नेहरू खंडते को सिविल लाइन से पुलिस लाइन, जितेंद्र सिंह पाटकर शहपुरा से पनागर थाना प्रभारी होंगे।

## लाइन मैन करंट की चपेट में आया, मौत

**जबलपुर।** तिलवारा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर गणेश मंदिर में बिजली सप्लाई सुधारते वक्त लाइन मैन करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक तिलवारा थाना क्षेत्र के रहने वाले पुष्पेंद्र चढ़ार बिजली विभाग के प्राइवेट ठेका कंपनी में बिजली सुधारने का कार्य करता था शास्त्री नगर में बिजली सुधार के कार्य चल रहा था जहां पुष्पेंद्र खंबे में चढ़कर लाइट सुधारने का कार्य कर रहा था इसी दौरान खंबे की लाइट बंद न होने की वजह से उसे करंट लग गया और वह खंबे से नीचे गिर पड़ा जहां उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी जहां उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे चेक करने पर मृत घोषित कर दिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240